फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 15 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 355, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल 16

माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी रिलीज 15

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में दो रुपये की कटौती



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने गुरुवार शाम को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी। नई दरें शुक्रवार सुबह छह बजे से लागू हो जाएंगी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती का फैसला किया है। कटौती के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपये प्रति लीटर होगी, जो अभी 96.72 रुपये प्रति लीटर है। वहीं डीजल 87.62 रुपये में मिलेगा, जो अभी 89.62 रुपये प्रति लीटर है।

## मुंबई ने 42वीं बार जीता रणजी ट्रॉफी मुकाबला



मुंबई। रणजी ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से हराकर रिकॉर्ड 42वीं बार खिताब जीता है। विदर्भ ने कल के 5 विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान अक्षय वाड़कर 102 रन के रूप में आज विदर्भ का छठा विकेट गिरा। लेकिन पूरी टीम 368 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में मुंबई ने 418 रन बनाकर विदर्भ को जीत के लिए 538 रनों का लक्ष्य दिया था। (देखें खेल पेज) ● एजेंसी

## ज्ञानेश और सुखबीर संधू निर्वाचन आयुक्त नियुक्त

नई दिल्ली, ब्यूरो

● प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में नामों पर मुहर

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटवाने में अहम भूमिका निभाने वाले गृह मंत्रालय के पूर्व संयुक्त सचिव ज्ञानेश गुप्ता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव डा. सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। दोनों के शुक्रवार को पदभार संभालने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। जबकि दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप पांडेय अवकाश ग्रहण कर चुके थे। तीन



सुखबीर संधू



ज्ञानेश गुप्ता

सदस्यीय निर्वाचन आयोग में इस समय एकमात्र सदस्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार रह गए हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले दोनों निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक बुलाई गई थी जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी बतौर सदस्य शामिल हुए थे।

रंजन ने चयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए एक असहमति नोट दिया है। इससे पहले कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में एक समिति ने आयुक्त पद के लिए कुछ नामों का पैनल चयन समिति को दिया था। इस समिति में गृह सचिव एवं कार्मिक विभाग के सचिव सदस्य हैं। हालांकि पूर्व निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त की दौड़ में थे क्योंकि अगले वर्ष राजीव कुमार अवकाश ग्रहण करने वाले थे और गोयल का कार्यकाल अभी तीन वर्ष शेष था। लेकिन अचानक उनके त्यागपत्र देने से चयन समिति को निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश करनी पड़ी। ज्ञानेश गुप्ता केरल कैडर के 1988 के अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव रहते हुए जम्मू-कश्मीर मसले पर विशेष भूमिका निभाई थी और धारा 370 समाप्त करने का पूरा मसविदा तैयार किया था। गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी निभाने के बाद में वे सहकारिता मंत्रालय में सचिव बनाए गए, जिसके मंत्री अमित शाह हैं। इसी तरह पंजाब कैडर के 1998 बैच के आईएएस अधिकारी डा. सुखबीर सिंह संधू को उत्तराखंड का मुख्य सचिव तब बनाया गया था जब मुख्यमंत्री के पद पर पुष्कर सिंह धामी ने शपथ ली थी।

## एक नजर

### 18 ओटीटी प्लेटफार्म पर लगाया गया प्रतिबंध

नई दिल्ली। सरकार ने अश्लील विषय वस्तु और सामग्री का प्रसारण करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि इन प्लेटफार्म के साथ साथ 19 वेबसाइटों, 10 एप जिनमें से 7 गुगल प्ले स्टोर पर और 3 एप्पल एप स्टोर पर हैं और इनसे जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल अस्पताल में भर्ती



पुणे। पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बुखार और सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद महाराष्ट्र में पुणे शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि पूर्व राष्ट्रपति पाटिल (89) को बुधवार को भारती अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्यता की शपथ ली



नई दिल्ली। हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत की गईं सामाजिक कार्यकर्ता ,इंजीनियर और जानीमानी लेखिका सुधा मूर्ति ने गुरुवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मूर्ति को शपथ दिलाई।

### लखनऊ से मुरादाबाद की उड़ान अगले हफ्ते

लखनऊ। उड़ान योजना के तहत शुरू हुई फ्लाई बिग एयरलाइंस के विमानों ने गुरुवार को आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए उड़ान भरी। राजधानी से मुरादाबाद के लिए विमान सेवा अगले सप्ताह से शुरू हो सकती है। बता दें कि फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से चित्रकूट, श्रावस्ती, आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए उड़ान सेवा सोमवार से शुरू कर दी। अगले सप्ताह ही पांच जिलों के लिए शेड्यूल भी जारी हो सकता है।

### 19 मार्च से हिंदू शरणार्थियों का होगा पंजीकरण

नई दिल्ली। पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी धर्मवीर सोलंकी ने गुरुवार को बताया कि मजनू का टीला इलाके में रहने वाले शरणार्थियों को नागरिकता की पंजीकरण प्रक्रिया के लिए 19 मार्च या उसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट जाने के लिए कहा गया है। वहां उन्हें प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

# देश में एक साथ चुनाव की सिफारिश

## एक देश एक चुनाव : कोविंद समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट

## समिति ने कहा-एक साथ चुनाव से विकास और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने पहले कदम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की तथा इसके बाद 100 दिनों के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की गुरुवार को सिफारिश की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18 हजार से ज्यादा पृष्ठों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया जो कि भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। इस समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा कि त्रिशंकु स्थिति या अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी स्थिति में नई लोकसभा के गठन के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। समिति ने कहा कि लोकसभा के लिए जब नए चुनाव होते हैं, तो उस सदन का कार्यकाल ठीक पहले की लोकसभा के कार्यकाल के शेष समय के लिए ही होगा। उसने कहा कि जब राज्य विधानसभाओं के लिए नए चुनाव होते हैं, तो ऐसी नई विधानसभाओं का कार्यकाल -अगर जल्दी भंग नहीं हो जाएं- लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल तक रहेगा। समिति ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए, संविधान के अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि) और अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि) में संशोधन की आवश्यकता होगी। इस संशोधन की राज्यों द्वारा पुष्टि किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी। समिति ने यह भी सिफारिश की कि भारत निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करे। समिति ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मतदाता सूची से संबंधित अनुच्छेद 325 को संशोधित किया जा सकता है। फिलहाल, भारत निर्वाचन आयोग पर लोकसभा और विधानसभा चुनावों की जिम्मेदारी है, जबकि नगर निकायों और पंचायत चुनावों की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोगों पर है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सरकार को एक साथ चुनाव प्रणाली लागू करने के लिए कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र विकसित करना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू को रिपोर्ट सौंपते वक्त कोविंद के साथ समिति के सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, वित्त आयोग के पूर्व प्रमुख एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी थे।



एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष राम नाथ कोविंद ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति के दो सदस्य, गृह मंत्री अमित शाह और डीपीएपी नेता गुलाम नबी आजाद भी मौजूद रहे। ● एजेंसी

### 32 दलों ने किया समर्थन, 15 ने जताया विरोध

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे पर 62 पार्टियों से संपर्क किया था और इस पर जवाब देने वाले 47 राजनीतिक दलों में से 32 ने इस विचार का समर्थन किया, जबकि 15 दलों ने इसका विरोध किया। कुल 15 पार्टियों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रस्ताव का विरोध जबकि भाजपा व एनपीपी ने समर्थन किया।

### प्रस्ताव के मुख्य बिंदु

- त्रिशंकु स्थिति में नए सिरे से कराए जा सकेंगे चुनाव
- संविधान के अनु. 83 व 172 में करना होगा संशोधन
- मतदाता सूची से संबंधित अनु. 325 में भी बदलाव
- सरकार विकसित करे कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र

### 191 दिनों के शोध के बाद तैयार की रिपोर्ट

इस उच्चस्तरीय समिति का गठन दो सितंबर, 2023 को किया गया था और हितधारकों व विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक साथ चुनाव के विचार का समर्थन करते रहे हैं और उन्होंने कहा है कि देश को महान बनाने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा जरूरी है।

## निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड पर आंकड़े सार्वजनिक किए

नई दिल्ली, एजेंसी

- खरीददारों में भारती एयरटेल, वेदांता, लक्ष्मी मित्तल जैसी कंपनियां
- भाजपा, कांग्रेस, सपा, आप, राकांपा जैसे सियासी दल भी शामिल

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को उसकी वेबसाइट पर आंकड़े अपलोड करने के लिए 15 मार्च शाम पांच बजे तक का समय दिया था।

निर्वाचन आयोग ने 'एसबीआई द्वारा प्रस्तुत चुनावी बॉण्ड के प्रकटीकरण' पर विवरण दो भागों में रखा है। चुनाव निकाय द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, चुनावी बॉण्ड के खरीदारों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, वेदांता लिमिटेड, अपोलो टायर्स, लक्ष्मी मित्तल, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक चुनावी बॉण्ड भुनाने वाली पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, द्रमुक, जेडीएस, राकांपा, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, राजद, आप और समाजवादी पार्टी शामिल हैं।



### सुप्रीम कोर्ट ने रद की थी बॉण्ड योजना

उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले में अनाम राजनीतिक फंडिंग की इजाजत देने वाली केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था। पीठ ने इसे संवैधानिक कहा था और निर्वाचन आयोग को दानदाताओं, उनके द्वारा दान की गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का खुलासा करने का आदेश दिया था।

## एसटीएफ ने साठा के दो गुर्गों को उठाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अगवानपुर के महफूज और डिलारी के अकरम को दबोचा
- लिक्विड फार्म में सोने की तस्करी करने की बना रहे थे योजना

**अमृत विचार :** बरेली एसटीएफ ने गुरुवार को छापेमारी कर सारिक हुसैन उर्फ साठा के दो गुर्गों को उठाया है। इनके पास से बड़ी संख्या में पासपोर्ट संबंधी फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए हैं। सारिक हुसैन उर्फ साठा अंतर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का सरगना है।

यह संभल जिले के थाना नखासा का हिस्ट्रीशीटर है। गिरफ्तार अभियुक्तों में महफूज खां पुत्र महमूद खां और मो.अकरम पुत्र सादिक हैं। महफूज अगवानपुर, जबकि मो. अकरम डिलारी में मुहल्ला शेखियान वार्ड नं-14 नूरी जामा मस्जिद के पीछे गांव ढकिया जट का है। सीओ एसटीएफ अब्दुल कादिर के मुताबिक साक्ष्य संकलन के दौरान पता चला कि दो व्यक्ति (महफूज व अकरम) कूटरचित दस्तावेज पर तैयार पासपोर्ट एवं दुर्दांत अपराधी के पासपोर्ट की छाया प्रति लिए ठाकुरद्वारा रोड पर डिलरा चौराहे पर हैं तो दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। अकरम थाना डिलारी का हिस्ट्रीशीटर है। उसने अपने आधार को अगवानपुर के पते से कूटरचित कर फर्जी पासपोर्ट बनवाया है। अकरम से महफूज ने साठा से मिलाने की बात कही थी, यह भी कि फिर उससे दुबई से दिल्ली तक लिक्विड फार्म में सोने की तस्करी कराएगा। वह महफूज द्वारा दिए गए साठा के दुबई के मोबाइल नंबरों पर व्हाट्स-एप कॉल से पता पूछकर शारजाह भी गया था और वहां साठा से मिला भी।

### दोनों आरोपियों के नाम दर्ज हैं कई मामले

एसटीएफ के मुताबिक, महफूज खां के विरुद्ध नई दिल्ली के थाना लोधी व जनकपुर में धोखाधड़ी, जालसाजी व अन्य आरोपों में पिछले साल एक-एक मामला दर्ज हुआ था। इन्हीं आरोपों में पिछले साल ही छजलैट व सिविल लाइंस थाने में एक-एक एफआईआर दर्ज हुई थी। मो. अकरम के विरुद्ध 2022 में डिलारी थाने में और पासपोर्ट अधिनियम में 2023 में सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी।

## प्रधानमंत्री को धमकी तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरी टिप्पणी करने के आरोप में तमिलनाडु के मंत्री टीएम अनबरसन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के वकील सत्य रंजन स्वैन की शिकायत पर बुधवार को यहां संसद मार्ग थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के मुताबिक, तमिलनाडु सरकार में ग्रामीण उद्योग, कुटीर उद्योग और लघु उद्योग मंत्री अनबरसन ने प्रधानमंत्री मोदी को टुकड़े-टुकड़े करने की खुलेआम धमकी दी है।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● विधायक पत्नी की हालत बिगड़ी बेटे को साथ ले गई ईडी टीम

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित 17 ठिकानों पर गुरुवार को सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की।



अमेठी में ताला तुड़वाकर दिनभर चली जांच के दौरान पूर्व मंत्री की सपा विधायक पत्नी महाराजी की हालत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम को ईडी टीम उनके बेटे अनुराग प्रजापति को साथ ले गई। ईडी ने लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित ठिकानों से काली कमाई खपाने के कई दस्तावेज भी जब्त किए हैं। मामला सपा सरकार में हमीरपुर में रेत खनन घोटाले से जुड़ा है, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। ईडी की टीम गुरुवार सुबह लखनऊ, अमेठी और मुंबई में पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति से जुड़े करीब 17 ठिकानों पर पहुंची। लखनऊ के एक माल समेत सुल्तानपुर रोड पर गोसाईगंज तक अकूत भूमि खरीदकर काली कमाई खपाने की जांच की गई। अमेठी में पूर्व मंत्री और उनकी खास गुड्डा देवी के घर भी छापेमारी हुई।

## ममता बनर्जी चोटिल अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर गुरुवार शाम चोट लग गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने यह जानकारी दी। तृणमूल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी को बड़ी चोट लगी है। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। पार्टी ने बनर्जी के माथे से खून बहने की तस्वीरों को पोस्ट किया है। सूत्रों के मुताबिक, बनर्जी को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## फरवरी में थोक महंगाई घटकर 0.20 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● फरवरी 2023 में 3.85 प्रतिशत थी थोक महंगाई की दर

खाद्य पदार्थों की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद थोक मुद्रास्फीति की दर फरवरी में मामूली गिरावट के साथ 0.20 प्रतिशत रह गई जो एक महीने पहले 0.27 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक नकारात्मक दायरे में थी लेकिन नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत पर सकारात्मक हो गई थी। एक साल पहले फरवरी 2023 में महंगाई दर 3.85 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि अखिल भारतीय डब्ल्यूपीआई संख्या पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर फरवरी 2024 के महीने में 0.20 प्रतिशत (अस्थायी) रही है।

आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी के 6.85 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर 6.95 प्रतिशत हो गई। सब्जियों की महंगाई दर जनवरी के 19.71 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी में 19.78 प्रतिशत हो गई।

## भारत में सुधरी लैंगिक असमानता, रैंकिंग में ऊपर

नई दिल्ली, एजेंसी



### जीआईआई की रिपोर्ट

- 193 देशों की सूची में 134वें पायदान पर पहुंचा भारत, 14 पायदान की लगाई छलांग

संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई), 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में 108वें स्थान पर है। जीआईआई-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में भारत 122वें पायदान पर था। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि जीआईआई-2021 की तुलना में भारत ने जीआईआई-2022 में 14 पायदान का सुधार किया है। हालांकि, देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी है, जो कि महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत है।

हाल में जारी मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) 2023-24 में कहा गया है कि एचडीआई में सुधार के बाद 2022 में भारत 193 देशों में 134वें स्थान पर रहा है। 2022 में भारत का एचडीआई स्तर सुधरकर 0.644 रहा जबकि 2021 में यह 0.633 था। यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉकः रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' में प्रकाशित किया गया है।

वर्ष 2022 में, भारत ने सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा, जिनमें जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार दर्ज किया गया। इसी के तहत, जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई जबकि प्रति व्यक्ति जीएनआई 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का जबकि स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें कहा गया कि प्रजनन स्वास्थ्य में भारत का प्रदर्शन मध्यम मानव विकास समूह या दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में बेहतर है।

## न्यायालय पहुंचीं पूर्व सांसद जयाप्रदा, वारंट रिकॉल कराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

### अभद्र टिप्पणी मामला

● अब 21 मार्च को पेश होंगी पूर्व सांसद, दर्ज कराएंगी बयान

**अमृत विचार :** रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा गुरुवार को लघुवाद न्यायालय में हाजिर हुईं। उन्होंने एनबीडब्ल्यू के संबंध में वारंट रिकॉल कराए। चूंकि गुरुवार को कोर्ट में न्यायिक कार्य नहीं हो सका। इसलिए लघुवाद न्यायाधीश एमपी सिंह की कोर्ट ने जयाप्रदा को उनके बयान दर्ज करने के लिए अगली तारीख 21 मार्च तय की है।

विशेष लोक अभियोजक मोहनलाल विश्नोई ने बताया कि वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के बाद कटघर क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के सपा सांसद डॉ. एसटी हसन शामिल हुए थे। इस दौरान जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मोहम्मद आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। न्यायालय में हाजिर होने के लिए उन्हें कई बार समन जारी किए गए थे। हाजिर न होने पर उनके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी हुआ था।

**रमजान मुबारक**

**15 मार्च, इफ्तार**
सुन्नी- 6 बजकर 27 मिनट
शिया- 6 बजकर 35 मिनट

**16 मार्च सहरी**
सुन्नी- 4 बजकर 52 मिनट
शिया- 4 बजकर 53 मिनट

**नोट-** क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

**'अमृत विचार' आपके साथ**

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

**शहर में आज**

- कृष्णा विहार में स्थित मनोकामना मंदिर में संतोषी माता की पूजा अर्चना सुबह 6:15 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 1:30 बजे।

**एक नजर**

### साइकिल से ट्रैक्टर टकराने पर हुई मारपीट

**बिलासपुर, अमृत विचार:** साइकिल से ट्रैक्टर टकराने के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। मौके पर पहुंची केमरी पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों में हल्दुआ गांव निवासी शिशुपाल व मेघानगला गांव निवासी खलील अहमद शामिल हैं। उधर, मोहल्ला सिंघाड़ियान निवासी शकील अहमद को भी मौके से हिरासत में लेकर शांति भंग के तहत कार्रवाई की गई है। वह अपने ही मोहल्ले में किसी के साथ आमादा फौजदारी था। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार तीनों आरोपियों को एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में पिता-पुत्र हुए घायल

**मिलक, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। बाइकों की टक्कर में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुत्र की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा गुरुवार को हाईवे स्थित ग्राम नगला उदई जाने वाले संपर्क मार्ग पर हुआ। ग्राम नगला उदई निवासी भजनलाल अपने पुत्र विनोद के साथ बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों पिता पुत्र घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़ ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से नगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विनोद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल विनोद को अपने साथ बेहतर इलाज के लिए नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।


अधिकारी को ज्ञापन देतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

## चुनाव में गर्भवतियों की ड्यूटी न लगाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के आह्वान पर जिलाध्यक्ष एकता गुप्ता के साथा शिक्षिकाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं। यहां उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि चुनाव ड्यूटी में छह माह से अधिक गर्भवती व क्रिटिकल प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की ड्यूटी न लगाई जाए। जिन महिलाओं के बच्चों की आयु दो वर्ष से कम है, मां के दूध पर निर्भर हैं उन्हें भी चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। पति-पत्नी दोनों सेवा में हैं, घर पर बच्चों की देखभाल करने वाला कोई नहीं है, उनमें से एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। चुनाव ड्यूटी से ऐसी महिला शिक्षिकाओं को मुक्त रखने के निर्देश करें। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष श्वेता दूहन, महामंत्री राना तलत आदि उपस्थित रहीं।

**तरबूज, किन्नू, संतरा, आम, अन्नास और अंगूर की बिक्री में उछाल, लस्सी, शिकंजी व जूस का इस्तेमाल कम**

## रमजान में बढ़ी रसीले फलों की मांग, आम पहुंचा रहा आराम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रमजान में रसीले फलों की मांग बढ़ गई है। हालांकि रोजेदार इफ्तार में अभी लस्सी, शिकंजी और जूस का इस्तेमाल कम कर रहे हैं। लेकिन तरबूज, किन्नू, संतरा, आम, अन्नास और अंगूर की बिक्री में उछाल आया है। साथ ही पपीता और केले की बिक्री भी बढ़ी है।

रमजान का चांद दिखाई देने के बाद रसीले फलों की कीमतों में उछाल आ गया है। इफ्तार के लिए इन फलों की मांग काफी बढ़ जाती है। बाजार में 50 से 60 रुपये किलो बिकने वाला अंगूर 80 और 100 रुपये किलो तक पहुंच गया है। अन्नास 100 से 120 रुपये में प्रति किलो बिक रहा है। बाजार मिस्टन गंज में ठेला लगाने वाले सियाराम बताते हैं कि महाराष्ट्र का आम बाजार में सज गया है लेकिन, उसका जायका यूपी के आम जैसा नहीं है। वह खट्टा है और उसे शौकीन ही खा सकते हैं। हालांकि उसका शेक बनाकर इफ्तार में इस्तेमाल किया जाता है। फल एवं सब्जी एसोसिएशन के महामंत्री मोहम्मद आमिर आढ़ती बताते हैं कि फुटकर दुकानदार और ठेले वाले कीमतें बढ़ाए हुए हैं जबकि, मंडी में फलों की इतनी कीमतें नहीं हैं। उन्होंने कहा कि माहे रमजान में फुटकर दुकानदार आटे में नमक की बराबर मुनाफा कमाएं अल्लाह उसी में बरकत देगा।


शहर के बाजार राजद्वारा में तरबूज विक्रेता से पूछता ग्राहक। ● अमृत विचार

शहर के बाजार मिस्टन गंज, बाजार नसरुल्लाह खां, बाजार सफदर गंज, राहे रजा पर सड़क किनारे तरबूज बेच रहे वसीम ने बताया कि 30 रुपये किलो तरबूज बेचा जा रहा है। बताया कि मंडी में तरबूज 75 से 80 रुपये में पांच किलोग्राम बिका है। रमजान में स्थानीय बाजारों में तरबूज की मांग बढ़ने के कारण आवक भी बढ़ गई है। पट्टीदार नस्ल, हरे रंग वाला तरबूज भी उपलब्ध है। फिलहाल तरबूज के दाम गरीब व अमीर सबकी पहुंच में हैं। उन्होंने बताया कि रोजेदार इफ्तार में तरबूज बहुत पसंद करते हैं। उधर, मुख्य चिकित्साधीक्षक ने बताया कि तरबूज गर्मी का उत्तम फल है, लेकिन बाजारों में रेहड़ी पर काटकर रखे तरबूज से बचना चाहिए। तरबूज खाने के बाद प्यास कम हो जाती है। तरबूज खाने के तुरंत बाद पानी नहीं पीना चाहिए।

> तरबूज में कुदरत ने कई मिनरल्स दिए हैं। इसे खाने के बाद डिहाइड्रेशन का खतरा नहीं रहता है। तरबूज को खाने का सबसे अच्छा समय दोपहर है। शाम को इफ्तार में भी तरबूज को खाया जा सकता है। यह शरीर में पानी की कमी को तुरंत पूरा कर देता है।
> -डॉ. एचके मित्रा, सीएमएस जिला अस्पताल

लाल व मीठा तरबूज रक्त के लिए फायदेमंद रहता है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विशेष कुमार बताते हैं कि गर्मी में तरबूज खाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इसमें बहुत सारे मिनरल्स हैं और यह सेहत के लिए काफी गुणकारी हैं। गर्मी में पानी की कमी को दूर करता है। व्यक्ति को स्वस्थ रहने में मदद करता है। रमजान में तरबूज का जूस पीना व तरबूज खाना बहुत लाभदायक होता है। क्योंकि रोजेदार को शाम को रोजा इफ्तार करते समय पानी की ज्यादा जरूरत होती है, तो तरबूज में पर्याप्त मात्रा में पानी मौजूद होता है।

## सिलईबड़ा प्रकरण : लोगों ने हाईवे पर लगाया जाम

**मिलक एसडीएम की गिरफ्तारी की उठाई मांग, सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा, आश्वासन पर माने**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

**अमृत विचार :** गांव सिलईबड़ा प्रकरण में एसडीएम की गिरफ्तारी न होने पर दलित संगठन के लोग भड़क गए। उन्होंने हाईवे पर जाम लगाकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले जाम लगने पर मार्ग परिवर्तित किया गया।

सिलईबड़ा में फायरिंग के दौरान मृतक सुमेश को न्याय दिलाने के लिए एक सप्ताह से दलित संगठन के लोग आंबेडकर पार्क में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। गुरुवार दोपहर भी विभिन्न दलित संगठन के लोग पार्क में एकत्रित हुए। उन्होंने सुमेश को न्याय दिलाने की शपथ ली। कहा कि जब तक हत्यारोपी जेल की सलाखों के पीछे नहीं पहुंच जाते, उन्हें फांसी नहीं हो जाती, तब तक दलित समाज के लोग शांत नहीं होंगे। उन्होंने मिलक के तत्कालीन एसडीएम अमन देओल को मुख्य आरोपी बताया। कहा कि प्रशासन मुख्य आरोपी को बचाने में लगा है। इस कारण तहसीलदार के हमराह होमगार्ड को जेल भेजा गया है। दलित संगठनों के पदाधिकारियों ने घटना की सीबीआई जांच की मांग की। इसके बाद बहुजन मुक्ति मोर्चा द्वारा पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के क्रम में उत्तर प्रदेश बंद करो के आंदोलन के लिए हाईवे पर आ गए और प्रदर्शन किया। इस दौरान हाईवे पर जाम लग गया। दलित संगठनों के पदाधिकारियों ने एसडीएम की गिरफ्तारी की मांग कर नारेबाजी की। जाम की सूचना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हलचल मच गई। इस दौरान आंबेडकर पार्क के सामने से गुजर रहे एसडीएम के सरकारी वाहन को रोक लिया। प्रदर्शन को देखते हुए एसडीएम वापस हो गए। कोतवाल सिविल लाइन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। जल्द ही अन्य आरोपी भी गिरफ्तार होंगे। उन्होंने कहा कि घटना के प्रत्यक्षदर्शियों को चाहिए कि वे अपने-अपने बयान उनके कार्यालय या पुलिस के पास दर्ज कराए व घटना के साक्ष्य प्रस्तुत करें। जिससे मामले की निष्पक्ष जांच जल्द हो सके। बहुजन मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा ने ज्ञापन लेकर प्रदर्शकारियों को शांत कराते हुए धरना स्थल पर बैठा दिया। इस दौरान राजीव अंबेडकर, सौरभ आदित्य, भीम प्रिय गौतम, राजेश खन्ना, सुखवीर हिंदुस्तानी, हरिओम रवि, सतपाल सिंह बादल, छत्रपाल सिंह, महावीर सिंह, रामऔतार, अमृत सिंह सागर, राजीव आदि रहे।


हाईवे पर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार


आंबेडकर पार्क में धरने पर लोग। ● अमृत विचार

## छात्र-छात्राएं इग्नू में अब 20 मार्च तक ले सकते हैं प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**यूजी, पीजी, डिप्लोमा में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि बढ़ाई गई**

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित इग्नू केंद्र पर प्रवेश लेने की तिथि बढ़ाकर 20 मार्च कर दी गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है। इसकी डिग्रियां एवं प्रमाणपत्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। इग्नू मुक्त दूरस्थ शिक्षा का एक अच्छा माध्यम है। इग्नू युवाओं को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करता है। इस संबंध में राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र में सत्र 2024 के यूजी, पीजी, डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए प्रवेश की प्रक्रिया की अंतिम तिथि इग्नू ने बढ़ा दी है। इसमें प्रवेश की अब अंतिम तिथि 20 मार्च 2024 कर दी गई है। इग्नू में ऑनलाइन माध्यम से लॉगिन कर दाखिला लिया जा सकता है। इस माध्यम से अध्ययन करने पर छात्रवृत्ति का भी लाभ लिया जा सकता है। यूजी-पीजी कार्यक्रम में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों को स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाती है। इग्नू के केंद्र समन्वयक डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि इग्नू शिक्षा केंद्र से भी दूर बैठे व्यक्ति को उच्च शिक्षा का अवसर प्रदान करता है। इसमें रोजगारपरक डिप्लोमा, सर्टिफिकेट एवं प्रोफेशनल स्नातक एवं पीजी डिग्री कार्यक्रम उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि राजकीय रजा पीजी कॉलेज में एमए एजूकेशन, एमएस डब्ल्यू एमए लोक प्रशासन, एमए रूरल डेवलपमेंट, बीए, बीकॉम, डीएनएचई, सीआईजी, सीडीएम आदि कार्यक्रम उपलब्ध है।

## चयनित आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे स्मार्ट

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के समन्वय से विद्यालयों की बुनियादी शिक्षा के विकास को गति दी जा सकती है। आयु वर्ग तीन से आठ वर्ष के बच्चों के नामांकन एवं नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों से कहें। इससे विद्यालय के शिक्षा के कार्यों को गति मिलती है। आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन भी किया गया है। उन्हें स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा।

बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान की ओर से विकास खंड मिलक के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नोडल अध्यापकों की विकास खंड स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम एचआर पैलेस में संपन्न हुआ। उत्सव का आरंभ उपजिलाधिकारी राजेश कुमार, खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र सिंह चौहान, सीडीपीओ संध्या गंगवार व खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने किया। ईसीसीई मैनुअल पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री का प्रशिक्षण, आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्री-स्कूल किट, एक्टिविस्टी क्लेंडर,एनबीटी कहानी की पुस्तकों का प्रदर्शन से विद्यालयों के शैक्षिक में वातावरण महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। प्रत्येक न्याय पंचायत से दो आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों तथा कक्षा एक, दो व तीन के एक-एक निपुण छात्र को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान एआरपी होमेन्द्र देव, प्रभाकर गौतम, सत्यपाल सिंह, अंकुर शुक्ला, जाकिर रहे।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुरस्कार देते खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार।

## छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया व सूची का प्रकाशन 31 से

**रामपुर, अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (पूर्ववर्ती नाम राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज) कोसी पुल में कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र 15 मार्च तक अपना आवेदन पत्र विद्यालय के कार्यालय से सुबह 10 बजे से अपराह्न चार बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं और प्रपत्रों सहित जमा कर सकते हैं। बताया कि प्रवेश परीक्षा 27 मार्च को जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में ही होगी। परीक्षा में सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन व प्रवेश प्रक्रिया 31 मार्च से प्रारम्भ होगी।

## सफलता को अनुशासित जीवन जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने कहा कि सफलता पाने के लिए अनुशासित जीवन जरूरी है। हमें त्याग एवं सेवा की भावना को अपने जीवन में स्थान देना चाहिए। देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। रेंजर्स शिविर के चौथे दिन रेंजर्स की एक हस्त निर्मित प्रतियोगिता भी कराई गई।

महाविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय मदर टेरेसा रेंजर्स शिविर के चौथे दिन का प्रारंभ प्राचार्य ने ध्वजारोहण शिष्टाचार के साथ किया। जिला संगठन कमिश्नर गाइड नरवंत कौर ने ध्वज शिष्टाचार एवं इसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। शिविर में टेंट बनाना एवं विभिन्न गैजेट्स बनाने भी बताए। मितव्ययता के साथ जीवन यापन कर सकते हैं। एक हस्त निर्मित वस्तु प्रतियोगिता भी कराई गई। इसमें आयुषी प्रथम, साक्षी सैनी द्वितीय, मेघा ठाकुर एवं विदुषी मौर्य को तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. सबीहा परवीन एवं डॉ. जया कुमारी रहीं। शिविर का आयोजन एवं संचालन महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनोरमा चौहान ने किया। रेंजर्स कमेटी के सभी सदस्यों में डॉ. अंकिता, डॉ. सुनीता, डॉ. प्रीति लता, डॉ. इफ्तेखार अहमद कादरी, डॉ. मोहम्मद कासिम, डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. प्रीतिबाला शर्मा, डॉ. गोविन्द शरण गुप्ता, डॉ. योगेश चन्द्र द्वारा सहयोग किया गया।


छात्राओं द्वारा बनाई गईं वस्तुएं देखते प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा। ● अमृत विचार

**शिविर में कराई एक हस्त निर्मित वस्तु प्रतियोगिता, टेंट और गैजेट्स बनाने भी सीखाए**

**दिक्कत** हामिद इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज रोड और कर्नल अजीमुद्दीन खां के मकबरे के सामने से डिवाइडरों को हटवाने की मांग

## शहर में डिवाइडरों से संकरी हुईं सड़कें, जाम में फंसते हैं राहगीर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बाजार अब्दुल्लाह गंज स्थित राजकीय हामिद इंटर कॉलेज के सामने डिवाइडर के कारण लोग दिनभर जाम से जूझते रहते हैं। इफ्तार से पहले लगने वाले जाम से लोगों को और ज्यादा परेशानी हो जाती है। डिवाडर बनने से सड़कें और संकरी हो गई हैं। लोगों ने प्रशासन से डिवाइडर को ध्वस्त कराने की मांग उठाई है।

बाजार नसरुल्लाह खां, बाजार सफदर गंज को यही सड़क जोड़ती है। डिवाइडर से एक साइड से केवल एक ई-रिक्शा निकल सकती हैं। कोई वाहन गलत दिशा से आ जाए तो जाम लग जाता है। ठेले पर सब्जी बेच रहे तोताराम ने बताया कि डिवाइडर की वजह से जाम लगता है। हम गरीबों को पुलिस वाले डंडे मारते हैं। कहा कि प्रशासन को यह डिवाइडर हटवाना चाहिए। हामिद इंटर कॉलेज के सामने सड़क संकरी थी और डिवाइडर बनने के बाद सड़क और संकरी हो गई है। हाथीखाना चौराहे से बाजार नसरुल्लाह खां तक रुक-रुककर जाम लगता रहता है। बाजार नसरुल्लाह खां में फलों का ठेला लगाने वाले मोहम्मद असद ने कहा कि जाम के कारण कारोबार पर भी असर पड़ता है। इस तरह बिलासपुर गेट से कर्नल अजीमउद्दीन खां के मकबरे से होते हुए हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह की मजार की ओर जाने वाली सड़क पर डिवाइडर होने से लोगों को काफी परेशानी होती है। डिवाइडर हटवाने के लिए कई दिन पहले उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी अधिशासी अधिकारी से मिले थे। व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपकर हामिद इंटर कॉलेज के सामने से डिवाइडर हटवाने की मांग की थी।


राजकीय हामिद इंटर कॉलेज के सामने डिवाइडर के पास जाम में फंसे वाहन।

> बाजार अब्दुल्लाह गंज हामिद इंटर कालेज के सामने, डिग्री कालेज रोड और कर्नल अजीमुद्दीन खां के मकबरे के सामने सड़क पर बने डिवाइडरों का हटवाया जाएगा। डिवाइडर के कारण संकरी हुईं सड़कें चौड़ी हो सकेंगी और लोगों को आवाजाही में दिक्कत नहीं होगी।
> -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी

बताया गया कि सपा सरकार में आजम खां ने बाजार अब्दुल्ला गंज, डिग्री कॉलेज रोड और मकबरा अजीमउद्दीन खां के सामने सड़कों पर डिवाइडर बनवाए थे। जबसे डिवाइडर बने हैं, लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। लोगों की मांग है कि सबसे पहले प्रशासन को डिवाइडर हटवाना चाहिए ताकि सड़क चौड़ी हो सके और लोगों को आवाजाही में परेशानी नहीं हो। जाम में स्कूल के बच्चों की रिक्शाएं फंस जाती हैं। बच्चे छुट्टी में कई-कई घंटे देर से घरों तक पहुंचते हैं। उधर, बाजार नसरुल्लाह खां स्थित चौकी चौक के सामने लगा बेरियर भी जाम का मुख्य कारण है। पुलिस प्रशासन ने बाजार सफदर गंज, चाकू बाजार, पुरानी तहसील की ओर जाने वाले तीन पहिया और चार पहिया वाहनों को रोकने के लिए पुलिस चौकी चौक के सामने बाजार सफदर गंज मोड़ पर बेरियर बना दिए हैं। ई रिक्शाओं और रिक्शाओं का जमावड़ा लग जाता है और बाजार नसरुल्लाह खां जाम की गिरफ्त में आ जाता है।

## गैर जमानती वारंटों पर दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार:** गैर इरादतन हत्या व आर्म्स एक्ट के सालों पुराने मामलों में कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे दो आरोपियों को पुलिस ने उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक रामवीर सिंह द्वारा अदालत के गैर-जमानती वारंट पर डोहरिया गांव निवासी उस्मान अली को पकड़ा गया है। उसके विरुद्ध वर्ष-2016 में दर्ज गैर-इरादतन हत्या का वाद विचाराधीन है। वहीं, खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि कोर्ट के एनबीडब्ल्यू वारंट के आधार पर एसआई फूल सिंह द्वारा ईश्वरपुर गांव निवासी रामकिशोर को पकड़ा गया है। उसके खिलाफ वर्ष-2002 में दर्ज आर्म्स एक्ट का मामला विचाराधीन है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सम्बंधित न्यायालय के लिए रवाना कर दिया है।


नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते प्रशिक्षु। ● अमृत विचार

## प्रशिक्षुओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूक किया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**जिला शिक्षा, प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं ने दी प्रस्तित**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसमें कार्यक्रम आयोजिका तृप्ति चंद्रा व लता गंगवार का सहयोग रहा। इस दौरान डायट की संरक्षिका नीलम रानी टम्टा, वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, स्वीप नोडल तृप्ति माहौर, दिवाकर सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कोतवाली और भोट पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली और भोट पुलिस ने अभियान चलाकर दो आरोपियों को पकड़ लिया। थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी नोशे पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम अलीगंज बेनजीर धारा,457,380,511 फरार चल रहे थे। गुरुवार को आरोपी को पकड़ने के बाद उस पर कार्रवाई कर दी है। इसके अलावा थाना भोट पुलिस ने आरोपी मोहम्मद आसिम निवासी ग्राम तालबपुर को गिरफ्तार कर लिया।

### किसान ने मेढ़ तोड़ने की पुलिस से की शिकायत

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव किशनपुर मौलागढ़ निवासी मोहम्मद नबी ने स्वार कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा। मेढ़ तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उसकी जमीन दढ़ियाल एहतमाली क्षेत्र में है। पड़ोसी डुंडावाला के कुछ लोगों ने मेढ़ तोड़कर खेत को समतल कर लिया है। कब्जा करने का प्रयास किया है। इस मामले में दढ़ियाल समेत टांडा पुलिस से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

# वकीलों ने नायब तहसीलदार को घेरा, हंगामा

## जमकर सुनाईं खरी-खोटी, तनातनी, पत्रावलियां निस्तारित न करने से नाराज हैं वकील

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** तहसील में गुरुवार दोपहर अचानक हंगामा हो गया। बार और लायर्स एसोसिएशन से जुड़े वकीलों ने नायब तहसीलदार राजेश कुमार यादव को कहीं जाते समय तहसील के गेट के पास घेर लिया। गुस्साए वकीलों ने नायब तहसीलदार को खरी-खोटी सुनाईं। इससे तनातनी हो गई। सूचना मिलते ही एसडीएम हिमांशु उपाध्याय व तहसीलदार निश्चय कुमार मौके पर पहुंचे और वकीलों को शांत किया। बाद में वकीलों के साथ एसडीएम ने सभागार में बैठक की।

वकीलों का आरोप है कि नायब तहसीलदार अपने न्यायालय में काफी समय से विचाराधीन वादों का नियमानुसार निस्तारण नहीं कर रहे हैं और न ही लंबित आदेश वाली पत्रावलियां निपटाई जा रही हैं। इससे उनके वादकारी काफी परेशान हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। एसडीएम ने वकीलों से कहा कि वह नायब तहसीलदार से न्यायिक कार्य हटाकर दूसरे नायब तहसीलदार सचिन कुमार व तहसीलदार को सौंप रहे हैं। इस पर अधिवक्ता मान गए।

बाद में बार अध्यक्ष मकबूल अहमद व लायर्स अध्यक्ष हरीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि एसडीएम ने मामला निपटा दिया है। उधर, नायब तहसीलदार व वकीलों के बीच हुई तनातनी देखने वाले कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नायब तहसीलदार से धक्का-मुक्की की गई। हाथापाई की नौबत भी आ गई थी। मगर इससे पहले ही एसडीएम व तहसीलदार पहुंच गए और स्थिति संभाल ली।



नायब तहसीलदार से नोकझोंक करते वकील। ● अमृत विचार

> घेराव जैसी कोई बात नही है। न ही किसी प्रकार की नोकझोंक हुई है। एक सामान्य बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।
> – निश्चय कुमार, तहसीलदार

### विवादों में रहता है वादों का निस्तारण

तहसील के राजस्व न्यायालयों में दाखिल-खारिज आदि से संबंधित वादों के निस्तारण व लंबित आदेश को लेकर वकीलों की शिकायत रहती है। वकील पहले भी राजस्व अधिकारियों पर ऐसे ही आरोप लगाते हुए मोर्चा खोलते रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि वैसे तो शासन की ओर से वादों के निस्तारण की समयबद्ध प्रक्रिया है, लेकिन व्यवहार में इसका पालन नहीं होता है। इसमें काफी सुविधा शुल्क लिया जाता है। शुल्क न मिलने पर पत्रावलियां लटक जाती हैं। जब संबंधित अधिकारी और अधिवक्ताओं के बीच बात बढ़ती है तो यह वाद उनके बीच विवाद का कारण बन जाते हैं।

## दिल्ली से आई प्रेमिका ने प्रेमी से किया निकाह

**स्वार, अमृत विचारः** दिल्ली से आई युवती प्रेमी के घर पहुंच गई। कोर्ट मैरिज करने के साथ निकाह भी कर लिया। पुलिस ने प्रेमी समेत पांच लोगों का शांति भंग मे चालान किया है।

नगर के मोहल्ला चक स्वार निवासी जावेद दिल्ली के मोहल्ला भोजपुर उत्तर पूर्वी स्थित कारखाने में कपड़ा सिलाई करता था। इस दौरान युवक व कारखाना स्वामी की पुत्र के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। कुछ माह पहले युवक अपने घर आ गया। एक सप्ताह पहले युवती दिल्ली से अचानक अपने प्रेमी के घर आ गई। प्रेमी युगल ने निकाह करने के साथ कोर्ट मैरिज भी कर ली। युवती के परिजन ढूंढते हुए प्रेमी के घर पहुंचे। युवती से घर वापस चलने को कहा तो उसने इनकार कर दिया। परिजनों ने युवती को काफी समझाया, लेकिन वह निकाह व कोर्ट मैरिज करने का हवाला देते हुए प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी रही। युवती के परिजनों ने प्रेमी जावेद समेत उसके भाईयों सरवेज, परवेज, नवेद, पिता हिफ्जे अली को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी।

# धूम्रपान से बचें व दूसरे लोगों को भी बचाएं : सीएमएस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय में नो स्मोकिंग-डे के अवसर पर गोष्ठी में सीएमएस डॉ. एचके मित्रा ने कहा कि स्मोकिंग एक साइलेंट किलर है। इससे हम सभी लोगों को बचना चाहिए। साथ ही दूसरे लोगों को भी स्मोकिंग छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। इसकी लत जिसे लग जाती है, वह जल्दी छूटती नहीं है, लेकिन इस लत को छोड़ना जरूरी है। धूम्रपान करने वाला समय से पहले ही बूढ़ा हो जाता है। वह बीमारियों का शिकार हो जाता है।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा गुरुवार को नो स्मोकिंग डे के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीएमएस ने की। तंबाकू नियंत्रण सलाहकार डा. शहजाद हसन ने कहा कि कोटपा अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान प्रतिबंधित है। बताया कि 15 मार्च को शपथ ग्रहण, 16 को सीएमओ सभागार में प्रशिक्षण, 18 को जुर्माना अभियान, 19 को एफजीडी, 20 को फेसबुक लाइव, 21 को वेबिनार, 22 को जागरूकता अभियान और 23 मार्च को धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर मोहम्मद रिजवान, तैय्यब, डा. लखवीर सिंह, डा. नूर मोहम्मद, हेल्प डेस्क मैनेजर अनुभव भारद्वाज समेत वार्ड ब्वॉय और स्टाफ नर्स आदि शामिल रहे।



जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में बोलते सीएमएस डॉ. एचके मित्रा व अन्य।

# पुलिस को चकमा देकर दिल्ली पहुंचे किसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले के किसान पुलिस को चकमा देकर दिल्ली पहुंच गए हैं। रेलवे स्टेशन पर उन्होंने न संगठन की पहचान वाली टोपी और न ही बिल्ला लगाया। आम यात्री बनकर ट्रेन में सवार गए। इनके अलावा किसान अपने वाहनों से भी दिल्ली पहुंचे। हालांकि, रेलवे स्टेशन पर पुलिस तैनात रही, लेकिन, दिल्ली जाते किसानों को नहीं पकड़ सकी।

संयुक्त किसान मोर्चा का एमएसपी पर गारंटी कानून बनाने समेत कई मांगों को लेकर दिल्ली में गुरुवार को आंदोलन था। इसमें शामिल होने के लिए प्रदेश के किसानों को बुलाया गया। भाकियू ने कई दिन पहले इसकी तैयारी शुरू कर दी थी। किसानों को सूचना मिली कि पुलिस उन्हें दिल्ली जाने से रोकेगी। लिहाजा पुलिस से बचने के लिए किसानों ने नया तरीका अपनाया। भाकियू का न बिल्ला और न ही टोपी लगाई। बल्कि, आम यात्री की तरह एक- एक कर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। किसी ने टिकट लिया तो कई बिना टिकट ही दिल्ली जाने वाली ट्रेन में सवार हो गए। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में भी किसान बिना टोपी और बिल्ले के रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां पुलिस तैनात थी।

यह देखकर किसान अलग-अलग हो गए। जैसे ही ट्रेन आई तो दिल्ली के लिए सवार हो गए। प्रदेश महासचिव के साथ दिल्ली जाने वालों में मोहम्मद तालिब, यामीन खां, मनजीत सिंह अटवाल, सुखविंदर सिंह गिल, जसवीर सिंह रंधावा, चौधरी अजीत सिंह, जागीर सिंह, राम बहादुर यादव, छिद्दा नेता, राजपाल चौधरी, राशिद चौधरी, हुकम सिंह, मुस्तकीम, अशोक कुमार, अमन, सुलेमान, गोपाल, अजय सागर, हरिओम रवि, दरियाव सिंह, खुशीराम यादव, विनोद यादव, सचिन पांडेय, दिनेश, हरपाल, नीरज त्यागी, सलामत जान व अमीर अहमद भी थे।



आंदोलन में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे किसान। ● अमृत विचार

▸▸ **भाकियू की बिना टोपी और बिल्ले के रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और ट्रेन में हो गए सवार**

## आत्महत्या के लिए उकसाने में पति को सात साल की सजा

**रामपुर, अमृत विचार :** महिला को आत्महत्या करने के लिए उकसाने के मामले में एडीजे द्वितीय की कोर्ट ने दोषी पाए गए पति को सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

उत्तराखंड के रुद्रपुर क्षेत्र निवासी हबीब शाह के अनुसार, उसने कुछ साल पहले अपनी बेटी शबाना की शादी केमरी थाना क्षेत्र केगांव खानपुर जदीद के रहने वाले मोहम्मद जाहिद के साथ की थी। महिला ने 26 जून 2021 को आत्महत्या कर ली थी। तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। इस मामले की सुनवाई एडीजे द्वितीय की कोर्ट में हुई। गुरुवार को पीठासीन अधिकारी विजय कुमार द्वितीय ने आरोपी मोहम्मद जाहिद को सात साल की सजा सुनाई और 15 हजार का जुर्माना लगाया। एडीजीसी प्रमोद सागर ने बताया कि मोहम्मद शाह की मौत हो गई, जबकि बानो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है।

# बेसिक शिक्षाधिकारी के कार्यालय में फर्जीवाड़े की जांच करेगी ऑडिट टीम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों को हुए भुगतान की जांच के लिए शासन ने ऑडिट टीम गठित की है। यह टीम 19 से 22 मार्च तक बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में रहकर जांच करेगी।

शहर के ऊंची चौपाल स्थित जवाहर लाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय के पटल सहायक ने प्रबंधक, प्रधानाध्यापक व लिपिक से साठगांठ कर अपनी पत्नी की नियुक्ति करा ली थी। नियुक्ति जुलाई 2011 में दिखाई गई। प्रथम वेतन भुगतान जनवरी 2020 से देना शुरू किया गया। फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने जिलाधिकारी से इस फर्जीवाड़े की शिकायत की तो जांच में नियुक्ति फर्जी पाई गई। शिक्षिका और प्रबंधक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई।इस मामले में पटल सहायक के विरुद्ध भी कार्रवाई को लिखा गया तो पता चला कि पटल सहायक का नाम निदेशालय की सूची में शामिल नहीं है। जिलाधिकारी ने पटल सहायक की नियुक्ति की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की, जो जांच कर रही है। अब शासन ने पटल सहायक द्वारा एडेड स्कूलों के शिक्षकों को गत पांच वर्षों में हुए वेतन भुगतान की जांच के लिए वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी पायल सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति गठित की है। यह टीम बीएसए कार्यालय में 19 से 22 मार्च तक रहकर जांच कर करेगी और शासन को रिपोर्ट प्रेषित करेगी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि लेखा कार्यालय की ओर से व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है इसके साक्ष्य उपलब्ध हैं।

**फर्जीवाड़ा**

▸▸ **पांच वर्षों में एडेड स्कूलों को हुए भुगतान की होगी जांच**

▸▸ **19 से 22 मार्च तक डेरा डाले रहेगी आडिट टीम**

> एडेड स्कूलों के शिक्षकों को गत पांच वर्षों में हुए वेतन भुगतान की जांच के लिए वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी पायल सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति गठित की है। जांच के लिए टीम 19 मार्च को आ रही है।
> – संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी

## सीआरपीएफ जवान की मौत मामले में आरोपी ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**मसवासी, अमृत विचार :** सीआरपीएफ जवान की मौत मामले में शामिल नामजद तीसरे आरोपी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गांव रहमतगंज में चार मार्च को किसी बात को लेकर हरस्वरुप यादव के बेटे कृष्ण कुमार यादव उर्फ पिंटू और राजेश यादव में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी। इस बीच सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र यादव ने दोनों भाइयों के बीच हुए विवाद को निपटाने का प्रयास किया था। आरोप है कि कृष्ण कुमार ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायर झोंक दिया था। गोली धर्मेंद्र यादव के सिर में लगने से उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने हरस्वरुप यादव व कृष्ण कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। स्वार कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि घटना में शामिल तीसरे आरोपी राजेश यादव ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है।

# किसान की पीट-पीटकर हत्या करने में पांच पर रिपोर्ट

संवाददाता, रामपुर/केमरी

▸▸ **गांव स्वार खुर्द का मामला, गैर इरादतन हत्या में दर्ज हुई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** किसान की लाठी डंडे से पीटकर हत्या करने के मामले में मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या में मामला दर्ज किया। जबकि पीड़ितों ने हत्या में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव स्वार खुर्द निवासी अमर सिंह व पड़ोसियों के बीच रंजिश थी। बुधवार शाम अमर सिंह किसी काम से कही जा रहे थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने अमर सिंह को पकड़ने के बाद घर में बंद कर लिया था। आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटकर किसान को घायल कर दिया था। जानकारी के बाद अमर सिंह के भतीजे कमल ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना के बाद पुलिस आ गई थी और दरवाजा खुलवाकर घायल अमर सिंह को जिला अस्पताल भेजा गया था। बुधवार रात नौ बजे उपचार के दौरान अमर सिंह की मौत हो गई थी।

इस मामले में मृतक के बेटे लाखन ने पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी बुद्धसैन, रामचरन, रामपाल, पप्पू, भूरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है। मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपियों के खिलाफ धारा 302 में मामला दर्ज कराने की मांग की। हालांकि पुलिस ने धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) में मामला पंजीकृत किया है।

## डूंगरपुर के मामले में इंस्पेक्टर के बयान दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के मामले में गुरुवार को इंस्पेक्टर ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 15 मार्च को सुनवाई होगी।

गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर कई मामले वर्ष 2019 में दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इसमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में सपा के पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन सहित कई लोग आरोपी बनाए गए। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक रामवीर सिंह ने बयान दर्ज कराए। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित की है।

# खनन रोकने को टास्क फोर्स करेगी प्रवर्तन की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

▸▸ **रात आठ बजे से सुबह 8 तक टीमें रहेंगी तैनात**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि जिले में अवैध खनन, ओवरलोडिंग गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए समस्त तहसीलों के मुख्य चौराहों पर अस्थायी चेक पोस्ट स्थापित कर टास्क फोर्स के सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई है। टास्क फोर्स के सदस्य प्रवर्तन की कार्रवाई करेंगे।

तहसील स्वार क्षेत्र के अन्तर्गत अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अस्थायी रूप से स्थानों, चौराहों पर चेक प्वाइंट चौकियां स्थापित की गई हैं। मसवासी चौराहे पर उपजिलाधिकारी स्वार, क्षेत्राधिकारी स्वार, चौकी इंचार्ज मसवासी, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी एवं खान अधिकारी को रात्रि आठ बजे से सुबह आठ बजे तक प्रवर्तन की कार्रवाई के लिए तैनात किया गया है। मिलक नौखरीद पर नायब तहसीलदार स्वार, प्रभारी निरीक्षक थाना स्वार को दो आरक्षी एवं एक उप निरीक्षक तैनात किए है। वन दरोगा, हैप्पी पुलिया अजीतपुर रोड पर नायब तहसीलदार स्वार, थाना प्रभारी स्वार, रेंजर वन विभाग स्वार एवं मानपुर तिराहा पर तहसीलदार स्वार, प्रभारी निरीक्षक थाना स्वार को दो आरक्षी एवं एक उप निरीक्षक तैनात करने हैं।

उप क्षेत्रीय वनाधिकारी स्वार को रात्रि आठ बजे से सुबह आठ बजे तक तैनात किया गया है। नामित टास्क फोर्स के सदस्यों को निर्देशित किया कि वह समय से अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर कार्रवाई करेंगे।

## पीपली वन में 500 लीटर शराब पकड़ी

**स्वार, अमृत विचारः** मिलक खानम पुलिस ने चुनाव से पहले पीपली वन में 500 लीटर कच्ची शराब, लाहन, शराब बनाने के उपकरण के साथ एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

एसओ संजय कुमार को मिलकखानम के पीपली वन में गुरुवार को कच्ची शराब बनाने की सूचना मिली। इस पर एसओ पुलिस टीम के साथ पीपली वन पहुंचे। यहां पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी मौके से भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को दबोच लिया। मौके से पांच सौ लीटर कच्ची शराब, भारी मात्र में लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर थाने ले आई। पुलिस ने कच्ची शराब बनाने लहन को नष्ट कर दिया। पुलिस आरोपी को थाने ले आई। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम उत्तराखंड के थाना गदरपुर के गांव कलकत्ती निवासी संता सिंह बताया है।

# ड्राइंग व नकदी चोरी में सुपरवाइजर पर रिपोर्ट

संवाददाता, टांडा

**कार्रवाई**

▸▸ **गांव मिलक नगली में बिस्कुट बनाने की फैक्ट्री की घटना**

**अमृत विचार :** बिस्कुट बनाने की मशीन के सांचों की ड्राइंग और एक लाख रुपये सुपरवाइजर घर से चोरी कर ले गया। फर्म मालिक व्यापार के सिलसिले में बाहर गया था। डेढ़ माह बाद जब वह घर वापस आया तो उसे चोरी की जानकारी हुई। उसने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक नगली निवासी नुसरत खां ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि उसकी गांव में मुआज मेटल बांडस प्राइवेट लिमिटेड नाम से रजिस्टर्ड कम्पनी है। कंपनी बिस्कुट बनाने वाली मशीनों के अनुमोदित ड्राइंग से सांचों का निर्माण व मरम्मत का कार्य करती है। अजीतपुर निवासी मोहम्मद परवेज कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर दो वर्षों से कार्य कर रहा था। कंपनी के मालिक के घर उसका आना जाना रहता था। मशीन के सांचों की ड्राइंग काफी महंगी व गोपनीय होती है। ड्राइंग की फाइल मालिक के घर पर ही थी। इस बारे में मोहम्मद परवेज को जानकारी थी। उसने बताया कि वह कारोबार के सिलसिले में डेढ़ माह पहले जयपुर गया था। तभी परवेज मशीनों के अनुमोदित सांचों की ड्राइंग वाली फाइल व एक लाख रुपये की चोरी कर ले गया। वह ड्राइंग वाली फाइल का दिल्ली में प्रयोग कर रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**जागरूकता** 100 छात्र-छात्राओं ने पराग फैक्ट्री में भी किया शैक्षिक भ्रमण

# हवाई अड्डे पर ली एयर कंट्रोल सिग्नल की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र स्तर पर राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन के क्रम में नगर स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में सफल हुए 100 बच्चों को भ्रमण कराया गया। दो बसों से गुरुवार को मुरादाबाद स्थित पराग दुग्ध फैक्ट्री में शैक्षिक भ्रमण कराया।

दोनों बसों को खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र सुनील कुमार सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पराग फैक्ट्री के प्रोडक्शन मैनेजर ने अपनी इकाई में दूध, मट्ठा, मक्खन, देशी घी समेत अन्य मशीनरी दिखाई। बताया कि गांवों से हमारे यहां दूध आता है। रिफाइनरी के माध्यम यहां प्रोडक्ट तैयार करते हैं। फैक्ट्री में 80 प्रतिशत काम मशीन से होता है। इसके बाद एक्सपोजर विजिट के द्वितीय चरण में मुरादाबाद हवाई अड्डे पर सभी बच्चों से जानकारी ली। एयर कंट्रोल सिग्नल के प्रभारी ने हवाई अड्डे के बारे में बताया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने सभी बच्चों को हवाई जहाज के नियम के बारे में बताया। कहा कि हवाई अड्डे पर बिना अनुमति प्रवेश नहीं हो सकता। कहा कि अच्छे वैज्ञानिक बनकर भारत का नाम रोशन करें। इस दौरान एआरपी मोहित सक्सेना, सत्यपाल सिंह, अरविन्द कुमार, असमा परवीन, अर्चना कंबोज, तबस्सुम, मोहम्मद जहांगीर, राशिद अहमद, जुनैद नासिर, नादरीन, अनुजा सिंह, प्रियंका भाटिया, चमन, दानिश हसन, कामरान खां आदि शामिल रहे।




मुरादाबाद में दूध की फैक्ट्री में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सेमरा-लाड़पुर में पानी निकासी को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई।आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। ग्रामीण ने भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने चौकी पहुंच पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

सेमरा-लाड़पुर गांव निवासी वाजिद अली पुत्र खुर्शीद आलम ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि उसका पड़ोसी फैजान उसके घर के प्रयोग किए गए पानी को रोक देता है। मामले में फैजान से शिकायत की तो वह फौजदारी पर उतारु हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हुई। वाजिद अली का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने धारदार हथियार पाटल से हमला कर दिया। उसने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की।ॉ

# सफाई मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा है। इसमें बताया कि वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थायी किया जाए। वर्षों से कार्यरत ठेका सफाई कर्मचारियों को संविदा में परिवर्तित किया जाए। इनका मानदेय 18000 रुपये तक किया जाए। जिससे कि यह परिवार का पालन पोषण कर सकें।

गुरुवार को संघ के जिलाध्यक्ष प्रेमराज वाल्मीकि के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि प्रदेश में बढ़ती आबादी को देखते हुए मानक के आधार पर निकायों में एक लाख स्थायी कर्मचारियों को भर्ती किया जाए। कहा कि निकायों में निजी कंपनियों एवं निजीकरण व्यवस्था को समाप्त किया जाए। स्वास्थ्य कैशलेस की सुविधा दी जाए। भगवान महार्षि वाल्मीकि का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। संघ के लिए दारूल शिफा में कार्यालय के शिफ्ट कराया जाए। सफाई कर्मचारियों की पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में दिनेश, अमित कुमार, दीपक, राजपाल भारती, रोहित, अमर किशोर, विजेन्द्र, राजू, निक्कू, अजय, संजय, भावना, सुरेखा, लियाकत, रजा अली, जाकिर, आशा, वीरेंद्र, धर्मापाल आदि रहे।



कलेक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन दिखाते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ **ठेका सफाई कर्मचारियों को संविदा पर करने की मांग**

## एक नजर

### महापंचायत में शामिल होने किसान दिल्ली रवाना

**बिलासपुर, अमृत विचार :** दिल्ली में गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा की महापंचायत में शामिल होने को किसान रवाना हुए। अलग-अलग जत्थों में किसान ट्रेन, बस या अपने निजी वाहनों से कूच कर गए हैं। भाकियू टिकैत के तहसील अध्यक्ष नृपजीत सिंह ने बताया कि वह अपने जत्थे के साथ रात में ट्रेन से रवाना होकर सुबह दिल्ली पहुंच गए हैं। वहीं, भाकियू जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल ने बताया कि वह तड़के निजी वाहनों से दिल्ली के लिए निकल गए हैं। उनके साथ युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, मंत्री मलवई, गुरजीत कोटिया, हनी सिंह, विपिन यादव आदि भी शामिल हैं।

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन निवासी नन्हे बाइक से किसी काम से मिलक जा रहा कि पनवड़िया के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। लोगों को देख कार चालक फरार हो गया।

# मुख्यमंत्री देंगे परियोजनाओं की सौगात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



ज्वालानगर में पीएम स्वनिधि गलियारे का निरीक्षण करते विधायक आकाश सक्सेना।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को रामपुर आ सकते हैं और वह एक हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें सड़कें व पुल शामिल हैं। ज्वालानगर में बने पीएम स्वनिधि गलियारे का भी उद्घाटन कर सकते हैं। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले शहर में चल रहीं विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए।

गुरुवार को शहर विधायक ज्वालानगर में बने पीएम स्वनिधि गलियारे का निरीक्षण करने पहुंचे। उनके साथ अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी व विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता इमरान खां भी मौजूद थे। विधायक ने बताया कि शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं। वह

**विधायक ने विकास कार्यों का लिया जायजा, पीएम स्वनिधि गलियारे का किया निरीक्षण**

रामपुर में पूर्ण हो चुकी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। नई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। ऐसे में उनके आगमन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद होनी चाहिएं। कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का यह दौरा अहम साबित होगा। विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। देश में मोदी और प्रदेश में योगी का नारा बुलंद होगा। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लखपति बहना योजना आदि ऐसी कई योजनाएं हैं, जो गरीबों के जीवन को परिवर्तित करने वाली साबित हो रही हैं।

### कार्ड धारकों को 18 रुपये प्रति किलो की दर से मिलेगी चीनी, आज से राशन बंटेगा

# होली पर अंत्योदय परिवारों को मिलेगी चीन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में 34,660 अंत्योदय कार्ड धारकों की इस बार होली पर गुझिया की मिठास ज्यादा महसूस होगी। उन्हें जनवरी से अब तक की चीनी बाजार से सस्ते दर पर मुहैया कराई जाएगी। इसका वितरण शुक्रवार से 29 मार्च तक किया जाएगा। इसे लेकर कोटेदारो को निर्देश दिए गए हैं। चीनी वितरण में लापरवाही करने पर कार्रवाई की भी बात कही गई है।

जिले में पात्र गृहस्थी के 3,77,723 कार्ड, अंत्योदय कार्डधारक 34,660 और कुछ 4,12,383 कार्डधारक हैं। रंगों के त्योहार होली पर शासन ने अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी देने का निर्णय लिया है। ऐसे

> जनपद में 34,660 अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी वितरण कराने के निर्देश मिले हैं। कोटेदारों को चीनी उपलब्ध करा दी गई है। चीनी के साथ राशन वितरण पर निगरानी रखी जाएगी। लापरवाही मिलने पर कोटेदारों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।
>
> -अभिषेक कुरील, जिला पूर्ति अधिकारी

में इस बार होली पर 34 हजार 660 राशन कार्ड धारकों को सस्ती दर पर चीनी का वितरण किया जाएगा। इसे लेकर सभी कोटेधारकों को निर्देश मिले हैं। अंत्योदय कार्ड धारकों को 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से चीनी और निशुल्क राशन मिलेगा। कोटेदारों से उपभोक्ताओं को निशुल्क राशन के साथ अंत्योदय कार्ड धारकों को जनवरी, फरवरी और मार्च की एक एक किलोग्राम के हिसाब से तीन किलोग्राम चीनी 54 रुपये में वितरित करने को कहा गया है। यहीं नहीं यदि कोटेदार अंत्योदय कार्ड धारकों को तीन किलोग्राम चीनी निर्धारित दर और निशुल्क राशन वितरण में अनिमित्ता करता है तब उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उधर, राशन की घटतौली पर रोक लगाने के लिए खाद्य एवं रसद विभाग की ओर जिले में बायोमैट्रिक मशीनों से वितरण कराए जाने का निर्णय लिया है। जनपद की सभी राशन की दुकानों पर बायोमैट्रिक मशीनें पहुंचा दी गई है। इसके जरिए ही राशन का वितरण होगा।

### कार्डधारकों को 29 मार्च तक मिलेगा निशुल्क राशन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील ने बताया कि जिले के राशन कार्डधारकों को 15 से 29 मार्च तक निशुल्क राशन वितरण किया जाएगा। 29 मार्च को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा अनुमन्य रहेगी। जिले में अन्त्योदय लाभार्थियों को 14 किलोग्राम गेहूं व 14 किलोग्राम चावल व सात किलोग्राम बाजरा निशुल्क वितरण किया जाएगा। नगरीय क्षेत्र एवं केवल सैदनगर ब्लॉक के पात्र गृहस्थी योजना के लाभार्थियों को एक किलोग्राम गेहूं व एक किलोग्राम बाजरा व तीन किलोग्राम चावल वितरण किया जाएगा। सैदनगर ब्लॉक को छोड़कर जनपद के समस्त ब्लॉक के पात्र गृहस्थी योजना के लाभार्थियों को प्रति यूनिट एक किलोग्राम गेहूं व दो किलोग्राम चावल व दो किलोग्राम बाजरा निशुल्क वितरण किया जाएगा। मार्च से जनपद में आवश्यक वस्तुओं का वितरण नई ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों से होगा।

# सात घंटे नहीं मिली बिजली आपूर्ति

## सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक पुराने तारों व खंभों को बदला गया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के कई क्षेत्रों में गुरुवार को सात घंटे बिजली आपूर्ति नहीं मिली। इससे लोगों के घरों में इन्वर्टर भी जवाब दे गए। शहर के मोहल्ला बरेली गेट और पहाड़ी गेट की 33केवीए लाइन की मरम्मत कराने के लिए शटडाउन लिया गया।

पहाड़ी गेट बिजलीघर से बिलासपुर गेट की ओर से जा रही 33 केवीए लाइन, जर्जर खंभों और तारों को बदलने का कार्य सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक कराया गया। पहाड़ी गेट के मोहल्ला मस्जिद झब्बू खां, चाह खजान खां, तालाब मुल्ला एरम, पक्का बाग, पुराना गंज, बिलासपुर गेट क्षेत्र के मोहल्ला घेर तोगा, शुतरखाना समेत कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। रोजेदार और आमजन को पानी की दिक्कत हुई। कई घरों



पहाड़ी गेट पर जर्जर तारों को सही करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

में मोटर न चलने की वजह से पानी की समस्या हुई। शहर के और भी कई क्षेत्रों में जर्जर और पुराने खंभों को बदला गया। उधर, सिविल लाइंस क्षेत्र में जर्जर तारों, खंभे ठीक करने के दौरान बिजली निगम के कर्मचारियों से बीएसएनएल के तार टूट गए। जिससे तीन घंटे तक के लिए नेट सेवा बाधित हो गई। सिविल लाइंस क्षेत्र में कई सरकारी,

> शहरी क्षेत्र में सीमेंट के खंभे बदलने का काम कराया जा रहा है। इस वजह से यह परेशानी हुई है। तारों व खंभों को दुरुस्त कर बिजली सुचारू कराने के लिए कहा गया है।
>
> -इमरान खान, एक्सईएन प्रथम

अर्द्धसरकारी कार्यालयों में नेट सेवा बाधित रही। नेट नहीं चलने पर बीएसएनएल कर्मचारियों ने मशक्कत के बाद फैमिली चौराहे से सही कराया। शाम चार बजे के बाद आपूर्ति सुचारू होने पर कार्यालयों में जरूरी कार्यों को पूरा किया गया।

### बिजली चोरी में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

शहर के मोहल्ला बेरियान में विद्युत निगम की टीम ने तीन घरों से बिजली चोरी पकड़ी। चोरी करने पर तीनों के खिलाफ बिजली अधिनियम की धारा के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रजा इंटर कालेज के जेई सुरेंद्र पाल सिंह को सूचना मिली कि मोहल्ला बेरियान के तीन घरों में चोरी से बिजली का उपयोग हो रहा है। तीनों घरों में कोई भी कनेक्शन नहीं है पूर्व में इन्हीं घरों से चोरी पकड़ी जा चुकी है। सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची तो चोरी से बिजली जलती हुई मिली। मौके से टीम ने तार को जब्त कर लिया। तीनों के खिलाफ बिजली चोरी में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए है।

## भगवान रामकृष्ण परमहंस का प्रकट उत्सव मनाया

**रामपुर, अमृत विचार :** श्री त्रिप्रेश्वरी शक्तिपीठ शक्तिपुरम में भगवान रामकृष्ण परमहंस का प्रकट उत्सव मनाया गया। साधकों ने भक्ति-भाव से सात बजे भजन कीर्तन, रामकृष्ण वचनामृत और लीला अमृत का पठान शुरू किया।

महायोगी राधेश्याम वांसतेय ने रामकृष्ण परमहंस के व्यक्तित्व के बारे में जानकारी दी। बताया कि गुरुदेव रामकृष्ण परमहंस का जन्म बंगाल के हुगली प्रांत के कमर कुकर गांव में सुधि राम के घर 17 फरवरी 1836 को हुआ था। शिशु का मन जन्म से पढ़ाई लिखाई में नहीं लगता था। उनका मन तो निरंतर घर में रखे हुए भगवान रामचंद्र पूजा अर्चना में लगा करता था। रामकृष्ण परमहंस सिद्ध पुरुष की विचार गोष्ठी में रजत सैनी ने विचार रखे। गौरव गुप्ता ने ठाकुर के जीवन के अनेक स्मरण बताए। आचार्य महायोगी पर संत ने ठाकुर की विविध लीलाओं का वर्णन किया। सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आनंद और भक्ति के रस का परम उत्कर्ष प्राप्त किया।

# होली के दिन नहीं होगी पानी की दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** होली के दिन शहर में बिजली गुल होने पर पानी की किल्लत नहीं होगी। इसके लिए पालिका प्रशासन की ओर से इंतजाम किए गए हैं। लाइटों के लिए पालिका के जलकल विभाग की ओर से शहर के लिए 16 जेनरेटरों की व्यवस्था कराई गई है। ओवरहेड टैंक पर तैनात ऑपरेटरों की जिम्मेदारी होगी। बिजली जाने पर जेनरेटरों को चलाया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जनपद में 25 मार्च को होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। लाखों लोगों को त्योहार मनाने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने इंतजाम करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए है। रंगों के त्योहार में लोगों को पानी की किल्लत से न जूझना पड़े, इसके लिए नगर पालिका अधिकारियों ने अतिरिक्त पानी की आपूर्ति देने की योजना बनाई है। इसके लिए जिलाधिकारी के आदेश पर शहर नगर पालिका परिषद की ओर से तैयारियां शुरू कर योजना बनाई हैं। इसके लिए टयूबवेलों पर मरम्मत कराई जा रही है। बिजली कटौती से निपटने को 16 जेनरेटरों की व्यवस्था कराई जाएगी। 62, 100 किलोवाट के जेनरेटर हैं। एक घंटे में 8 से 10 लीटर डीजल की खपत होगी। ट्यूबवेलों पर मरम्मत की जा रही है। बताया कि रमजान में भी रात तीन बजे से सुबह 11 बजे, शाम पांच से रात दस बजे तक शहरवासियों को पेयजल आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि रमजान, होली पर बिजली और पानी का संकट न हो, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों को समस्या दूर करते हुए समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

### दो मोहल्लों में बिछेगी पाइप लाइन

शहर के दो मोहल्लों के बाशिंदों के पास पानी पीने के लिए पाइपलाइॅन तक नहीं है। काफी समय से वैकल्पिक व्यवस्थाओं के सहारे पेयजल आपूर्ति की जा रही है। पिछले साल इन मोहल्लों में अमृत योजना से पाइपलाइन बिछाने का निर्णय लिया गया। योजना से जोड़ने के बाद होली के बाद पाइपलाइन बिछाने का काम किया जाएगा। ताश्का मझरा, घेर मियां खां दो ऐसे मोहल्ले है। जहां पर पानी काफी गंदा होता है। ताश्का मझरा में 2000 से अधिक और घेर मियां खां में 1600 से अधिक लोग बसर करते हैं। उनकी मांगा पर इन मोहल्लों में अमृत योजना के तहत लाया गया था। अधिकारियों का कहना है कि अब होली के बाद जल्द ही पाइपलाइन का कार्य कराया जाएगा।

# खौद-थूनापुर मार्ग का चौड़ीकरण होने से समस्या से मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। पहले यहां विकास के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई होती थी, लेकिन अब मजबूत इरादों और संकल्प से यहां विकास कार्यों में गति आई है। विकास को नई रफ्तार मिली है।

सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने गुरुवार को चमरौआ क्षेत्र में खौद-थुनापुर मार्ग का शिलान्यास किया। कहा कि पिछले कई दशकों से इस मार्ग का कार्य लंबित था। यहां लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस मार्ग का शिलान्यास किया गया है और कुछ ही दिनों में यह सड़क बनकर तैयार हो जाएगी।

रामपुरवासियों को इसका लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और



सड़क का शिलान्यास करते सांसद घनश्याम सिंह लोधी। ● अमृत विचार

**सभी विकास की योजनाएं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व का परिणाम**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास के संकल्प की सिद्धि है। सरकार की हितकारी योजनाओं के बार में बताते हुए कहा कि पिछले डेढ़ साल में राज्य सड़क निधि के अंर्तगत सड़कों का निर्माण हुआ है। उन्हीं में से खौद-थूनापुर मार्ग का शिलान्यास किया गया है। कहा कि यह सभी विकास योजनाएं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं दूर दृष्टि का परिणाम हैं। मार्ग के बनने से काफी फायदा मिलेगा। सबसे बड़ी समस्या यहां जाम की रहती थी, जो मार्ग के बनने के बाद खत्म हो जाएगी।

# 17अप्रैल को निकलेगी श्रीराम शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मानस सत्संग मंडल की ओर से 17 अप्रैल को श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर बैठक में गुरुवार को चर्चा की गई।

मानस सत्संग मंडल की बैठक गांधी समाधि स्थित रंगोली मंडप में हुई। इसमें बताया कि 17 अप्रैल को भगवान रामचंद्र के प्रकट उत्सव पर श्रीराम शोभायात्रा रामलीला मैदान स्थित कोसी मंदिर मार्ग से शुरू होगी, जो दोहपर तीन बजे से सराय गेट, नया गंज चौराहा, बजार सर्राफा, सफदरगंज, चंपा कुंवारि न्यास, मिस्टन गंज चौराहा, राजद्वारा, गांधी समाधि, एसपी कोठी के पीछे आवास विकास, थाना सिविल लाइंस, गुरुद्वारा रोड, टैक्सी स्टैंड रोड, राधा रोड से श्री आदर्श रामलीला मैदान में संपन्न होगी। शोभायात्रा के संयोजक का दायित्व अनूप अग्रवाल एवं



रंगोली मंडप में चर्चा करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**तैयारी**

**गांधी समाधि स्थित एक मंडप में हुई मानस सत्संग मंडल के पदाधिकारियों की बैठक**

भजन संध्या के संयोजक का दायित्व जुगेश अरोरा कुक्कू को सौंपा गया।

आठ अप्रैल को भजन संध्या भी होगी। भजन संध्या की प्रस्तुति एवं स्वर, सुप्रसिद्ध भजन गायक विनोद अग्रवाल के शिष्य लुधियाना के प्रिंस छावड़ा धमाल करेंगे। बैठक में सुभाष नंदा, धनंजय पाठक, बृजेश गुप्ता, महेश जुनेजा भूप सिंह यादव, हरिओम गुप्ता, जुगेश अरोरा उर्फ कुक्कू, अनिल वशिष्ठ, राजीव मांगलिक आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस इलेविन की टीम ने फाइनल में बनाई जगह

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**ज्वाला क्लब के मैदान पर चल रहा है क्रिकेट टूर्नामेंट**

**अमृत विचार :** ज्वाला क्लब के मैदान पर चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला ज्वाला क्लब और पुलिस इलेवन की टीमों के बीच खेला गया। पुलिस इलेविन ने ज्वाला क्लब को 67 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली।

पुलिस इलेवन के कप्तान गौरव यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पुलिस इलेवन की टीम ने 175 रन बनाए। नरेंद्र ने 54 रन और अहमद ने 34 रनों का योगदान दिया। ज्वाला क्लब की ओर से मेहंदी हसन ने दो विकेट और अमित ठाकुर ने एक विकेट लिया। ज्वाला क्लब की पूरी टीम 108 रनों पर ढेर हो गई। ज्वाला क्लब के बल्लेबाज हरिओम यादव ने 38 रन और भीम ने 19 रन बनाए।

पुलिस इलेवन के गेंदबाज पवन यादव ने चार विकेट और नरेंद्र ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच नरेंद्र रहे। गेम चेंजिंग अवार्ड अहमद को मिला। इस दौरान प्रमोद आहूजा, शाहिद खान, शानू, कुलदीप सक्सेना, विक्की सक्सेना,अनु सक्सेना, अनमोल सक्सेना, विनय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**मनमानी** नवंबर में 13 बिजलीघरों के 60 कर्मचारियों का हुआ था स्थानातंरण, 35 के बदले गए हैं कार्यक्षेत्र

# अनदेखी कर कार्य को अंजाम दे रहे बिजलीकर्मी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री के आदेशों की अनदेखी कर शहर के 13 बिजलीघर में एसएसओ, लाइनमैन और पेट्रोलमैन कार्य को अंजाम दे रहे हैं। इनके कार्यक्षेत्र बदलवाने के लिए विद्युत निगम के अधिकारियों द्वारा खुली छूट दी जा रही है।

वर्ष 2023 के जून में एक दिवसीय दौरे पर रामपुर आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विद्युत निगम के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की थी। इस दौरान उन्होंने जिले के उपखंड अधिकारी, अवर अभियंताओं को निर्देश दिए थे कि वे कार्यों में सुधार लाए। उन्होंने मुरादाबाद

> जनपद में कई कर्मचारियों को स्थानातंरण किया। इसके लिए समस्त अधिशासी अभियंताओं से कहा गया है कि जल्द ही कर्मचारियों की तैनाती कराई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। -वीके आर्या, अधीक्षण अभियंता, मालगोदाम

मंडल के मुख्य अभियंता रविंद्र बंसल, अधीक्षण अभियंता राजीव गर्ग को निर्देश दिया था। जिन अधिकारियों, कर्मचारियों की शिकायतें आ रही है, उनके स्थानातंरण कराए जाए। जुलाई में मेहर इंटरप्राइजेज कंपनी ने जनपद के सभी बिजलीघरों में तैनात कर्मचारियों का स्थानांतरण किया था। शहर के 13 बिजली घरों में तैनात 60 कर्मचारी थे। इनमें लाइनमैन, एसएसओ, पेट्रोलमैन शामिल हैं। सिर्फ 35 कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। शेष कर्मचारी अभी तक वही डयूटी को अंजाम दे रहे हैं। इन सभी कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र बदलने में संबंधित बिजलीघर के जेई को नोटिस दिए गए।

नवाबगेट डिवीजन के अधिकारियों ने कहा था कि संबंधित जेई को कर्मचारियों को नवीन बिजलीघर पर तैनाती कराए। तैनाती नहीं होने पर संबंधित बिजलीघर के जेई का एक माह का वेतन काट दिया जाएगा। विद्युत निगम के अधिकारियों की दयादृष्टि के चलते नहीं हटाया गया है। जिन 60 कर्मचारियों को स्थानांतरण हुआ है।

समस्त कर्मचारियों की रिपोर्ट मालगोदाम सर्किल कार्यालय से मांगी गई तो इसमें नवाबगेट डिवीजन ने रिपोर्ट पेश की। इसमें अधीक्षण अभियंता वीके आर्या ने निर्देश दिया था कि समस्त कर्मचारियों की तैनाती नवीन बिजलीघर पर कराई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर एक्सईएन से शहर में 13 बिजलीघरों को अवर अभियंताओं को नोटिस जारी किए। लेकिन इसके बाद भी अभी कर्मचारी कार्यों को अंजाम दे रहे हैं।



# सरकरा हॉल्ट को रेलवे स्टेशन बनवाए सरकार

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा ज्ञापन, 2005 में केंद्र सरकार ने इस स्टेशन को बना दिया था हॉल्ट

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र के भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजेश सैनी के नेतृत्व में नगरवासियों ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि ग्राम सरकरा स्थित रेलवे हॉल्ट पहले स्टेशन हुआ करता था, जो कांग्रेस की केंद्र सरकार ने वर्ष 2005 में इस स्टेशन को हाल्ट बना दिया था। इससे व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी, ग्राम रतनपुरा, पिपलिया, कनोरा, कनोरी, महेशपुरा, रामजीवनपुर, जगन्नाथपुर, पट्टीकला, हसनपुर उत्तरी, परमानंदपुर, मुकंदपुर, मसवासी सहित अन्य गांवों के लोग सरकरा हाल्ट से ट्रेनों में आते-जाते है। यहां ट्रेन एक मिनट से भी कम समय के लिए रुकती है। इससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पूर्व सभासद कैलाश दिवाकर ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लाभार्थी सम्मान समारोह में प्रतिभाग करने के लिए बाजपुर आए थे। इसमें सुल्तानपुर पट्टी की जनता ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि सरकरा रेलवे हाल्ट जो पहले स्टेशन हुआ करता था, वर्ष 2005 में इसे स्टेशन से हटाकर हाल्ट में तब्दील कर दिया गया। इससे नगर सुल्तानपुर व आसपास क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और सरकरा रेलवे हाल्ट को फिर से स्टेशन में तब्दील कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वाले में हरीश चंद, राजकुमार सैनी, नन्हें सिंह मौर्य, दिलीप टिवाकर, धर्मवीर, सैना, लवीर दिवाकर आदि मौजूद रहे।



सरकरा के इस हॉल्ट को दोबारा रेलवे स्टेशन बनाने की उठाई मांग।


"जायरीन बरेली आला हजरत दरगाह आते-जाते रहते हैं। ट्रेन का हराव न होने से उन्हें बाजपुर रेलवे स्टेशन जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। बुजुर्ग यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। - मेहंदी हसन"


"पैसेंजटर ट्रेन भी सरकरा हॉल्ट पर नहीं रुकती है। कभी ही सवारी उतार देती है। लेकिन लंबे रूट की ट्रेनों का यहां टहराव नहीं है। इससे क्षेत्र के लोगों को अन्य स्टेशनों पर जाकर ट्रेन का सहारा लेना पड़ता है। -बब्लू"


"सरकरा रेलवे हाल्ट काफी दिनों से बदहाल है। किसी भी जनप्रतिनिधि ने इसका जीर्णोद्धार नहीं कराया है। किसी अधिकारी ने भी दिलचस्पी नहीं ली है। सरकरा का रेलवे स्टेशन का रुतबा बहाल हो। - मोहम्मद राशिद"


"किसी भी प्रतिनिधि ने पट्टीकला के नजदीक सरकरा रेलवे स्टेशन के विकास की बात नहीं की है। कांग्रेस सरकार में इसे हाल्ट बनाया गया। लोकल और लंबे रूट की ट्रेन यहां नहीं रुकती हैं। - कैलाश दिवाकर, पूर्व सभासद"

### एक नजर

## अस्पताल में चिकित्सक की महिला से नोकझोंक

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के चिकित्सक की दवा लिखवाने को महिला से नोकझोंक हो गई। यह देख अन्य कक्षों में मौजूद चिकित्सक भी मौके पर आ गए। उन्होंने चिकित्सक और महिला को शांत कराया। जिला अस्पताल के प्रथम तल पर काला पीलिया के मरीजों को डॉ. आरके पाल परामर्श देकर दवा लिखते हैं। गुरुवार दोपहर एक बजे महिला चिकित्सक के पास गई। उसके पर्चे पर दवा लिखी हुई थी। इसकी जानकारी उसने चिकित्सक से ली। इस पर चिकित्सक और महिला की कहासुनी हो गई। चिकित्सकों ने दोनों को समझाकर शांत कराया। कुछ देर बाद महिला ने सीएमएस से चिकित्सक की शिकायत की। सीएमएस ने दोनों को कक्ष में बुलाया। महिला ने बताया कि दवा और परामर्श के लिए जानकारी ली थी। जिस पर चिकित्सक उत्तेजित हो गए। मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. आरके मित्रा ने चिकित्सक से मरीजों के प्रति व्यवहार सही रखने की बात कही है।

### सार संक्षेप

## हर वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ : सुनीता


सुनीता का स्वागत करते पदाधिकारी।

**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वालानगर में पिछड़ा वर्ग समाजिक सम्मेलन में प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सुनीता सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ काम किया जा रहा है। ज्वालानगर में गुरुवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सामाजिक सम्मेलन हुआ। इसमें चेतन स्वरूप ने कहा कि घनश्याम सिंह लोधी को सांसद बनाया जाए। जो 2047 तक विकसित देश की श्रेणी में आ सके। संचालन नगराध्यक्ष हरीश कुमार प्रजापति ने किया। इस दौरान जगन सिंह लोधी, रामेश्वर दयाल गंगवार, सुररेश माली, लाखन मौर्य, प्रताप सिंह यादव, विष्णु सिंह रावत, हरकिशोर लोधी आदि शामिल रहे।


पैदल मार्च करते पुलिस और सीआरपीएफ के जवान। ● अमृत विचार

## सीआरपीएफ के जवानों ने किया पैदल मार्च

**शाहबाद, अमृत विचार :** त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीआरपीएफ के जवानों ने क्षेत्र में गुरुवार दोपहर पैदल मार्च किया। उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। शांति बनाए रखने की अपील की। सीओ अतुल पाण्डेय के नेतृत्व में फोर्स ने कस्बे से ग्राम जयतौली, मडैयान तुलसी, कासव नगला, धुरियाई आदि गांवों में पैदल मार्च किया। सीओ ने बताया कि होली, रमजान, ईद, लोकसभा चुनाव करीब हैं। इन सभी मौकों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

## छात्र-छात्राओं के कॅरिअर संवारने का दिया प्रशिक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज में चल रही कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर मुनाजिर हक ने प्रधानाचार्य व नोडल शिक्षकों को छात्र-छात्राओं के कॅरिअर संवारने के लिए प्रशिक्षण दिया। कहा कि प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में परामर्श केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय दो दिवसीय कॅरिअर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स कार्यशाला जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर ने प्रीटेस्ट तथा पोस्ट टेस्ट, जॉब कार्ड, ऑनलाइन प्रमाण पत्र की जानकारी दी। कॅरिअर गाइडेंस की नोडल रचना चतुर्वेदी ने बताया कि प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में परामर्श केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य अनुपम शर्मा, संजय कुमार, चंद्रशेखर यादव, अरविंद भास्कर, साधना विश्नोई, अनीता चौहान, प्रगति गोयल, रामचंद्र श्रीवास्तव, विनीता आर्य, गीता सैनी, विनोद कुमार, मोहन स्वरूप गंगवार, प्रतिभा सिंह समेत अन्य का योगदान रहा।

## अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ दी तहरीर

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार सुबह एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इसमें देवाशीष युवक मजाक उड़ा रहा है। इससे वैश्य समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। उन्होंने शहर कोतवाली पहुंचकर युवक के खिलाफ तहरीर दी। शहर कोतवाल विजयपाल सिंह ने बताया कि युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। तहरीर देने वालों में सुमित अग्रवाल, शलभ गोयल, मनोज गोयल, भास्कर अग्रवाल, नितिन गोयल, पुष्कर अग्रवाल और गोपाल गुप्ता आदि शामिल रहे।


कलशयात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** नगर के जनता इंटर कॉलेज के मैदान में डॉक्टर हुकुम सिंह सांगा की स्मृति में गुरुवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू हो गई। जो 21 मार्च तक चलेगी।

इससे पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई माता बेला भवानी मंदिर पर पहुंची। पूजा अर्चना कर जनता इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष हरिओम सिंह मय फोर्स के साथ रहे। कथा की शुरूआत कथावाचक पंडित गोविंद आचार्य ने की। बताया की श्रीमद् भागवत कथा ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इस दौरान पर डॉ. उमा सांगा, संजीव कुमार जोशी, मनोज कुमार जोशी, प्रवीण कुमार जोशी, शैलेश भटनागर, महिपाल सैनी, अमर सिंह जोशी, प्रेम जोशी, शिबोम शर्मा, सतपाल आदि रहे।


कथा सुनाते पंडित गोविंद आचार्य।

## सरकारी कार्यालयों में काम कर रहे निजी कर्मी, शिकायत

**शाहबाद, अमृत विचार:** कार्यालयों में निजी कर्मचारियों और तीन साल से अधिक समय से एक ही तहसील में हलका लेखपालों के खिलाफ बार ने डीएम को ज्ञापन भेजा है। बार अध्यक्ष रामौतार सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश हैं कि किसी भी सरकारी कार्यालय में न तो कोई निजी कर्मी और न ही कोई सेवानिवृत्त कर्मचारी तैनात रहेगा। लेकिन इसके बाद भी शाहबाद तहसील के कार्यालयों में निजी लोग काम कर रहे हैं। ये लोग गलत कामों में भी लिप्त रहते हैं, क्योंकि इनकी कोई जवाबदेही नहीं है। बार अध्यक्ष ने नियम का हवाला देकर तीन साल से तहसील और दो साल से एक ही हल्के में जमे लेखपालों के तबादले की मांग की है। पूर्ति कार्यालय के साथ ही सभी विभागों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की सिफारिश की है, जिससे लोगों के प्रति कार्यालयों में हो रहा व्यवहार सामने आ सके। पत्र पर महासचिव रामचंद्र दिवाकर के भी हस्ताक्षर हैं।



दिव्यांग शिशुओं के साथ माताएं। ● अमृत विचार

# दिव्यांग शिशुओं के माता पिता को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विकलांगता जागरूकता माह के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इसमें राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद उवैस ने दिव्यांग शिशुओं के माता-पिता को जागरूक किया। कहा कि जनपद में क्लब फुट से ग्रसित 47 बच्चों का मुफ्त में इलाज किया जा रहा है। जिसमें अनुष्का फाउंडेशन द्वारा सहयोग किया जाता है। जिला अस्पताल में आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. लखवीर सिंह ने कहा कि कोई ऐसी लाइलाज बीमारी नहीं है राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत उपचार मुफ्त में किया जा रहा है। इस दौरान सबाहत अली, मोहम्मद उवैस व शिशुओं के माता-पिता मौजदू रहे।


हिम्मतपुर में गोशाला का शिलान्यास करते पूर्व विधायक, एसडीएम व अन्य।

# हिम्मतपुर में पूर्व विधायक ने किया गोशाला का शिलान्यास

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** हिम्मतपुर क्षेत्र के किसानों को छुट्टा गोवंश से राहत मिलेगी। जल्द वहां गोशाला का निर्माण शुरू होगा। गुरुवार को पूर्व भाजपा विधायक काशीराम दिवाकर ने विधि विधान के साथ गोशाला का शिलान्यास किया।

बताया कि अभी तक हिम्मतपुर क्षेत्र में कोई गोशाला नहीं थी। किरा व दूर स्थित अन्य गोशालाओं में गोवंश संरिक्षत किए जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए अब हिम्मतपुर में भी गोशाला बनाई जा रही है। गुरुवार को शिलान्यास भी कर दिया गया। बीडीओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस गोशाला की क्षमता करीब 200 गोवंश की रहेगी। इस मौके पर एसडीएम सुनील कुमार प्रथम, संजीव पाण्डेय, संजीव राठौर, संजीव चौधरी आदि रहे।

# विद्या मंदिर कॉलेज की टीम जीती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सीनियर पुरुष वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता हुई। इसमें आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल में सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज की टीम ने राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय टीम को 16-10 के अंतर से हराकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता जीत ली।

प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच राजकीय रजा डिग्री कॉलेज और सरस्वती विद्या मंदिर की टीमों के बीच खेला गया। सरस्वती विद्या मंदिर ने 15-14 का स्कोर करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा पुल में राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय की टीम ने जैन इंटर कॉलेज को 11-4 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच सरस्वती विद्या मंदिर और राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय की टीमों के बीच खेला गया।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने 16-10 के स्कोर से जिला स्तरीय प्रतियोगिता से विजेता रहा। प्रतियोगिता की शुरूआत ओलंपियन आरएस रावत ने की। विजेता और उप विजेता टीम को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कबीरपाल सिंह यादव ने पुरस्कार दिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी जीडी बारीकी ने टीमों का आभार जताया।


प्रसन्न मुद्रा में विजेता टीम के खिलाड़ी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

**प्रतियोगिता**

▸▸ राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय टीम को 16-10 के अंतर से हराया

# चंपावत में खाई में गिरी कार, ग्रामीण की मौत

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

**अमृत विचार :** मसूरी से लौटते समय चंपावत में कार खाई में गिर गई। जिससे शाहबाद क्षेत्र के ग्रामीण की मौत हो गई। कार में सवार बदायूं जनपद के अन्य लोगों की भी मौत हुई है। सूचना के बाद परिजन चंपावत रवाना हो गए।

ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव गहनी निवासी मुनेंद्र कुमार मिश्रा (40) पुत्र छोटेलाल मिश्रा हरिद्वार में ई-रिक्शा चलाकर परिवार का लालन पालन पोषण कर रहा था। उसका परिवार गांव में ही रहता है। बताया गया है कि बदायूं जनपद से उसके कुछ जान-पहचान के लोग कार से मंसूरी घूमने गए थे। उन्होंने मुनेंद्र से संपर्क साधा और हरिद्वार से मुनेंद्र भी उनके साथ चला गया। बुधवार रात सभी मसूरी से आ रहे थे। चंपावत जिले में उनकी कार पहाड़ से खाई में गिर गई। हादसे में मुनेंद्र समेत कार सवार कई लोगों की मौत हो गई।



**संरक्षण** दो ब्लॉक क्षेत्रों में तलाश की जा रही छह गोशालाओं के लिए भूमि, गोवंश आश्रय के लिए गोशाला का हो रहा क्षमता विस्तार

# दनकरा की गोशाला में 300 गोवंश को किया जाएगा संरक्षित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में खेत में गोवंश फसल को नुकसान पहुंचा देते हैं। इस समस्या को लेकर किसान प्रदर्शन करते रहते हैं। कभी गोवंश को बेसिक विद्यालय में बंद करने की खबरें भी आती रहती हैं। किसानों की परेशानी को देखते हुए प्रशासन जिले के विभिन्न ब्लॉक क्षेत्रों में गोशालाओं के लिए भूमि चिह्नित कर रहा है। कुछ गोशालाओं में क्षमता का भी विस्तार किया गया है। गांव दनकरा में एक गोशाला का निर्माण हो रहा है। इसमें सैकड़ों गोवंश को आश्रय मिलेगा।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने 800 गोवंशों को संरक्षित करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया। इस निर्देश पर मुख्य पशु चिकित्सा विभाग ने 1 नवंबर से 15 फरवरी तक 800 गोवंश के सापेक्ष 1018 गोवंश को जिले की विभिन्न गोशालाओं में संरक्षित कर दिया। गोवंश की संख्या बढ़ने पर उनके रहने-खाने की असुविधा हुई तो प्रशासन ने जिले में गोशाला के विस्तार एवं निर्माण का विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत मुख्य पशु चिकित्सा विभाग के निर्देशन में चार अस्थायी गोशालाओं का निर्माण हुआ। इसमें ब्लॉक शाहबाद के ग्राम ऊंचा एवं ढकिया में 210 गोवंश को संरक्षित किया गया। ब्लॉक मिलक के ग्राम परम में 199 एवं ब्लॉक बिलासपुर के ग्राम खजुरिया में 53 गोंवश को अस्थायी गोशाला का निर्माण करते हुए उन्हें संरक्षित किया गया। तीन गोशालाओं का क्षमता विस्तार भी किया गया। गोशाला में टिनशेड बनवाए गए हैं। ब्लॉक शाहबाद के गांव किरा स्थित गोशाला का क्षमता विस्तार कर चार टिनशेड डाले गए हैं। इसमें 1024 गोवंश को संरक्षण दिया गया। ब्लॉक चमरौआ के गांव मडैया उदयराज स्थित गोशाला में एक टीनशेड का निर्माण कर 25 गोवंश को संरक्षित किया। ब्लॉक बिलासपुर के गांव चौकोनी स्थित गोशाला में एक टिनशेड में 22 गोवंश का संरक्षण हुआ। अस्थायी गोशाला का निर्माण मनरेगा, जिला पंचायत, ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधान ग्राम निधि के माध्यम से होता है। जबकि स्थायी गोशाला का निर्माण प्रशासन स्वयं करता है। अभियान तहत अन्य अस्थायी गोशाला के लिए भूमि को चिह्नित किया जा रहा है। इसमें ब्लॉक बिलासपुर व ब्लॉक शाहाबाद में तीन-तीन गोशालाओं के लिए भूमि का चिन्हांकन किया जा रहा है। चयन होते ही गोशाला का निर्माण किया जाएगा। दनकरा में एक गोशाला का निर्माण हो रहा है। इसमें 300 गोवंश को आश्रय मिलेगा।


गांव दनकरा में हो रहा गोशाला का निर्माण।

"जो गोवंश निराश्रित होते हैं, उनको संरक्षण दिया जाता है। गोशाला के क्षमता विस्तार में टीनशेड डाल दिए जाते हैं। शासन से प्रति गोवंश के लिए 50 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाता है। 20वीं पशुगणना के आधार पर 160122 गोवंश पाए गए। वर्ष 2024 में 21वीं पशुगणना प्रस्तावित है। - डॉ. महेश कुमार कौशिक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी"



## एक नजर

### राज्यमंत्री ने किया शिव मंदिर का उद्घाटन

**अगवानपुर, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में कांठ रोड स्थित शिव मंदिर का राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने उद्घाटन किया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने राज्यमंत्री का स्वागत किया। राज्यमंत्री ने मंदिर का उद्घाटन करने के बाद भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। पूर्व विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू, राजीव गुप्ता, संजीव र गुप्ता, सुमन देवी, अभिनव गुप्ता, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, मंडल अध्यक्ष अक्षय गुप्ता मौजूद रहे।

### भाभर स्टेशन पर रुकेगी आला हजरत एक्सप्रेस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 14321 बरेली–भुज एक्सप्रेस का शुक्रवार 15 मार्च से रात्रि 03 :20 बजे से 03 :22 बजे तक और ट्रेन संख्या 14322 भुज –बरेली एक्सप्रेस का रात्रि 22 :48 बजे से 22 :50 बजे भाभर स्टेशन पर ठहराव होगा।

भाजपा कार्यालय में राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने पत्रकारों से बातचीत की, केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

# मंडल की सभी सीटों पर जीतेंगे पार्टी के प्रत्याशी, फिर बनेगी मोदी सरकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि मंडल के सभी लोकसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी जीतेंगे। प्रदेश की 80 सीटों पर जीत के साथ अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा होगा।

यह बातें राज्यमंत्री ने गुरुवार को मुरादाबाद प्रवास के दौरान बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों के कार्यकाल में देश व प्रदेश में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं। डबल इंजन की सरकार ने विकास के संकल्प को पूरा कर खुद को साबित कर दिया है। लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद मंडल की छह सीटों के साथ प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत होगी।



भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते राज्यमंत्री बलदेव औलख। ● अमृत विचार

इसके पहले उन्होंने पार्टी की ओर से आयोजित कई कार्यक्रमों में सहभागिता की। कहा कि मुरादाबाद को हवाई अड्डे का उपहार होली से पहले देकर सरकार ने यहां के लोगों को बड़ी उपलब्धि दी है। मुरादाबाद के लोगों को वंदे भारत ट्रेन भी मिली हैं। सरकारी विश्वविद्यालय की मांग भी पूरी हो गई है। इस दौरान लोकसभा क्षेत्र संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता, पार्टी जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, कमल गुलाटी, दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, महानगर मीडिया प्रभारी राहुल सेठी, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जायसवाल, हरिओम सैनी आदि उपस्थित रहे।

# प्रत्याशी घोषित न होने पर सस्पेंस बरकरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **दावेदारों के चेहरे लटके, दो पूर्व सांसदों के अलावा कई अन्य नाम भी टिकट के लिए चर्चा में शामिल**
- **दो अभिनेत्रियों का नाम भी चर्चा में, कंगना व जयाप्रदा पर लगाए जा रहे कयास**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व द्वारा बुधवार को जारी लोकसभा प्रत्याशियों की दूसरी सूची में भी मुरादाबाद सीट से प्रत्याशी की घोषणा न होने से सस्पेंस बरकरार है। इस सीट पर दो पूर्व सांसदों के अलावा कई अन्य नाम जिसमें दो अभिनेत्रियों कंगना रनौत व जयाप्रदा का नाम भी चर्चा है। गुरुवार को एक मामले में कोर्ट में पेशी के लिए आईं जयाप्रदा ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह कहकर सस्पेंस और गहरा दिया कि पार्टी नेतृत्व जहां से कहेगा चुनाव लड़ेंगी।

2019 के लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद सीट पर भारतीय जनता पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। समाजवादी पार्टी के डॉ. एसटी हसन ने भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश को हराकर सपा की साइकिल को दिल्ली पहुंचा दिया था। इसके बाद 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में जिले की छह विधानसभा सीटों में से पांच पर कमल मुरझा गया, जैसे तैसे केवल नगर विधानसभा सीट पर भाजपा के रितेश गुप्ता दूसरी बार जीतने में सफल रहे। जबकि 2017 में भाजपा के पास जिले में दो सीटें थीं। ऐसे में भाजपा नेतृत्व द्वारा अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करने के लिए हर सीट पर जीत का आंकड़ा फिट करने के लिए मंथन किया जा रहा है। पिछले चुनाव में मिली हार से भाजपा नेतृत्व प्रत्याशी चयन में सतर्कता बरत रहा है। हर सीट पर जीत अहम मानी जा रही है। पार्टी की ओर से चल रहे कार्यक्रमों में लगातार प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतकर केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया जा रहा है। जिसे साकार करने में मंडल की सभी सीटों पर भाजपा गंभीर है। हालांकि मंडल की छह में से चार सीटों पर भाजपा नेतृत्व प्रत्याशी घोषित कर चुका है। बिजनौर सीट गठबंधन के तहत रालोद के खाते में है। ऐसे में अब सिर्फ मुरादाबाद सीट पर सबकी नजर टिकी है।

### फूलदेई पर्व पर घरों के प्रवेशद्वार पर फूल चढ़ाए

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गोपालदत्त शिक्षण समिति और यश फाउंडेशन की ओर से मीरपुर कॉलोनी में देवभूमि उत्तराखंड का लोकपर्व फूलदेई मनाया। जिसमें बच्चों ने घर के प्रवेश द्वारों पर फूल चढ़ाए और मंगलगीत गाए।

प्रकृति संरक्षण का महत्व बताने वाले लोकपर्व पर उत्तराखंड के परिवारों और बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। चामुंडा माता मंदिर मीरपुर से फूलदेई पर्व आरंभ हुआ। बच्चों ने घर के प्रवेश द्वारों पर फूल चढ़ाकर मंगलगीत भी गाए। यश फाउंडेशन के चेयरमैन हरीश बोरा ने बताया अल्मोड़ा उत्तराखंड की संस्था गोपालदत्त शिक्षण समिति की ओर से फूलदेई लोक पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान ठाकुर सिंह, महेंद्र शाह, भूपाल मेहरा, राजेंद्र बगारी, भुवन बिष्ट, राजीव पंत, कैलाश भैरव दत्त, मोहन चंद्र भट्ट, तारादत्त तिवारी, आशा बिष्ट, हेमा बोरा, नीमा बिष्ट, रचना बिष्ट, कमला मनराल आदि रहे।

# बदलाव : युवाओं में समय के साथ कम हो रहा होली का क्रेज

## डीजे पर अक्सर होते हैं विवाद, नशे से भी होती है परेशानी

होली के रंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** समय के अनुसार सब कुछ बदल जाता है। कुछ ऐसा ही मनुष्य के जीवन जीने के तरीकों में देखने को मिलता है। एक समय था जब युवाओं में होली खेलने का क्रेज रहता था। लेकिन, अब रंगों से कुछ युवा दूरी बना रहे हैं। होली पर कई लोग नशा भी करते हैं। जिससे दर्जनों सड़क हादसे होते हैं। डीजे पर होने वाले विवादों से होली खेलने का मजा भी किरकिरा हो जाता है।

हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में होली का विशेष महत्व है। इसे लोग बेहद उत्साह से मनाते रहे हैं। लेकिन, समय बदलने के साथ युवा होली के हुड़दंग से बच रहे हैं। पहले रंगों के त्योहार में शामिल होने के लिए युवाओं में होड़ रहती थी, लेकिन वर्तमान में युवा रंगों से दूरी बना रहे हैं। समय में बदलाव हुआ तो अब त्योहार मनाने का तरीका भी बदल गया। व्यस्तता भरी जिंदगी व आधुनिकता के इस युग में युवा अपनी परंपरा व संस्कृति भूलते जा रहे हैं। अब होली का मतलब सिर्फ गुलाल लगाने भर से रह गया है। युवाओं का कहना है कि अब उन्हें रंगों से होली खेलने में ज्यादा रुचि नहीं है।



होली को लेकर अब उतनी रुचि नहीं रही, बचपन में होली जमकर खेलते थे। लेकिन, अब रंगों से खेलना बोरिंग लगता है। फिजूल में विवाद भी हो जाते हैं। इसलिए न ही किसी को रंग लगाते हैं और न किसी को लगाने देते हैं।
**– वैशाली**



अब रंगों से होली बहुत ही कम खेली जाती है। ज्यादातर गुलाल से ही मौज– मस्ती काफी हो जाती है। क्योंकि, बाजार में केमिकल मिले रंग बिकने लगे हैं। इसके प्रभाव से चेहरा खराब होने की संभावना होती है, इसलिए गुलाल से ही होली खेलेंगे।
**– अदिति**



बचपन में पहले हम अपने मित्रों के साथ होली को बहुत ही उत्साह के साथ मनाते थे। लेकिन, समय के साथ दोस्तों का साथ छूटता गया। अब होली के रंग फीके से लगते हैं। अब होली का उल्लास कम हो गया है। **–कुशल शर्मा**



इस बार की होली हम उनके साथ मनाएंगे, जिनका अपना कोई नहीं है। कोशिश करुंगा कि गुलाल और रंगों के साथ ही उनके जीवन में रंग भर सकूं।
**– हिमांशु शर्मा**

- **केमिकल होने के कारण भी रंगों से दूर हो रहे युवा**
- **व्यस्तता के कारण भी त्योहारों को समय नहीं दे पा रहे**

# दूध, दही, कुट्टू के आटे का लिया नमूना

- **कई दूधिये जांच टीम को देखकर दूध की कैन फेंककर भागे, नमूने जांच के लिए भेजे**



जांच के लिए दूध का नमूना लेती खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गुरुवार को महानगर व देहात क्षेत्र में कई जगह दुकानों पर छापेमारी की। इसके अलावा दूधियों को रोक कर दूध का नमूना लिया। टीम को देखकर कई दूधिये कैन फेंककर भाग गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने दूध, दही व कुट्टू के आटे का कुल 16 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे।

गुरुवार को टीम ने भोजपुर के बीजना निवासी सुखवीर से मिश्रित दूध का नमूना लिया। जबकि फुरकान निवासी सैंदा तहसील सदर की डेयरी से दही का नमूना लिया गया। धर्मपाल निवासी रुस्तमपुर तिगरी से दूध का नमूना, कय्यूम अली से मिश्रित दूध, भूरे सिंह के प्रतिष्ठान से कुट्टू के आटे का नमूना लिया। अरमान अली निवासी सिकन्दराबाद, रियासत निवासी चूहा नगला, शाहिद अली निवासी कसिया गुंडा के प्रतिष्ठान से मिश्रित दूध का नमूना लिया गया। इसके अलावा ओमवीर निवासी दोलारी, नवी हुसैन निवासी वीरपुर वरियार से गाय के दूध का नमूना लिया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि टीमों ने 16 नमूने लिए। जिसमें दूध के 14, दही व कुट्टू के आटे का एक-एक नमूना शामिल है। जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश, वीरेश पाल, एसएसडी सच्चन, अमिता जिज्ञासु, ज्योत्सना त्रिपाठी, जगदंबा प्रसाद, पीके त्रिपाठी, ओमपाल सिंह, राजीव कुमार वर्मा, धर्मपाल सिंह, धीरज कुमार आदि शामिल रहे।


सर्किट हाउस सभागार में बैठक करते संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार व उपस्थित विभागीय अधिकारी व एजेंसियों के प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

# खाद्यान्न उठान में आवश्यकता के अनुसार करें छोटे वाहनों का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था को लेकर गुरुवार को सर्किट हाउस सभागार में संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न उठान में आवश्यकतानुसार छोटे वाहनों का भी प्रयोग करें।

खाद्यान्न उठान में नियुक्त परिवहन ठेकेदारों का कार्यकाल लगभग समाप्त होने को है। इसको देखते हुए परिवहन ठेकेदारों से निविदा मांगी गई है। जो ई टेंडरिंग के माध्यम से आनलाइन खुलेगी। ई टेंडरिंग के माध्यम से परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति के संबंध में संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में आनलाइन टेंडर अपलोड किए जाएं।

आवश्यकतानुसार छोटे वाहनों का प्रयोग किया जाए। जिससे हर हाल में कोटेदारों तक खाद्यान्न पहुंचना सुनिश्चित हो सके। बैठक में उपायुक्त खाद्य ओमप्रकाश, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी बिजनौर अमित द्विवेदी, संभल विजयेता सिंह, ठेकेदार उमेश नारंग, संजीव यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तीन दिन महानगर में रहेंगे धीरेंद्र शास्त्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बाबा नीम करौली आश्रम ट्रस्ट और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को दिल्ली रोड स्थित होटल में हुई। इसकी अध्यक्षता विनीत कुमार लोहिया ने की। इसमें 18 से 20 मार्च तक होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई।


कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारी।

पदाधिकारियों ने बताया कि 17 मार्च को कलश यात्रा महाकालेश्वर धाम मंदिर से निकाली जाएगी। 18 मार्च को पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पीठाधीश्वर श्री बागेश्वर धाम सरकार के द्वारा हनुमंत कथा का आरंभ किया जाएगा। 19 मार्च को बाबा बागेश्वर का दिव्य दरबार लगेगा। 20 मार्च को हनुमंत कथा व्यास द्वारा सुनाई जाएगी। इसमें श्री हनुमंत कथा और दिव्य दरबार के आयोजन को भव्य बनाने के लिए धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों को सहयोग के लिए जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, पार्किंग व्यवस्था, खोया पाया शिविर, साफ सफाई, यातायात व्यवस्था के बारे में लोगों को जुटने के लिए कहा गया। इस दौरान विभोर कुमार गुप्ता लोहिया, अनिल कुमार शर्मा, राकेश कुमार गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, शैलेंद्र, प्रकाश गुप्ता, विनोद राय, देवेंद्र बिष्ट, संजीव आदि मौजूद रहे।

### विद्यालय का कॅरिअर गाइडेंस में विशेष महत्व

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय कॅरिअर गाइडेंस प्रशिक्षण का आरंभ मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में किया। इसका उद्घाटन संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी ने किया।

प्रशिक्षण में जनपद के 37 राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य व विद्यालय स्तर पर नामित नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जेडी ने बताया कि इस प्रशिक्षण विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य निर्धारण व कॅरिअर के चुनाव में सहायक सिद्ध होगा। मंडलीय मनोविज्ञान अधिकारी डॉ. रीना तोमर ने प्रधानाचार्यों तथा नोडल शिक्षकों को बताया कि विद्यार्थियों को उनके कॅरिअर गाइडेंस में विद्यालय का विशेष महत्व है। इस मौके पर डॉ. मुक्ता असनान, अभिषेक भारद्वाज, डॉ. रश्मि विमल, डॉ. नविता भटनागर, तोमर, डॉ. नीलम आदि रहे।

# सफाईकर्मियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों व सफाई कर्मियों ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को दिया।

संघ के जिलाध्यक्ष नीरज पाराशर, प्रदेश मंत्री मुरारी लाल, मंडल अध्यक्ष सुनील कांत आदि के नेतृत्व में पदाधिकारी व सफाई कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कहा कि सरकार संविदा कर्मियों के हक की अनदेखी कर रही है। जबकि संविदा सफाई कर्मचारी महानगर को साफ रखने में भूमिका निभाते हैं। प्रदर्शन के बाद 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया। इसमें 2006 से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को स्थायी करने, कई वर्षों से कार्यरत ठेका सफाई कर्मचारियों को संविदा में परिवर्तित कर समान कार्य का समान वेतन के अनुसार 18,000 रुपये प्रतिमाह वेतन देने, मानक के आधार पर निकायों में एक लाख स्थायी सफाई कर्मचारियों की भर्ती करने, निकायों में प्राइवेट कंपनी व निजीकरण की व्यवस्था समाप्त करने की मांग की। इसके अलावा अन्य मांगों में राजकीय कर्मचारियों की तरह सफाई कर्मियों को नगदी रहित चिकित्सा सुविधा देने, संघ को दारूल सफा में कार्यालय आवंटित करने, कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारी की सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर परिवार के किसी सदस्य को मृतक आश्रित के रूप में नौकरी देने आदि मांगें शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष महेंद्र सिंह पप्पे, राहुल कुमार, धर्मेंद्र मुल्तानी, प्रभात कुमार, शेखर, विमल सरन, किशन सहित अन्य लोग शामिल रहे।


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के कार्यकर्ता।

### कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति रही प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम के करवट लेने के साथ ही बिजली गुल होने लगी है। आपूर्ति बाधित होने से महानगर के उपभोक्ताओं को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे रोजेदारों को भी परेशानी हो रही है।

गुरुवार को महानगर के कई मोहल्लों में सुबह से ही बिजली गुल हो गई, जो शाम के बाद सुचारु हो सकी। वहीं रोजेदारों को भी बिजली गुल होने से दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। मकबरा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की खराब स्थिति को लेकर रोजेदारों में नाराजगी भी है।

हरथला क्षेत्र में भी आपूर्ति प्रभावित रही। अधीक्षण अभियंता नगर मुनीष चोपड़ा के मुताबिक विभाग द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं, जिसके चलते शटडाउन लिया जा रहा है।

शैक्षणिक भ्रमण — राष्ट्रीय विज्ञान संस्थान में एक्सपोजर विजिट के लिए छात्रों का दल दिल्ली पहुंचा

# विज्ञान के अविष्कारों और गतिविधियों को देख बच्चे हुए खुश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूलों के बच्चों का दल शिक्षकों के साथ एक्सपोजर विजिट के लिए राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, दिल्ली पहुंचा।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत आयोजित एक्सपोजर विजिट पर जाने वाले दल को गुरुवार सुबह एडी बेसिक शिक्षा बुद्धप्रिय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। दोपहर में बच्चे दिल्ली पहुंच गए। बच्चे वहां लगी विज्ञान प्रदर्शनी देखेंगे और नई वैज्ञानिक जानकारियां लेंगे।

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय विज्ञान संस्थान में आयोजित एक्सपोजर विजिट के लिए महानगर के जूनियर हाईस्कूलों के 100 बच्चे नगर शिक्षाधिकारी मनोज कुमार बोस, राहुल शर्मा आदि के साथ दो बसों से भेजे गए थे। मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्धप्रिय सिंह ने छात्रों को कैप पहनाया। कहा विज्ञान के ज्ञान के बिना अब जीवन में तरक्की संभव नहीं है।


नई दिल्ली के राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र पहुंचे स्कूलों के बच्चे। साथ में नगर शिक्षाधिकारी व शिक्षक। ● अमृत विचार

नई तकनीक सीखने से अवसर बढ़ते हैं। इसलिए विज्ञान के प्रति छात्रों का रुझान अधिक होना चाहिए। इस दौरान इन स्कूलों के विज्ञान शिक्षक भी मौजूद रहे। एक्सपोजर विजिट के दौरान बच्चों ने राष्ट्रीय विज्ञान संस्थान में विज्ञान के आश्चर्यजनक अविष्कारों और गतिविधियों को देखकर उसके बारे में जानकारी ली। इसके बाद बच्चों ने इंडिया गेट को भी देखा और अमर जवान ज्योति पर देश के अमर शहीदों को नमन किया।

कक्षा आठ के सूरज, कक्षा सात के अनम, हमजा के अलावा अन्य बच्चों चन्द्रदीप, अफसा, अरबाज, आफरीन, कृष्णा, प्रिंस, अरमान, सागर, तनुजा भारती आदि ने कहा कि विज्ञान के अविष्कार और चमत्कार देखकर आश्चर्य की सीमा नहीं रही। इस दौरान नगर शिक्षाधिकारी मनोज कुमार बोस के साथ रत्नेश बाला, प्रतिमा कुमारी, राहुल शर्मा, आशा बडोला, नमिता गुप्ता, प्रशांत कुमारी, ममता बाली, शालिनी सिंह सहित अन्य शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण को जेसीबी से किया ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से काजीपुरा में की जा रही अवैध निर्माण को जेसीबी द्वारा ध्वस्त कराया। एमडीए की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के काजीपुरा स्थित प्रेमनगर में मोमिन नाम के व्यक्ति द्वारा 15 बीघा जमीन पर प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण किया जा रहा था। इसकी शिकायत एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार से की गई। अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर एमडीए उपाध्यक्ष ने कार्रवाई के आदेश दिए। जिसके तहत गुरुवार को एमडीए के सहायक अभियंता केके शुक्ला, अवर अभियंता मनोज सिंह प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम व सिविल लाइंस पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेसीबी से ध्वस्त कराया गया। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए कोई भी निर्माण कार्य नहीं कराए। ऐसा पाये जाने पर प्राधिकरण द्वारा इसे सुसंगत धारा में कार्रवाई करते हुए कभी भी ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसी प्रकार बहुत स्थानों पर अनियोजित रूप से अवैध प्लाटिंग कुछ लोगों द्वारा की जा रही है, ऐसे समस्त भूखंड अवैध हैं तथा ऐसे भूखंडों पर कोई भी निर्माण अवैध माना जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण कभी भी ऐसे निर्माणों को चिन्हित कर नियमानुसार ध्वस्त कर सकता हैं। जिसकी समस्त जिम्मेदारी निर्माणकर्ता की ही होगी।


काजीपुरा के प्रेम नगर में अवैध निर्माण तोड़ती एमडीए की जेसीबी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### चिटफंड कंपनी पर लाखों रुपये के गबन का आरोप

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर में चौपला पर एक चिटफंड कंपनी का कार्यालय खोला गया था। महिलाओं से इश्योरेंस के नाम पर लाखों रुपये हड़पने के बाद कार्यालय बंद कर दिया गया। निर्धारित समय के बाद लोग अपने पैसे लेने गए तो कार्यालय बंद मिला। गुरुवार की शाम करीब 30 महिलाएं थाने पहुंची और कंपनी पर लाखों रुपये का घोटाला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### साप्ताहिक बाजार का ठेका

**डिडौली, अमृत विचार :** एसडीएम की मौजूदगी में नगर पंचायत सभागार में गुरुवार को साप्ताहिक बाजार के ठेके की नीलामी हुई। नगर पंचायत सभागार में जोया में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के ठेके की बोली लगाई गई। एसडीएम विभा श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी विपिन सेंगर, नगर पंचायत अध्यक्ष जुबैर अहमद तथा सभासदों की मौजूदगी में आफताब आलम के नाम खुली बोली में 97 .15 लाख में साप्ताहिक बाजार का ठेका हुआ।

# नहीं रुक रहा भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी का विरोध

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** अमरोहा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा। भाजपा के जिला स्तरीय एक पदाधिकारी से कार्यकर्ता द्वारा विरोध दर्ज कराते हुए ऑडियो वायरल हो गई। वायरल ऑडियो में कार्यकर्ता सांसद प्रत्याशी का बहिष्कार करने की बात कह रहा था।

भाजपा ने इस बार चुनाव में इस बार 400 पार का नारा दिया है। लेकिन पार्टी का यह नारा अमरोहा लोकसभा में कार्यकर्ताओं के विरोध के चलते पूरा होता नहीं दिख रहा। पार्टी हाई कमान ने जब से अमरोहा लोकसभा सीट पर चौधरी कंवर सिंह तंवर की घोषणा की है, तभी कभी व्हाट्सएप ग्रुप में विरोध तो कभी कार्यकर्ताओं की सांसद प्रत्याशी के बहिष्कार की ऑडियो वायरल हो रही है। ऑडियो में कार्यकर्ता एक जिला पदाधिकारी से सांसद प्रत्याशी का विरोध कर रहा है। कह रहा है कि वह पूर्व विधायक के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आईटी एवं ओटी कर चुका है। वह और उसकी बिरादरी सांसद प्रत्याशी का बहिष्कार करती है।

**जिला स्तरीय पदाधिकारी से विरोध दर्ज कराते कार्यकर्ता का ऑडियो वायरल**

ऑडियो में भाजपा के जिला पदाधिकारी कह रहे हैं कि यह चुनाव कंवर सिंह तंवर का नहीं है, मोदी का है। लेकिन कार्यकर्ता का कहना है कि वह मोदी को तो वोट दे सकते हैं, मगर कंवर सिंह तंवर को नहीं। सूत्रों की माने तो सांसद प्रत्याशी एवं जनपद के कुछ जनप्रतिनिधियों में भी मतभेद हैं। अगर ऐसे ही विरोध चलता रहा तो अमरोहा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पार्टी को कैसे जीत दिला पाएंगे।

## तीन मुस्लिम परिवार कई पुश्तों से होली की टोपियां बनाकर दूसरे राज्यों में कर रहे सप्लाई

# टोपी से होली में रंग भरकर मिसाल कायम कर रहे मुस्लिम परिवार

प्रबल प्रभाकर, अमरोहा

**अमृत विचार :** होली भले की हिंदुओं का त्योहार है मगर इसमें रंग भरने का काम तीन मुस्लिम परिवार भी कर रहे हैं। शहर के तीन मुस्लिम परिवार पुश्तों से होली की टोपियां बनाकर अमरोहा ही नहीं बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों में सप्लाई कर होली में रंग भर रहे हैं। होली की टोपी अमरोहा की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है। इस बार भी हुरियारों के सिर पर इनकी बनी टोपी नजर आएगी।

होली पर अमरोहा की टोपी की जबरदस्त मांग रहती है। शहर के मोहल्ला बटवाल में रहने वाले तीन मुस्लिम परिवार करीब छह दशक से होली की टोपी तैयार करते आ रहे हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी यह कार्य चलता आ रहा है। अब नसीम बेग के हाथ से बनी होली की टोपी अमरोहा ही नहीं बल्कि राज्य के कई जनपदों और देश के अलग-अलग राज्यों में हिंदुओं के सिर चढ़कर बोलती है। नसीम बेग के परिवार की महिलाएं भी इस कार्य में उनका हाथ बंटाती है। होली से करीब तीन माह पूर्व परिवार के लोग हाथ से टोपियां बनाना शुरू कर देते हैं। ताकि समय पर ऑर्डर पूरा कर सकें।

नसीम बेग बताते हैं कि हर साल कई लाख टोपियां सप्लाई की जाती हैं। वह होली की रंगीन टोपियों में रंग भर कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता की मिसाल बनकर खुशी महसूस करते हैं। उनका कहना है कि होली की टोपियां साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे का भी प्रतीक हैं। उन्होंने बताया अब इस धंधे में विशेष लाभ नहीं है, परंतु पारिवारिक विरासत को निभा रहे हैं ताकि एकता की परंपरा कायम रहे।



होली की टोपी बनाता कारीगर। ● अमृत विचार



होली की टोपी। ● अमृत विचार

### केसरिया टोपी की बढ़ी मांग

**अमरोहा, अमृत विचार :** उन्होंने बताया कि होली पर वैसे तो वह सब रंगों की टोपियां बनाते हैं। सभी पर शुभ होली भी लिखा होता है। लेकिन इस बार केसरिया टोपी भी बनाई है। छोटे दुकानदारों ने भी केसरिया टोपी का ही ऑर्डर दिया है।

### चुनाव के लिए भी बनाई जाती हैं टोपियां

नसीम बेग का परिवार केवल होली ही नहीं बल्कि चुनाव के लिए राजनीतिक टोपियां भी बनाते हैं। देशभर के छोटे-बड़े नेता इस परिवार के हाथों की बनी टोपी पहनते हैं। नसीम बेग ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में कई राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के लिए चुनाव चिन्ह छपी टोपियां बनाई थीं।

# बाग में फंदे पर लटक कर युवक ने दी जान

## पांच दिन पूर्व विवाद के चलते मायके चली गई थी पत्नी, फोन पर भी हुआ था झगड़ा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** आम के बाग में युवक का शव फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों के मुताबिक युवक का अपनी पत्नी पांच दिन पहले विवाद हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है।



मृतक सुमित।

क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोंसाई निवासी 28 वर्षीय सुमित पुत्र चंद्रपाल क्षेत्र में ही संचालित एक कालेज की कैंटीन में खाना बनाने का काम करता था। परिजनों के मुताबिक पांच दिन पहले उसका अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद पत्नी मायके चली गई। सुमित जब अपनी ससुराल पहुंचा तो वहां भी दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद सुमित अकेला घर लौट आया। बुधवार को उसका पत्नी से फोन पर फिर से विवाद हो गया। इससे परेशान सुमित बुधवार की रात किसी समय घर से निकल गया। गुरुवार की सुबह गांव से करीब एक किमी दूर गजरौला मार्ग पर आम के बाग में उसका शव पेड़ पर दुपट्टे से फंदे पर लटका मिला। सूचना पर सुमित के परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### पंजाब के पठानकोट में डिडौली निवासी मजदूर शिवकुमार की मौत

**डिडौली, अमृत विचार :** एक वर्ष पहले रेलवे में मजदूरी करने गया व्यक्ति डीसीएम से ग्रिल उतारते समय घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार को शव गांव पहुंचा। परिजनों की मांग पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वासीपुर निवासी शिवकुमार (45) एक वर्ष पहले पंजाब के पठानकोट में रेलवे यार्ड में मजदूरी करने गया था। 13 मार्च को डीसीएम से उतारते समय ग्रिल शिवकुमार के ऊपर गिर गयी थी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गयी। ठेकेदार ने परिजनों को फोन पर सूचना दी और उसका शव लेकर गांव पहुंचे। शव गांव में पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। शंका होने पर पत्नी शारदा, पिता लक्ष्मण सिंह व मां ओमवती अन्य परिजन के साथ शिवकुमार का शव लेकर कोतवाली पहुंचे। बड़े बेटे अमित कुमार ने पोस्टमार्टम की मांग की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक शिवकुमार।

### दोस्त की शादी से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में गई जान

**हसनपुर, अमृत विचार :** दोस्त की बारात से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिवार में कोहराम मचा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर निवासी लोकेश की बरात बुधवार की शाम थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव शीतला सराय गई थी। अल्लीपुर मिलक निवासी हरि सिंह व गांव का हुकम सिंह भी बरात में गए थे। वहां से देर शाम घर लौट रहे थे। रहरा अड्डे के नजदीक उनकी बाइक को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर दी। हादसे में हरि सिंह (30) की मौके पर मौत हो गई जबकि हुकम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हरि सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। हरि सिंह के परिवार में पत्नी इंद्रावती, एक बेटी व दो बेटे हैं। वह मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



मृतक हरि सिंह।

## छेड़छाड़ को लेकर मारपीट, बीच-बचाव में आया युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में छेड़छाड़ को लेकर हुई मारपीट में बीच-बचाव को आया युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पीड़िता के परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की प्रातः छात्रा के साथ छेड़छाड़ को लेकर मारपीट हो गई। इस दौरान बीच-बचाव को आए गांव का ही हाशिम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को नगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है पीड़िता नगर स्थित एक डिग्री कॉलेज में बीए में पढ़ती है। छात्रा अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। वहीं घायल हाशिम के परिजनों ने भी तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।




सैदनगली में रोड का उदघाटन करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी। ● अमृत विचार

# विधायक ने किया सीसी रोड का उद्घाटन

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर पंचायत में हुसैनपुर मार्ग तक मोहल्ला इंकौदा में नारायण के मकान से संतराम प्रजापति के मकान तक 200 मीटर सीसी रोड का उदघाटन किया। इसके अलावा बबलू के मकान से नन्हे पाल के मकान तक 100 मीटर सीसी सड़क का हसनपुर के विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के साथ फीता काटकर शिलान्यास किया। इस दौरान स्वच्छता प्रेरक अभिनव कौशिक, देवेन्द्र खड़गवंशी, सभासद अमित भाटी, अमित प्रजापति, बागेश चौधरी, नीरज कश्यप, सूखा खड़गवंशी, नीतू भाटी, सुरजीत चौधरी, दयानंद चौधरी, नरेश खड़गवंशी, पुनीत चौधरी, कुलदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### 630 मीटर लंबी दो सीसी सड़कों का किया लोकार्पण

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के दो गांवों में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने 630 मीटर लंबी दो सीसी सड़कों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा सरकार बिना भेदभाव के काम कर रही है। तहसील क्षेत्र के ग्राम भदौरा में पंचायत घर से गांव बाला नांगल तक 330 मीटर एवं ग्राम बाला नांगल में सुभाष के घर से मुन्नू के घर तक 300 मीटर लंबी सीसी रोड का फीता काटकर विधायक ने लोकार्पण किया। विधायक का ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने का कार्य किया है। इस मौके पर हेमराज सैनी, सभापति कृष्ण कुमार शर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह खड़गवंशी, राजीव, प्रवीण, चंदन सिंह आदि उपस्थित रहे।



राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज में हुए कार्यक्रम में मौजूद छात्र। ● अमृत विचार

# युवाओं को यूथ टू यूथ कार्यक्रम में दी जानकारी

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** क्षेत्र के सुतावली स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा यूथ टू यूथ कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रधानाचार्य राजेश चंद्रा की उपस्थिति में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारी नीरज कुमार ने छात्रों को भारतीय मानकों और शैक्षिक कार्यों के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में बताया। अभियान में मानक मित्र युवा स्वयंसेवकों का नेटवर्क तैयार किया गया। मानक मित्र बीआईएस गतिविधियों और उपभोक्ता संरक्षण में बीआईएस की भूमिका के बारे में छात्रों को जानकारी दी। इस दौरान संतोष, मधु, प्रदीप कुमार, सौरभ मौर्य, आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पुराने विवाद में युवक को मारपीट कर किया घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** पुराने विवाद में युवक को मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित को गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

क्षेत्र के गांव नगलिया मेव निवासी अरविंद कुमार का गांव के ही रिंकू से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार को अरविंद दूसरे गांव गया था। वहां से लौटते समय उसे रास्ते में रिंकू मिल गया और दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि रिंकू व उसके साथियों ने अरविंद को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हुई, तो आरोपी फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि अरविंद की तहरीर पर आरोपी रिंकू, रवि व बंटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



एसडीएम कार्यालय पर पेशकार राहुल वर्मा को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

# हटाई जाए देसी शराब की दुकान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले में स्थित देसी शराब की दुकान हटवाने की मांग करते हुए क्षेत्रवासियों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। मोहल्लेवासियों ने दुकान किसी दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की।

मोहल्ला काला शहीद के निवासियों ने गुरुवार को एसडीएम के पेशकार राहुल वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की कि मोहल्ले में देसी शराब की दुकान है। इसके कारण मोहल्ले के व्यक्ति एवं बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है।

कभी-कभी तो दुकान के आगे से निकलना दुश्वार हो जाता है। लोग शराब पीकर गाली-गलौज करते हैं। मोहल्ले वासियों ने पहले भी शराब की दुकान के सामने प्रदर्शन कर धरना दिया था। तब आबकारी विभाग के अधिकारियों ने दुकान हटवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक दुकान नहीं हटाई गई। ज्ञापन देने वालों में सभासद दीपक कुमार, रूपवती, अंशु, विमला, संतोष, वंदना, कुसुम, कोमल, कैलाश सिंह, अबरार, मतलूब आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने जिलाबदर को जनपद की सीमा से निकाला

**बुरावली, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट ने रहरा थाना क्षेत्र के गांव चंदनपुर निवासी राजीव को जिलाबदर कर दिया है।

पुलिस ने आरोपी को नोटिस दिया। नियम व शर्तों के बारे में बताते हुए तीन माह के लिए अमरोहा जनपद की सीमा से निकाल कर संभल जिले की सीमा पर छोड़ा गया।

सीख | भागीरथी देवी महाविद्यालय में चल रहा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर

# लक्ष्य पाने को एकाग्र मन से जुटें : एसडीएम

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** नगर के भागीरथी देवी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर मोहल्ला महादेव स्थित आनंद धाम में चल रहा है। गुरुवार को तीसरा दिन महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी चंद्रकांता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

संगोष्ठी में उपजिलाधिकारी ने कहा कि सभी महिलायें व अध्ययन करने वाली छात्रायें स्वावलम्बी बनें। अपने लक्ष्य का निर्धारण कर उसे पाने के लिए एकाग्र मन से जुट जायें। दूसरों की पहल पर न टिकें। स्वयं नये विचारों को लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आत्मनिर्भर बनने व मुश्किलों का सामना करने की सीख भी दी। विपत्ति आने पर सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही हेल्प लाइन 1096, 112, 1090 व 102 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने स्वयंसेवियों को स्वयं व दूसरी महिलाओं को जागरूक करने का संकल्प दिलाया। स्वयंसेवियों ने महिला सशक्तिकरण को लेकर मोहल्ला महादेव में रैली भी निकली। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी ममता अग्रवाल ,सुबोध देवरा, रविन्द्र कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




भागीरथी देवी महाविद्यालय में रैली निकालते स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

## डुगडुगी पिटवाकर पुलिस ने गांव में कराई मुनादी

**डिडौली, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस ने छह जिला बदर बदमाशों के गांव में डुगडुगी पिटवाकर मुनादी कराई। आरोपियों के जिला बदर होने की सूचना दी गई।

लोकसभा चुनाव तथा आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने एवं जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने तीन व छह माह के लिए जिलाबदर बदमाशों आमिर खान निवासी ग्राम पांयती कला, शाहे आलम, जीशान, शाहिल निवासी ग्राम हरियाणा, नन्हे ग्राम पलोला, कलीम निवासी ग्राम ककराली में डुगडुगी पिटवाकर मुनादी कराई।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

| लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन | हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन |
| --- | --- |
| 1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी) | 1) ऐशरमैन का इलाज |
| 2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी) | 2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी) |
| 3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी ) | 3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन) |
| 4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच | 4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना |
| 5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन | 5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी) |
| 6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन | |

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

## एक नजर

### बसपाई आज मनाएंगे कांशीराम जयंती

**संभल, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की ओर से कांशीराम जयंती का कार्यक्रम शुक्रवार को सुबह 11 बजे चौधरी सराय में रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा के आवास पर होगा। यह जानकारी बसपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह एडवोके ने दी। बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी डॉ .पूजन प्रसाद रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से पहुंचकर कांशीराम को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की।

### किशोरी को भगाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** मुरादाबाद के मुहल्ला पंडित नगला निवासी वसीम असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में फरवरी माह से फरार चल रहा था। गुरुवार को वसीम थाना क्षेत्र के गांव टांडा कोठी चौराहे के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने वसीम को गिरफ्तार कर लिया।

### उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण पूर्ण कराने की मांग

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** विकासखंड असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत अहरौला माफी में उप स्वास्थ्य केंद्र आरोग्य मंदिर का निर्माण कार्य अधर में लटका है। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान मारूफ हुसैन ने आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए डीएम को पत्र लिखकर उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण पूरा कराने की मांग की है।

### 10 प्रतिशत वोट वृद्धि की सौंपी जिम्मेदारी

**संभल, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर संभल विधानसभा संचालन समिति की बैठक भाजपा लोकसभा कार्यालय पर हुई। जिसमें पदाधिकारी को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में पदाधिकारियों को मंडल और विधानसभा स्तर पर सरकार की लाभकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करने, उनसे भाजपा को वोट करने का निवेदन करने की अपील की गई। विधानसभा क्षेत्र में 10 प्रतिशत वोट वृद्धि सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को सौंपी गई। कहा गया कि लोकसभा चुनाव में जीत के लिए पूरी तरह से जुट जाएं। बैठक में लोकसभा प्रभारी राकेश सिंह, सह प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, गुलफाम सिंह यादव, महेंद्र सिंह, गणेश शर्मा, अंकुश ठाकुर, राजवीर सिंह, अमित पंवार, चौधरी देवेंद्र सिंह, सुरेश अटल आदि रहे।

# अतिक्रमण पर व्यापारियों से नोकझोंक

## सड़क पर खड़ी बाइकों के काटे चालान, व्यापारियों से वसूला 5500 रुपये का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, संभल



अतिक्रमण पर दुकानदार को चेतावनी देते एसडीएम विनय मिश्रा।

**अमृत विचार :** पुलिस प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अधिकारियों और एक व्यापारी के बीच नोकझोंक भी हुई। अधिकारियों के निर्देश पर नगर पालिका ने अतिक्रमण को लेकर पांच व्यापारियों से जुर्माना भी वसूल किया। वहीं पुलिस ने सड़क पर खड़ी बाइकों के चालान काटे। एसडीएम, सीओ ने मुख्य बाजार के रास्ते से अतिक्रमण हटवाने की व्यापारियों को हिदायत दी।

शहर में मुख्य मार्गों के साथ ही बाजार भी अतिक्रमण की गिरफ्त में है। इस कारण लोगों के वाहनों को निकलने में परेशानी होती है और अक्सर जाम लगने पर दिक्कतों से जूझते हैं। गुरुवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, सीओ अनुज कुमार चौधरी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आनंद कुमार कटारिया, कोतवाल पवन कुमार ने टीम के साथ शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की। चौराहा पर ही एक बिजली सामान की दुकान करने वाले व्यापारी को सामान को अंदर रखने की हिदायत दी। आगे बढ़े अधिकारियों ने उन व्यापारियों से सामान अंदर करने के लिए कहा जिनकी दुकानों के सामने अतिक्रमण हो रहा था। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर अतिक्रमण किया तो कड़ी कार्रवाई होगी। पुरानी तहसील रोड पर अधिकारी पहुंचे तो दुकान के आगे सामान को लेकर व्यापारी से पूछा। इस बीच अधिकारियों और व्यापारी में नोकझोंक हुई। अधिकारियों ने साफ कहा कि अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा, चाहें किसी को भी बुला लिया जाए। इस बीच नगर पालिका की टीम ने पांच व्यापारियों पर अतिक्रमण करने को लेकर 5500 रुपये का जुर्माना लगाया। व्यापारियों ने मौके पर ही जुर्माने की धनराशि अदा कर दी। पुरानी तहसील रोड पर पर ही सड़क पर खड़ी बाइकों को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद पुलिस ने कई बाइकों के चालान काटने की कार्रवाई की।

**▸▸ एसडीएम और सीओ ने मुख्य बाजार के रास्ते पर अतिक्रमणकारियों को दी हिदायत**

### शराब की दुकानों पर की चेकिंग

**संभल, अमृत विचार :** अधिकारियों ने मुरादाबाद मार्ग पर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर चेकिंग की। शंकर इंटर कालेज चौराहा के पास स्थित शराब दुकान और पुरानी तहसील रोड पर स्थित दुकान पर भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने व्यवस्था देखने के साथ ही यह भी जानकारी ली कि कहीं ओवररेट शराब बिक्री तो नहीं हो रही है। इस बीच अधिकारियों ने शंकर इंटर कॉलेज मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह वर्तवाल भी मौजूद रहे।

## बंदूक व शराब की दुकानों पर स्टाक चेक किया

**चन्दौसी, अमृत विचार:** होली के त्योहार व लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को एसडीएम नीतू रानी ने आबकारी निरीक्षक आरके मिश्रा के साथ शहर की देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमें बदायूं चुंगी व रोडवेड बस स्टैंड के पास अंग्रेजी व देशी शराब की दुकान व मुरादाबाद गेट स्थित दुकानों का निरीक्षण किया।

सभी दुकानों में स्टाक का मिलान किया गया। साथ ही शराब खरीदने पहुंचे लोगों से शराब ओवररेट बिकने की बात पूछी। जिसमें ग्राहकों ने शराब सही दाम पर मिलने की बात कही। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया है। इसके बाद एसडीएम व सीओ प्रदीप कुमार सिंह ने बंदूक की दुकानों का निरीक्षण किया। सबसे पहले खुर्जा गेट स्थित गिरिराज किशोर की दुकान पर पहुंचे। यहां कारतूस बिक्री का रजिस्टर चेक किया। दुकानदार ने बताया कि लोकसभा की अधिसूचना जारी होने के बाद लाइसेंस हथियार जमा कराने का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## सार संक्षेप



कॉलेज में शिविर के समापन पर नाटक प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### रंगारंग कार्यक्रम के साथ एनएसएस शिविर का समापन

**संभल, अमृत विचार :** एमजीएम कॉलेज संभल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। शिविर के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ . योगेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ .निरंकार सिंह रहे। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम आरंभ हुआ। सरस्वती वंदना में स्वयंसेविका वर्षा, रेशल, निधि, कुमकुम, मनीषा ने हिस्सा लिया। स्वागत गीत व लक्ष्य गीत में शगुन, कनक और हेमलता रहीं। निधि, पूजा, पायल, वर्षा, रेनू, हेमलता और रेशल ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटिका के जरिये समाज को संदेश दिया। गुलनाज ने पता क्या पूछता है सुनाया। शिवांजलि ने तेरी मेरी कट्टी हो जाएगी गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। शोएब निजा म ने झूठ बोले कौवा काटे पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शुमायला ने हम युवा हैं नए भारत के कविता सुनाई। कार्यक्रम अधिकारी नेम पाल सिंह ने धन्यवाद दिया। संचालन डॉ . संजय बाबू दुबे ने किया।



शिविर के समापन पर सम्मानित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### नुक्कड़ नाटक से कुरीतियां दूर करने का संदेश दिया

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच किया गया। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज में कुरीतियों से दूर करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन राजेश शंकर राजू, प्रो . पीके वार्ष्णेय, विशिष्ट अतिथि जिला कृषि अधिकारी प्रबोध कुमार मिश्रा, अध्यक्ष लव कुमार सर्राफ, सचिव अजय कुमार 'आयरन', उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, प्राचार्य डॉ . वीरेंद्र कुमार गुप्ता व कार्यक्रम अधिकारी डॉ . गीता ने सरस्वती मां के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। स्वयंसेविकाओं के द्वारा नाटक प्रस्तुत करते हुए संदेश दिया कि फोन की वजह से इंसान के बीच प्यार खत्म नहीं होना चाहिए। इस दौरान गौरव वार्ष्णेय, भगवान सिंह चौहान, रामतीरथ, पूजा शर्मा, संजय कुमार, प्रीति शर्मा, निधि राघव, सलोनी रस्तोगी, अलका धीमान आदि ने सहयोग किया संचालन साक्षी राघव ने किया।



डीपीआरओ के साथ सम्मानित कर्मचारी। ● अमृत विचार

### बेहतर सफाई व्यवस्था पर कर्मचारी सम्मानित

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर सफाई व अन्य कार्यों में सहयोग करने वाले सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों की सराहना की गई। विकास खंड असमोली सभागार में हुए कार्यक्रम में डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडेय ने सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर व फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। डीपीआरओ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में सफाई कर्मियों ने कड़ी मेहनत करके विभाग का नाम रोशन किया है। इसके लिए सफाई कर्मचारी प्रशंसा के पात्र हैं। उम्मीद है कि भविष्य में भी सफाई कर्मचारी इसी तरह पूरी मेहनत से काम करेंगे। सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुनील कुमार सिंह ने सफाई कर्मचारियों की तारीफ की। इस दौरान पम्पी, गीता, शीला, अनेक पाल सिंह, अखिलेश कुमार, राजपाल, नितिन गुर्जर, मुकेश, रनवीर सिंह, हिटलर सिंह, संजय, नागेन्द्र सिंह, शब्बन, नन्हें, कुलदीप आदि रहे। अध्यक्षता सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धीरज पाल सिंह यादव ने तथा संचालन सुभाष जैनवाल ने किया।

### आईडी हैक करने पर संविदा कर्मी हिरासत में

**गुन्नौर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर के संविदा कर्मी पर महिला अस्पताल के सीसीटीवी में छेड़छाड़, बायोमेट्रिक मशीन खराब करने और दूसरे कर्मचारी की आईडी हैक करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की गई। सीएचसी प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने संविदा कर्मी को हिरासत में ले लिया। सीएचसी प्रभारी डॉ . पवन कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि सीएचसी में संविदा कर्मी वार्ड ब्वाय रामरतन ने अस्पताल के एक कर्मचारी की आईडी हैक करने के साथ ही महिला अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे खराब कर दिए। इसके अलावा बायोमैट्रिक मशीन को भी खराब कर दिया। कर्मचारियों की हाजिरी दोबारा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर सीएमओ को भेज दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस को भी अस्पताल पहुंच गई और जानकारी हासिल की। पुलिस ने आरोपी संविदा कर्मी को हिरासत में ले लिया है।



मतदान केंद्र पर जानकारी लेतीं एएसपी अनुकृति शर्मा। ● अमृत विचार

# मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी

**अमृत विचार:** जनपद के थाना धनारी क्षेत्र में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी आईपीएस अनुकृति शर्मा ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। एएसपी ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा मानक पूरे कराने के निर्देश दिये।

एएसपी अनुकृति शर्मा गुरुवार को कृतिया गांव के मतदान केंद्र पर पहुंचीं। उन्होंने मतदान केंद्र भवन में जाकर व्यवस्थाएं देखीं। एएसपी ने मतदान केंद्र के आसपास जिन लोगों के मकान हैं उनसे संवाद करने को कहा कि मतदान के दिन कोई भी बाहरी व्यक्ति उनके घर नहीं आना चाहिए। पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसमें कोई भी शरारती तत्व शांति व्यवस्था बिगड़ने का प्रयास करे तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये। गांव के कुछ लोगों ने एएसपी को कुछ समस्याओं को भी अवगत कराया। इस दौरान सीओ दीपक तिवारी, थाना प्रभारी नरेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# 36 अधिकारियों को सौंपी चुनाव की जिम्मेदारी

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद में शांतिपूर्ण का निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर जिलाधिकारी ने 36 अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी बनाया है। जिसमें सीडीओ व एडीएम को मुख्य रूप से प्रभार सौंपे गए हैं। प्रभारी अधिकारियों के साथ-साथ सहायक प्रभारी अधिकारियों को भी नियुक्त किया है।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले ही जिला प्रशासन चुनाव की तैयारियों में जुट गया है। जनपद में चुनाव को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने कवायद शुरू कर दी है। जिलाधिकारी ने 36 अधिकारियों को चुनाव से संबंधित व्यवस्थाओं का प्रभार सौंपा है। जिसमें सीडीओ व एडीएम को मुख्य भूमिका में रखा है। सीडीओ भारत कुमार मिश्रा को मैन पावर मैनेजमेंट का प्रभारी बनाते हुए तीन अधिकारियों को सहायक प्रभारी बनाया गया है। मतदान कार्मिकों को ट्रेनिंग, स्वीप प्रोग्राम, मतदान मतदान कार्मिकों को नाश्ता व यात्रा भत्ता का भी प्रभारी सीडीओ को बनाया गया है। वहीं एडीएम प्रदीप वर्मा को कानून व्यवस्था व सिक्योरिटी प्लान का प्रभारी एसपी श्रीश्चंद के साथ बनाया है। चुनाव नियम, ऑब्जर्वर व्यवस्था, बैरिकेडिंग, फर्नीचर, प्रकाश, साउंड, स्ट्रांग रूम व्यवस्था फोटो युक्त निर्वाचन नामवली तैयार करना, फैसिलिटेशन सेंटर की व्यवस्था, स्ट्रांग रूम रूम पोलिंग पार्टियों के प्रस्थान व आगमन मानचित्र व्यवस्था रूट चार्ट व्यवस्था का भी प्रभार सौंपा गया है।

### इन अधिकारियों को भी मिली जिम्मेदारी

**बहजोई, अमृत विचार :** कंट्रोल रूम प्रभारी डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सीएमओ, पेयजल व्यवस्था को अधिशासी अभियंता जल निगम, खानपान व्यवस्था को डीएसओ शिवि गर्ग, सीसीटीवी की फुटेज वीडियो अवलोकन का डिप्टी कलेक्टर प्रभारी दीपक कुमार चौधरी, बेव कास्टिंग व्यवस्था को सीडीओ भरत कुमार मिश्र, नामांकन प्रपत्रों की तैयारी व नामांकन से संबंधित सूचना को एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे, शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह, मीडिया के डीआईओ बृजेश कुमार, यातायात व्यवस्था के लिए डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा को प्रभारी अधिकारी बनाया गया।

**▸▸ प्रभारी अधिकारियों के साथ सहायक प्रभारी को भी किया तैनात**

**▸▸ सभी अपना कार्य कर्तव्यनिष्ठा से करें : डीएम**

# चुनाव कराने की तैयारी में जुटा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीएम व सीओ ने अतिसंवेदनशील बूथ गांव कैथल के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम व द्वितीय में बिजली कनेक्शन नहीं मिला। जिसे देख नाराजगी जताई और शीघ्र ही कनेक्शन कराने की बात कही। साथ ही अन्य सुविधाओं का भी जायजा लिया।

पुलिस व प्रशासन को मिलकर शांति पूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने हैं। इसको लेकर एसडीएम नीतू रानी व सीओ प्रदीप कुमार सिंह ने कोतवाली में बैठक की। इसके बाद दोनों अधिकारी अपने-अपने वाहनों में सवार होकर अतिसंवेदनशील गांव कैथल पहुंचे। यहां प्राथमिक विद्यालय प्रथम व द्वितीय का निरीक्षण किया। प्रथम में बने आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम व द्वितीय में बिजली नहीं थी। बताया गया कि बंदर विद्युत तार तोड़ देते हैं। जिससे कनेक्शन नहीं हो पा रहा है। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जताई और कहा कि शीघ्र ठीक कराने को कहा।

इसके बाद प्राथमिक विद्यालय में पानी की व्यवस्था देखी तो एक ही हैंड पंप होना बताया गया। इसके अलावा अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इसके बाद गांव के जूनियर हाईस्कूल का भी निरीक्षण किया। यहां भी व्यवस्थाएं देखी गई।

**▸▸ एसडीएम और सीओ ने अतिसंवेदनशील बूथ का किया निरीक्षण**

**▸▸ कैथल गांव के प्राथमिक विद्यालय प्रथम के आंगनबाड़ी केंद्र में बिजली कनेक्शन नहीं**

## दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल, एक की हालत गंभीर

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर हो गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। डाक्टर ने एक घायल को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया है।

थाना क्षेत्र के गांव नगला डुमायल निवासी मानकुंवर बाइक से अजीजपुर मार्ग से गांव नगला अजमेरी जा रहा था। वहीं गांव अजीजपुर के नाहर सिंह और मुनेश भी बाइक से जुनावई में दवा लेने आ रहे थे। अजीजपुर मार्ग पर पहुंचने पर दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। जिससे सवार नाहर सिंह, मुनेश और मानकुंवर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने घायलों का उपचार कर मानकुंवर को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ी बाइक धू-धूकर जल उठी

संवाददाता,बहजोई(संभल)



बाइक से निकलतीं आग की लपटें।

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार दोपहर फरियाद लेकर आये ग्रामीण की खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक से आग की लपटें निकलीं तो कलेक्ट्रेट परिसर में हड़कंप मच गया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बाइक जलकर खाक हो गई।

जनपद मुरादाबाद के गांव खानपुर दंडी निवासी जयवीर बाइक से कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी मनीष बंसल से मिलकर अपनी समस्या रखने आया था। वह बाइक एसपी दफ्तर के निकट खड़ी कर डीएम कार्यालय की तरफ चला गया। इसी दौरान अचानक बाइक में आग लग गई। बाइक में जब आग की लपटें उठने लगीं तो मौजूद आसपास के लोग हादसे की आशंका से दूर चले गये। कुछ लोगों ने बाइक में लगी आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**▸▸ मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया**

**▸▸ बाइक सवार डीएम के सामने अपनी समस्या रखने आया था**

## सीएए के बाद रमजान में पहले जुमे को लेकर अलर्ट

**संभल, अमृत विचार :** सीएए लागू होने के बाद रमजान महीने में पहले जुमे को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। जनपद को पांच जोन और पंद्रह सेक्टरों में बांटकर पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भ्रमण पर रहेंगे तो चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद रहेगी।

रमजान महीने में शुक्रवार को पहला जुमा होगा। सीएए लागू होने के बाद यह पहला जुमा है, इसलिए जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। जनपद को पांच जोन और पंद्रह सेक्टरों में विभाजित किया गया है। जोन में मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ ही सीओ स्तर के अधिकारी रहेंगे तो सेक्टर में थाना प्रभारी स्तर के अधिकारियों को लगाया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती के साथ ही निगरानी के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सबसे ज्यादा सतर्कता संभल शहर में बरती जा रही है। पुलिस असामाजिक तत्वों पर खास नजर रखे हुए है।

# ज्ञापन देकर समस्याओं की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



चन्दौसी में एसडीएम से शिकायत करते सभासद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सभासद एकता मंच ने एसडीएम (अधिशासी अधिकारी) नीतू रानी को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की है। सभासदों का कहना है कि शहर में जगह-जगह पानी की लीकेज हो रही है। लीकेज होने के कारण हाल ही में बनी सड़कें भी खराब हो रही हैं। जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं।

इसके अलावा जगह-जगह मैनहोल खुले हुए हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नगर पालिका के जेई केके अग्रवाल को अवगत कराने के बाद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। नगर के मुख्य नाले पूरी तरह बंद हो चुके हैं। जिससे बरसात होने पर पूरा शहर जलमग्न हो जाता है। वार्ड के सभासदों ने सफाई निरीक्षक को बार-बार अवगत कराने के बाद भी नालों की सफाई नहीं कराई जा रही है। पूर्व में हुई बोर्ड की बैठक में सभासदों ने अपने-अपने वार्डों के विकास कार्य को लेकर बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव दिए थे, जिन पर आज तक अमल नहीं हो सका है।

शहर में स्ट्रीट लाइट की बड़ी समस्या है, मगर पालिका के क्लर्क राजू सैनी को अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

ज्ञापन देने वालों में कपिल कुमार, निशांत शर्मा, तरुण कुमार नीरज, नवकांत शर्मा, अमन कोरी, शिव कुमार सैनी, सचेंद्र यादव, सुलेखा, सचिन रस्तोगी, उर्मिला देवी, लोकेश मौर्य, कोमल रानी, रीना, शाहबाज खान, ममता, रियाज, रुखसाना बेगम आदि मौजूद रही।

**▸▸ सभासदों ने पालिका कर्मचारियों पर लगाया वार्डों की अनदेखी का आरोप**

## डांस करने को लेकर बरातियों घरातियों में मारपीट, 5 घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में बरात चढ़त के दौरान रंगशाला पर चढ़कर डांस करने को लेकर बरातियों और घरातियों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। तहरीर पर पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया।

कस्बा रजपुरा में बुधवार को रात लेखराज की पुत्री की बरात बहजोई क्षेत्र के गांव गढ़ी बिचौला से आई थी। देर रात बरात चढ़त के दौरान रंगशाला में दूल्हा बैठा हुआ था। रंगशाला पर चढ़कर ही लोग डांस कर रहे थे। डांस करने को लेकर बरातियों और घरातियों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक ललित कुमार शर्मा ने बताया कि चढ़त के दौरान मारपीट हुई थी। मामले की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation

क्षेत्रीय कार्यालय : प्रथम तल, बरेली विकास प्राधिकरण कॉम्प्लेक्स प्रियदर्शनी नगर, बरेली 243122
दूरभाष क्रमांक : 0581-230310

**कब्जा धारण की सूचना**

[सुरक्षित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(1) के तहत]

अधोहस्ताक्षरी जो कि यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया ने सरफेसी एक्ट 2002 को अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने धारा 13(2) जिसे सिक्योरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पढ़ा जाये, में प्रदत अधिकारों का प्रयोग करते हुए माँग सूचना जारी की थी तथा ऋणों को माँग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान नोटिस की दिनांक सूचना प्राप्ति में 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था भुगतान करने में असमर्थ रहने के कारण ऋषी मोर्टगेजर तथा सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उपरोक एक्ट की धारा 13 (4) जिसे इंफोरमिट नियम 8 के साथ पढ़ा जाये में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्न वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा प्राप्त कर लिया है ऋणी व मोर्टगेजर को विशिष्ट रूप से तथा सामान्य रूप से सतर्क किया जाता है कि निम्न सम्पत्तियों का सौदा न करें तथा सम्पत्ति के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार लेन-देन यूनियन बैंक अफ इण्डिया की सम्बन्धित शाखा को ऋण राशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा। जिन सम्पत्तियों पर कब्जा किया गया उनका विवरण इस प्रकार है।

| क्र. सं. | ऋणी खाते का नाम व पता गारन्टर का नाम व पता एवं शाखा का नाम | धारा 13(2) के अंतर्गत बकाया राशि एवं मांग सूचना दिनांक | गिरवी रखी अचल सम्पत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी : श्री विकास चौहान पुत्र अजयवीर सिंह चौहान,** 3/351, पुष्पा विहार, आवास विकास कालोनी, निकट चौधरी चरन सिंह पार्क, चन्दौसी, जिला सम्भल<br>**गारन्टर :** 1. श्री ओम प्रकाश पुत्र खेम करन, हनुमान गढ़ी, तहसील चन्दौसी, जिला सम्भल 2. श्री शेर सिंह पुत्र श्यामलाल, श्याम नगर कालोनी, सिकरी गेट, तहसील चन्दौसी, जिला सम्भल<br>**शाखा : चन्दौसी** | **रु. 11,20,219.41** + ब्याज एवं अन्य खर्चे (ग्यारह लाख बीस हजार दो सौ उन्नीस रुपये इकतालीस पैसे)<br>**मांग सूचना दिनांक** 14.12.2023<br>**प्रतीकात्मक कब्जा** 11.03.2024 | **अचल सम्पत्ति का विवरण :** एक आवासीय प्लाट (अचल सम्पत्ति) के साम्यिक बन्धक क्षेत्रफल 61.24 वर्ग मी. स्थित 3/351 योजना नं.1, सम्भल गेट, आवास विकास, तहसील चन्दौसी, जिला बरेली जो कि श्री विकास चौहान पुत्र अजय वीर सिंह चौहान के नाम है। जिसकी जिल्द नं. 5219, बही नं. 1, क्र.सं. 4038, पृष्ठ सं. 327-342 है जिसकी रजिस्ट्री सब रजिस्ट्रार चन्दौसी में दर्ज है।<br>चौहद्दी : पूरब-पल्लवी पंचल का मकान नं . 3/350, पश्चिम-मंजू जखारिया 3/352, उत्तर-मकान नं. 3/309 व 3/310, दक्षिण-रास्ता |

दिनांक : 15.03.2024 स्थान-बरेली प्राधिकृत अधिकारी

# युवक की हत्या में दोषी महिला और उसके पति को उम्रकैद

## दोनों पर 11-11 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, मार्च 2021 में हुई थी घटना

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचारः** अदालत ने प्रेम प्रसंग के चलते युवक की पीट कर हत्या के मामले में महिला और उसके पति को आजीवन कारावास और 11-11 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मुकदमा जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था।

वादी विमल कुमार पुत्र वीर सिंह ने 30 मार्च 2021 को कोतवाली संभल पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बयां कि 29 मार्च 2021 को वह और उसका भाई रवि होली मिलने के लिए अपनी ससुराल मदनलाल पुत्र श्याम लाल निवासी गांव भवानीपुर कोतवाली संभल आये थे। वह होली मिल कर ससुराल से वापस अपने गांव चला गया था। उसका भाई रवि ससुराल में रुक गया था। रवि का प्रेम प्रसंग चचिया ससुर अमरजीत की बेटी के साथ चल रहा था। जिसके बारे में अमरजीत ने आपत्ति प्रकट की थी। अगले



दिन सुबह के समय उसके साले सोनू ने उसे फोन पर बताया कि रवि रात में करीब एक बजे अमरजीत की छत पर अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। तब ही अमरजीत व उसकी पत्नी सुनीता ने रवि के साथ मारपीट कर हत्या कर दी।

इतना ही नहीं शव को कट्टे में भर कर बाइक से जंगल में ले जाकर फेंक दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया। साक्ष्यों को जुटा कर पुलिस ने 9 जुलाई 2021 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल

**▸▸ युवक का प्रेम प्रसंग चचिया ससुर की बेटी के साथ था**

कर दिया। मुकदमे की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी में हुई। अभियोजन पक्ष से डीजीसी राहुल दीक्षित ने साक्ष्यों के आधार पर बहस की। गुरुवार को मुकदमें पर सुनवाई करते हुए जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल ने अभियुक्त अमरजीत व सुनीता को आईपीसी की धारा 302 सहपठित धारा 34 में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड तथा धारा 201 सहपठित धारा 34 आईपीसी के तीन वर्ष के कारावास एवं एक-एक हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर प्रत्येक को छह-छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जेल में बिताई गई अवधि भी सजा में समायोजित की जाएगी।



बहजोई में काफी टेबिल बुक का विमोचन करते डीएम मनीष बंसल व अन्य अधिकारी।

# जिले की कॉफी टेबल बुक का डीएम ने किया विमोचन

**संवाददाता,बहजोई**

**अमृत विचारः** जनपद के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल सांस्कृतिक धरोहरों व जनपद में जिला प्रशासन द्वारा कराए गए विकास कार्यों से युक्त कॉफी टेबल बुक का जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने विमोचन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कॉफी टेबल बुक से जनपद को नागरिक बेहतर तरीके से जान सकेंगे ।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि कॉफी टेबल बुक में जनपद के प्रमुख मंदिरों जैसे कल्कि मंदिर, बरनी मंदिर, मां कैला देवी, मंदिर हरि बाबा धाम आदि समाहित किया गया है। यहां के प्रमुख ऐतिहासिक तीर्थ सांस्कृतिक धरोहरों चक्की का पाट, गंगा आरती राजघाट, तोता मैना की कब्र, गणेश चौथ मेला, कृषि मेंथा, उद्योग हड्डी एवं सींग उद्योग, कृषि यंत्र उद्योग, शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते कदम स्मार्ट क्लास, ऑपरेशन कायाकल्प, साइंस लैब, बहजोई स्थित शूटिंग रेंज की स्थापना, ऑपरेशन चमक के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्लब स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए कार्य यहां की अर्थव्यवस्था को समावेश किया गया है।

## एक नजर

### पत्नी व ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर दी

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के गांव बनियाखेड़ा निवासी साहिल पुत्र मतीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पांच साल पहले उसकी शादी थाना नखासा जनपद संभल के परिवार में हुई थी। वह बाहर रह कर मजदूरी कर रहा है और रुपये कमा कर घर पत्नी को भेजता है। आरोप है कि पत्नी उसके भेजे हुए रुपये अपने मायके भेज देती है। अब तक 80 हजार रुपये मायके भेज चुकी है। जब भी वह रुपये के बारे में पूछता है तो ससुर व साला उसके साथ गाली-गलौच करते हैं। तकादा करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं। मामले में उचित कार्रवाई की जाए।

### चोरी की योजना बनाते दो आरोपी गिरफ्तार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी की योजना बनाते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार की रात पुलिस ने गश्त के दौरान जुगनू व राहुल निवासी मोहल्ला चुन्नी को गांव करेली के पास बंद पड़े भट्ठे से गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक चाकू, पुरानी टॉर्च, प्लास व तीन फिट की सरिया व पेचकस बरामद किया है। पुलिस ने जुगनू और राहुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है।

### युवती को भगा ले जाकर दुष्कर्म में दो पर रिपोर्ट

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 मार्च की सुबह करीब 10 बजे धीर सिंह मौर्य निवासी गांव नेहटा उसकी बेटी को जबरदस्ती बहला फुसला कर ले गया। 24 घंटे तक गायब रख कर बेटी के साथ कई बार दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धीर सिंह मौर्य व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** होली का त्यौहार नजदीक है। थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने गुरुवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर गांव आलमपुर कुदैय्या में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गांव के मंदिर के पास कच्ची शराब की बिक्री करते हुए कृप सिंह निवासी गांव खुशहालपवुर थाना कुढ़फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब भी बरामद हुई। पुलिस आरोपी को थाने ले आयी। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।



असमोली में भाजपा की बैठक में बोलते राज्यमंत्री ओमप्रकाश गोला। ● अमृत विचार

# चुनाव में जीत के लिए जुट जाएं कार्यकर्ता

**कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली**

**अमृत विचारः** भाजपा असमोली मंडल की संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ओमप्रकाश गोला ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को जीत का मंत्र दिया। मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चुनाव में जुटने के लिए कहा।

बैठक में मंडल अध्यक्ष जयपाल सिंह पाल ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। लाभार्थी संपर्क माइक्रो डोनेशन अभियान के बारे में चर्चा की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत हुआ। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति, मंडल महामंत्री जयपाल सैनी, संजय चौधरी, रॉबिन चौधरी, फूल कुमार प्रजापति, वीरेंद्र पाल, अमित सागर, बंटी ठाकुर, मनोज पाल, विनोद प्रजापति, सुखवीर प्रजापति, योगेश कुमार, पुनीत शर्मा आदि रहे।

# निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग पर प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी**

**अमृत विचारः** तहसील चन्दौसी के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव हुलासनगर के प्राथमिक विद्यालय परिसर में छह लाख रुपये की लागत से 18 गुणे 20 फिट कमरे का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाए जाने पर ग्रामीणों ने गुरुवार को इंचार्ज अध्यापिका से विरोध जताया और प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में जो कमरा बनवाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पीला ईंट लगाई जा रही है। सीमेंट कम एवं रेत अधिक मात्रा में लगाया जा रहा है। कमरा निर्माण में बनाए गए पिलर में केवल एक ही सरिया लगाई गई है। जिससे पिलर कमजोर रहने से कमरा भी कमजोर ही रहेगा। कमरा निर्माण में मानक अनुसार निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में कल्याण सिंह, ओमवीर, अवनीश, मुनेश, मेघ सिंह, जगदीश, श्रीपाल, बृजपाल, तेजपाल, गोपाली, छत्रवीर, कपेन्द्र आदि ग्रामीण शामिल रहे।



गांव हुलासनगर में ईंट दिखाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**▸▸ निर्माण कार्य में पीला ईट लगाई जा रही हैं**

**▸▸ सीमेंट कम एवं रेत अधिक मात्रा में इस्तेमाल किया जा रहा**

> विद्यालय परिसर में कमरा का निर्माण सरकार के मानक अनुसार ही कराया जा रहा है। इसमें मानक के अनुसार पिलर में केवल एक ही सरिया लगाई जानी है। अगर ग्रामीण ईंटों को पीला बता रहे हैं तो इन ईटों को वापस भेज कर दूसरे नंबर एक की ईंट लगाई जाएगी। -प्रगति, इंचार्ज अध्यापिका

# गोद में उठाने वाले से नहीं की शादी, बैरंग लौटी बरात

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**

**अमृत विचार :** दूल्हे के दुल्हन को गोद में उठाने के बाद दुल्हन अड़ गई कि गोद में उठाने की शर्मनाक हरकत करने वाले से वह शादी नहीं करेगी। वहीं इस हरकत के बाद दूल्हे को न सिर्फ 16 घंटे पुलिस हिरासत में रहना पड़ा बल्कि दहेज का सामान व शादी का खर्च अदा करने के बाद वह बिना दुल्हन वापस लौट गया।

ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण की बेटी की बुधवार को क्षेत्र के एक गांव से बरात आई थी। पहले नाश्ता और फिर बरात चढ़त के बाद दावत हुई। जयमाला के समय दूल्हे ने दुल्हन को गोद में उठा लिया। बस इसी को लेकर दुल्हन के परिजन भड़क गए, दुल्हन ने भी दूल्हे पर अभद्रता का आरोप लगाया। ऐसे में लोगों ने दूल्हे और उसके पिता को बंधक बना लिया। सूचना पर देर रात पुलिस भी मौके पर पहुंची। करीब दो



थाने में दहेज का सामान लेकर पहुंचे दूल्हे के परिजन। ● अमृत विचार

**▸▸ 16 घंटे पुलिस हिरासत में रहा दूल्हा व पिता, लौटाया दहेज का सामान और 2.85 लाख रुपये**

**▸▸ ऐंचौड़ा कम्बोह क्षेत्र में दूल्हे व उसके पिता को बनाया था बंधक**

घंटे बाद पुलिस ने दूल्हे और उसके पिता को बंधन मुक्त कराकर करीब दस बजे हिरासत में ले लिया और थाने आ गई। इस मामले को लेकर गुरुवार को दोनों पक्षों के लोग थाने पहुंचे तो दुल्हन पक्ष ने शादी करने से इनकार कर दिया। कहा गया कि उनका जो खर्च हुआ है उसे वापस कर दिया जाए, वह शादी नहीं करेंगे। इसके बाद थाने में ही दहेज का सामान मंगाकर दुल्हन पक्ष के सुपुर्द कर दिया गया। बाइक और शादी में खर्च हुए 2.85 लाख रुपये भी सौंप दिए गए। तब कहीं जाकर थाने में ही दोनों पक्षों के बीच फैसला हुआ। पुलिस ने दोपहर दूल्हे और उसके पिता को छोड़ा।

### शुगर मिल पर लगाया तालाब पाटकर भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**चन्दौसी, अमृत विचारः** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अफजलपुर डरौली के ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर समस्या समाधान की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कुछ दूरी पर आगरा-मुरादाबाद हाइवे है। हाइवे के किनारे वर्षों पुराना तालाब है, जिसमें गांव के मृत शिशुओं का अंतिम संस्कार किया जाता है। यह नक्शे में दर्ज भी है। मगर गांव मझावली स्थित एक शुगर मिल द्वारा तालाब पर अवैध पटान किया जा रहा है। कई बार तहसील प्रशासन द्वारा पैमाइश कराई गई।

मगर कोई समाधान नहीं निकला। आरोप है कि शुगर मिल के कर्मचारी तालाब को पाटकर अपनी भूमि में शामिल करना चाहते हैं।

# दो थाना प्रभारियों को हटाया, चार निरीक्षक सहित कई के तबादले

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

**▸▸ राजीव कुमार को कैला देवी का प्रभारी निरीक्षक बनाया**

**अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने लोकसभा चुनाव से पहले जनपद के कैला देवी व ऐंचोड़ा कम्बोह थाना प्रभारियों को हटाने के साथ ही चार निरीक्षक व आठ उप निरीक्षकों के तबादले किये हैं।

एसपी कैलादेवी थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार को हटाकर नखासा में अपराध निरीक्षक बनाने के साथ ही नखासा में इस पद पर तैनात राजीव कुमार को कैला देवी का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। ऐंचोड़ा कम्बोह की थाना प्रभारी पूनम राठी को हटाकर चंदौसी कोतवाली में निरीक्षक अपराध नियुक्त किया गया है। पुलिस लाइन से निरीक्षक रेनू देवी को ऐचोड़ा कंबोह थाने का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह निरीक्षक कानून व्यवस्था थाना चन्दौसी अमरपाल सिंह को रजपुरा थाना प्रभारी बनाया गया है।

इसके अलावा नवीन पुलिस लाइन चौकी से नितिन गौतम को देहपा चौकी और देहपा से आकाश यादव को नवीन पुलिस लाइन भेजा गया है। बहापुर पट्टी चौकी से मनोज कुमार को फतेहउल्लागंज चौकी पर तैनाती दी है जबकि यहां तैनात विनोद कुमार को बहापुर पट्टी भेजा है।

टी-प्वाइंट चौकी से दरोगा बोबिन्द्र कुमार को एसएसआई धनारी नियुक्त करते हुए ओंकार सिंह को धनारी से टी-प्वाइंट चौकी भेजा है।

## सार संक्षेप

### सुशील पाल के भाजपा में शामिल होने पर किया स्वागत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर सुशील कुमार पाल एडवोकेट के भाजपा में शामिल होने पर गुरुवार को जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी के अधिवक्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। अधिवक्ता परिषद जनपद संभल के सदस्यों ने भी एडवोकेट सुशील कुमार पाल को बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र हित और अधिवक्ता हित में कार्य कर रही है। इस नाते उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है और वह अधिवक्ता हित के लिए अधिवक्ता परिषद के साथ कार्य करते रहेंगे। स्वागत करने वालों में नवनीत यादव, उमेश चंद्र शर्मा, अमरीश अग्रवाल, संजय गुप्ता, विष्णु शर्मा, विभोर बंसल, मोहर सिंह पाल, सुबोध शर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### न्यायालय के आदेश पर दंपती गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी खजांची व उसकी पत्नी कमलेश पिछले दस वर्ष से न्यायालय में चल रहे वाद विवाद की पैरवी करने के लिए न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। न्यायालय ने कमलेश व खजांची के खिलाफ गिरफ्तारी वांरट जारी किया था। गुरुवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दंपती को गिरफ्तार कर लिया।

### कोर्ट के आदेश पर पति सहित सात के खिलाफ रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर के मुहल्ला चामुंडा मंदिर निवासी प्रेमपाल की पुत्री उमा ने पुलिस में सुनवाई नहीं होने पर न्यायालय में दहेज की मांग को लेकर पति व अन्य ससुराल वालों के खिलाफ वाद विवाद दायर किया था। गुरुवार को न्यायालय के आदेश पर हयातनगर थाना पुलिस ने उमा के पति सोमपाल सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। प्रेमपाल ने एक वर्ष पहले उमा भारती की शादी अमरोहा निवासी सोमपाल के साथ की थी। आरोप है कि तभी से ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उमा भारती के साथ मारपीट करते थे।

### पिता और भाई पर दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली में जमीन के विवाद में पिता और भाई पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। घायल दंपती का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। जिससे घटना के पंद्रह दिन बाद तहरीर मिलने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नरौली के मोहल्ला बंजारी कुआ निवासी चुन्नी पुत्र नवाब खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 फरवरी की सुबह वह खेत में लेहटा ( काली सरसों )काट रहा था। उसी समय खेत में पिता नवाब खां व भाई भूरा उर्फ चिकना आ धमके और गाली-गलौच कर मारपीट की। बचाने आयी पत्नी सरमीन के साथ भी मारपीट की। इसके बाद उसे रास्ते में घेर कर ईंट से वार किए। जिससे उसके सिर, कमर व हाथ में चोट आई हैं। उपचार के चलते वह थाने नहीं पहुंच सका। पुलिस ने नवाब खां और भूरा उर्फ चिकना निवासी मोहल्ला बंजारी कुआ नरौली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### होमगार्ड को बाइक सवार ने मारी टक्कर, घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के फरीदपुर-नरौली मार्ग पर बाइक की टक्कर से साइकिल सवार होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची नरौली चौकी पुलिस ने घायल होमगार्ड को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर होमगार्ड को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी के गांव बरौली रुस्तमपुर निवासी महेश पाल पुत्र भगवान दास बनियाठेर थाना क्षेत्र की नरौली चौकी में होमगार्ड है। बुधवार को उसकी ड्यूटी रात की थी। होमगार्ड शाम साढ़े सात बजे साइकिल से नरौली चौकी जाने को घर से निकला। जब वह फरीदपुर-नरौली कस्बा के बीच पहुंचा तो सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया।

### खाद्य निरीक्षक ने तीन मीट दुकानों को जारी किए नोटिस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** खाद्य निरीक्षक ने शहर की मीट की दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमें खामियां मिलने पर तीन दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही मीट दुकानों को मानक पूरे करने के निर्देश। गुरुवार की दोपहर 12 बजे खाद्य निरीक्षक महेंद्र सिंह टीम के साथ जारई गेट स्थित मीट की दुकानों पर पहुंचे। जहां टीम ने बारी-बारी से 13 दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमें मानक पूरे नहीं मिले। साथ ही कुछ दुकानों से लगे काले शीशे ठीक से नहीं लगाए गए। दुकान पर लगे डी-फ्रिजर नहीं चल रहे थे। साफ-सफाई की उचित व्यवस्था नहीं थी। डस्टबिन नहीं मिले। जिस पर खाद्य निरीक्षक ने मीट दुकानदारों से कहा कि शीघ्र ही सारी खामियां पूरी कर लें। जबकि तीन दुकानदारों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। कहा कि अगर कोई भी दुकानदार बासी व पुराना मीट बेचता मिलता तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### सिपाही से मारपीट, जिम संचालक समेत दो हिरासत में

**संभल, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मी ने टोका तो युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस मामले में पुलिस ने जिम संचालक समय दो लोगों को हिरासत में लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात सिपाही दिवाकर का कहना है कि वह गुरुवार रात को ड्यूटी पर था। तभी दो-तीन संदिग्ध लोग पार्क के पास नजर आए। उसने पास जाकर पूछा तो यह लोग अभद्रता पर उतर आए और मारपीट करने लगे। दिवाकर का कहना है कि उसने किसी तरह खुद को बचाया और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोहल्ला दुर्गा कॉलोनी में प्रेम शंकर वाटिका के निकट जिम का संचालन करने वाले एक युवक सहित दो लोगों को हिरासत में ले लिया। इस मामले में सिपाही का मेडिकल परीक्षण जिला संयुक्त चिकित्सालय में कराया गया है । अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने बताया कि प्रकरण को लेकर कोतवाली पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### होली और ईद पर न डालें कोई नई परंपरा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत नरौली में कस्बा पुलिस चौकी पर आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभ्रांत नागरिकों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला ने कस्बे होली और ईद की नमाज पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। माहौल खराब करने का प्रयास किया गया तो पुलिस सख्ती से पेश आएगी। थानाध्यक्ष ने कस्बा और ग्राम पंचायत में निकलने वाली चौपाई के रूट बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जिस स्थान पर होलिका दहन होता है उसी स्थान पर होना चाहिये। कोई भी नही परंपरा नहीं डाली जाए। इसके बाद ईद पर नमाज अदा करने के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि ईद के दिन नमाज 8 और 9 बजे के बीच अदा की जाएगी। बैठक में अजय कुमार त्यागी चौकी इंचार्ज कस्बा, मौसम, राम, पीयूष कुमार, अक्षय कुमार, सोमपाल सिंह, अनुज गुप्ता, सचिन शर्मा, अमन श्रीवास्तव, गणेश चौबे, महेश, शादाब, सतपाल, राजीव कुमार आदि रहे।

### अवैध रुप से शराब बेचते दो गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी वसीम गुरुवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला लाडमसराय में अवैध रुप से शराब बेचने के लिए फैक्ट्री के पास ग्राहकों का इंतजार कर रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और 20 लीटर शराब बरामद कर वसीम को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर कोतवाली क्षेत्र के गांव शहबाजपुर सूरा नगला की मढैया निवासी भीकम सिंह गांव मोहद्दीनपुर वाले रास्ते से पुलिस ने हिरासत में ले लिया और 20 लीटर शराब बरामद की। पुलिस ने वसीम व भीकम सिंह का चालान कर दिया।

### पुलिस नहीं खोल पाई रामनिवास की हत्या का राज

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थानाक्षेत्र के मुबारकपुर गांव में ग्रामीण की हत्या का राज पुलिस नहीं खोल पाई है। पोस्टमार्टम से साफ हुआ है कि ग्रामीण के सिर में चोट के गंभीर निशान थे। पुलिस मृतक का गायब मोबाइल खोजने में लगी है। मुबारकपुर गांव निवासी रामनिवास का शव मंगलवार देर रात को कमालपुर गांव के पास सड़क किनारे पड़ा मिला था। रामनिवास के शरीर पर चोट के निशान साफ नजर आ रहे थे। अब पोस्टमार्टम में भी सिर व शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान मिलने की बात साफ हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र ने बताया कि कई लोगों से पुलिस ने पूछताछ की है। जल्द ही सच सामने आयेगा।

### एक लोडर किया सीज,चार ट्रैक्टरों का चालान

**संभल,अमृत विचार :** खनन निरीक्षक ने रजपुरा थाना क्षेत्र में गंगा किनारे अवैध बालू का खनन पर कार्रवाई करते हुए चार ट्रैक्टर ट्राली का चालान किया जबकि एक लोडर मशीन सीज कर दी। कहा जा रहा है कि यहां खनन विभाग की शह पर की अवैध खनन हो रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद विभाग ने कार्रवाई की खानपूर्ति की। गंगा के निकट दीपपुर डांडा गांव के जंगल में खनन अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बालू लदे चार ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा। एक लोडर मशीन भी कब्जे में ली गई। खनन अधिकारी ने बताया कि बालू खनन लेकर जा रही चार ट्रैक्टर-ट्रालियों का चालान किया गया है जबकि लोडर मशीन को सीज कर दिया गया है। कितना खनन हुआ है यह लेखपाल से पैमाइश कराने के बाद पता चलेगा।

### शमशान घाट पर दो पक्षों के बीच मारपीट, कई घायल

**बबराला, अमृत विचार :** गंगा घाट मुक्ति धाम पर दो मृतकों के दाह संस्कार में आए दो गांवों के लोग भिड़ गए। लोगों ने अर्थियों के बांस उठाकर जमकर मारपीट की। जिसमें कई लोग घायल हो गए।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव कन्हौआ निवासी भारत सिंह की मौत होने पर गुरुवार को राजघाट स्थित शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया जा रहा था। दोपहर बाद रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव न्यौरा से भी एक मृतक के दाह संस्कार में लोग आए थे। गांव न्यौरा के लोगों और गांव पतारी की मढ़ैया के लोगों में किसी बात पर मारपीट हो रही थी। गांव कन्हौआ के ग्रामीणों ने बीच बचाव किया तभी न्यौरा के ग्रामीण भड़क उठे और शमशान में अर्थियों के बांस उठाकर कन्हौआ के लोगों पर टूट पड़े। जो दिखा उससे से मारपीट की। गांव कन्हौआ निवासी घायल सत्यभान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि न्यौरा के 10-15 लोगों ने मारपीट की। जिसमें वह और गांव के कुमरपाल, प्रमोद आदि घायल हो गए।

# सफाई मजदूर संघ ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचारः** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार धीरेंद्र कुमार को सौंपा। नगर पालिका में वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा सफाई कर्मियों को स्थायी किए जाने की मांग प्रमुख से उठाई गई।

ज्ञापन में कहा गया कि निकायों में स्थाई, संविदा, ठेका सफाई कर्मचारियों की लंबे समय से समस्याएं चली आ रही हैं। मगर अभी तक समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया है। कर्मचारियों की प्रमुख मार्ग है कि नगर पालिका में वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा सफाई कर्मियों को स्थायी किया जाए। वर्षों से कार्यरत ठेका सफाई कर्मचारियों को संविदा में परिवर्तित किया जाए तथा समान कार्य का समान वेतन के अनुसार 18000 रुपये प्रतिमाह दिया जाए। प्रदेश में बढ़ती आबादी को देखते हुए मानक के आधार पर निकायों में एक लाख स्थायी सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए। निकायों में प्राइवेट कंपनियों एवं निजीकरण जैसी व्यवस्था को निकायों से समाप्त किया जाए। राजकीय कर्मचारियों की भांति सफाई कर्मचारियों को स्वास्थ्य कैशलेस सुविधा दी जाए। संघ को निशुल्क दारुल शफा में कार्यालय आवंटित किया जाए। सफाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश में संघ के दो प्रतिनिधि नामित किए जाएं। कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारी की सेवाकाल में मौत होने पर परिवार के किसी भी एक सदस्य को मृतक आश्रित के रूप में सेवा में नियुक्त किया जाए। ज्ञापन देने वालों में रोहित कुमार वाल्मीकि, सुरजीत, रवि, संजय, हिमांशु, ज्ञान प्रकाश वाल्मीकि आदि रहे।




प्रदर्शन करते सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारी व संविदा सफाई कर्मचारी।

**▸▸ निकायों में 2006 से कार्यरत संविदा सफाई कर्मियों को स्थाई किए जाने की मांग**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर मोहकम वि0ख0 रजपुरा (संभल)**

पत्रांक- 02 | नीलामी सूचना | दिनांक 05.03.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत घर के आगे बना पुराना सामुदायिक भवन जोकि जर्जर है कि नीलामी जैसा है जहाँ है के आधार पर दिनांक 15-03 2024 को प्रातः 11 बजे की जानी है। नीलामी पंचायत भवन रामपुर मोहकम में की जायेगी।

(अबरार अहमद) सचिव | (महेन्द्र पाल) ग्राम प्रधान

**नाम-परिवर्तन**

मेरा नाम विवाह से पूर्व हेमा रानी घोष (HEMA RANI GHOSH) था, विवाह के उपरांत मैंने अपना नाम हेमा धर (HEMA DHAR) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। हेमा धर पत्नी जयंत कुमार धर (JAYANT KUMAR DHAR, निवासी तेवा एपीआई लिमिटेड ऑफिसर्स कॉलोनी, गजरौला (अमरोहा)

**खोया-पाया**

मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020 की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक नंबर 0617177 है। वास्तव मे खो गयी है।
शिवम पुत्र रमेश सिंह ग्राम बढ़ापुर मझरा कूरी (मुरादाबाद)

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैं अपने पुत्र करन सिंह एवं पुत्रवधु सुनीता कौर को गलत संगत मे पड़ने के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ ।
निशान सिंह पुत्र डोगर सिंह निवासी ग्राम ढाकी, ज्वालापुर भैंसिया, बिलासपुर रामपुर, (उ०प्र०)

**खोया-पाया**

मेरा 8 मार्च को रोडवेज बस में मेरा बैग गुम हो गया। बैग में मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0779910 व इंटरमीडिएट परीक्षा 2012 अनुक्रमांक 0548416 की मार्कशीट के साथ ही ग्रेजुएशन व निजी कंपनी के कागजात व लेपटॉप थे। ओमकार पुत्र ब्रह्मपाल सिंह निवासी करछली, थाना कैलादेवी, जिला संभल। मोबाइल नंबर 9368546112

## एक नजर

### किशोरी को ले जाने में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाने में बेटी को फुसलाकर ले जाने के आरोप में पीड़िता के पिता ने तीन आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें संजय पुत्र भगवानदास, सुरेश पुत्र गंगाराम और पूजा पत्नी बिरजू को नामजद किया है। संजय भैंसिया गांव का, सुरेश नागफनी थाना क्षेत्र के नवाबपुरा का और पूजा बल्देवपुरी की रहने वाली है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया है कि बेटी की आयु 16 साल है। उसे आरोपी कहीं ले गए हैं। उसकी बेटी सोने के जेवरात और 20,000 रुपये ले गई है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बेटी की खोजबीन की। लेकिन जानकारी नहीं मिल पाई है। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। किशोरी को बरामद करने और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### घर के आंगन में पशु काटते दबोचे दो आरोपी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने बुधवार रात को गश्त के दौरान घर के आंगन में पशु काटते दो लोगों को दबोचा है। मामला अनवारनगर मुहल्ले का है। दरोगा शहजाद अली ने बताया कि बुधवार रात 3 :20 बजे में वह कांस्टेबल अंचुल तोमर, अंजू व पलक बालियान के साथ गश्त पर थे। चौकी क्षेत्र दस सराय में वह इस्लामनगर की पुलिया पर पहुंचे थे, जहां खबर मिली कि दो व्यक्ति मुहल्ला अनवारनगर में बंटी के मकान के आंगन में पशु वध के बाद भैंस का मीट काट रहे हैं। उन्होंने छापेमारी की तो दो व्यक्ति उन्हें मीट काटते मिले। इसमें एक ने नाम दानिश नूर पुत्र नूर अहमद निवासी रहमतनगर गली थाना कटघर और दूसरे ने नाम वारिस पुत्र रईस निवासी जाहिदनगर गली नंबर-9 बताया। दोनों से पुलिस ने छुरियां, पशु की खाल और 40 किलो मीट भी बरामद किया है। दरोगा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध कटघर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

### एक आरोपी को भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुगलपुरा थाना पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि अख्तर पुत्र अकबर गिरोह बनाकर भौतिक व आर्थिक लाभ के लिए अपराध करता है। इसके गिरोह में चार और सक्रिय सदस्य हैं। इन सभी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसके तहत दरोगा सतेंद्र मलिक ने पुलिस बल के सहयोग से आरोपी अख्तर को गिरफ्तार किया है। यह मकबरा रोड ज्यारत के पीछे कटार शहीद बरबलान का रहने वाला है।

# जयाप्रदा बोलीं-सपा के सांसद को सद्बुद्धि दे ईश्वर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**पत्रकारों से बातचीत में कहा पार्टी हाईकमान के निर्देश पर कहीं से भी लड़ूंगी चुनाव**



अदालत में पेश होने पहुंची पूर्व सांसद जयाप्रदा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** न्यायालय से बाहर आने पर फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के लागू होने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत और धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, सीएए नागरिकता देने वाला कानून है, न की लेने वाला।

पूर्व सांसद बोलीं- प्रधानमंत्री पड़ोसी देश बांग्लादेश, पाकिस्तान से गैर मुस्लिम जो वहां अल्पसंख्यक होते हैं, उनको स्टेटस और सम्मान के साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने मुरादाबाद के सपा सांसद की अभद्र टिप्पणी पर कटाक्ष भी किया। कहा, हर धर्म की बेटी की लड़ाई वह लड़ रही हैं, ताकि एसटी हसन जैसे लोग किसी लड़की के ऊपर टिप्पणी न करें। इनके जैसे लोगों को जनता सांसद बनाती है लेकिन, इस बार महिलाओं का सम्मान करने वाले व्यक्ति को चुनना चाहिए और भगवान उनको सद्बुद्धि दे। पूर्व सांसद जयाप्रदा ने मुरादाबाद से लोकसभा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने पर कहा, भाजपा में शीर्ष नेतृत्व तय करता है किसको कहां से चुनाव लड़ना हैं? पार्टी आलाकमान कहेगा तो कहीं से भी चुनाव लड़ेंगी।

### विद्युतकर्मी के बैंक खाते से निकले 4,100 रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार के केसरी कुंज निवासी अशोक कुमार शर्मा ने सिविल लाइंस थाने में ठगी का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि वह बिजली विभाग से स्टेनो पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

उन्होंने पुलिस को बताया है कि चार मई 2023 को उनके बैंक खाते से तीन बार में कुल 4,100 रुपये निकल गए। जबकि उनके पास न तो कोई लिंक या ओटीपी आया था और न ही उन्होंने किसी से कोई जानकारी साझा की थी। अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि इसकी शिकायत उन्होंने उसी दिन साइबर क्राइम सेल में कर दी थी, जहां से जांच भी हुई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके बाद अब सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है, जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।

### एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा कराया जा रहा सर्वे, 10 को पीएम ने किया था उद्घाटन

# दिल्ली व कानपुर के लिए भी शुरू होगी हवाई सेवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**दिल्ली की उड़ान के लिए भी मुख्यालय को भेजा जाएगा पत्र**

**अगले 10 दिनों में हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए शुरू हो जाएगी उड़ान**

**अमृत विचार:** हवाई अड्डा शुरू होने के बाद जल्द ही महानगर वासियों को लखनऊ के लिए उड़ान मिलने वाली है। माना जा रहा है कि अगले 10 दिन बाद मुरादाबाद से लखनऊ के लिए उड़ान शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि लखनऊ के बाद जल्द ही दिल्ली और कानपुर के लिए हवाई यात्रा शुरू कराई जाएगी। जिसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा सर्वे कराया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्च को मुरादाबाद को हवाई अड्डे की सौगात दी थी। हवाई अड्डे की शुरुआत के बाद अब यहां से पहली उड़ान कब होगी, इसका इंतजार किया जा रहा है। लेकिन महानगर वासियों का यह इंतजार 10 दिनों में पूरा हो जाएगा। माना जा रहा है कि अगले 10 दिनों में हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए उड़ान शुरू हो जाएगी। उड़ान शुरू करने के लिए फ्यूल स्टेशन बनने का इंतजार नहीं किया जाएगा। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया व फ्लाई बिग कंपनी के बीच वार्ता कर ली गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों का कहना है कि फ्लाई बिग ने अपना सेटअप तैयार कर लिया है। 10 दिन के अंदर मुरादाबाद से लखनऊ के लिए उड़ान शुरू कर दी जाएगी। किराया 1298 रुपये ही रहेगा। जिसके बाद जल्द ही दिल्ली और कानपुर के लिए हवाई यात्रा शुरू की जाएगी। क्योंकि महानगर से होने वाले निर्यात के लिहाज से पुरानी मांग दिल्ली के लिए उड़ान की ही थी।

> फिलहाल ट्रकों से फ्यूल मंगाकर हवाई सेवा शुरू की जाएगी। जिसमें लगभग 10 दिन का समय लगेगा। लखनऊ के बाद दिल्ली के लिए हवाई यात्रा की योजना बनाई जा रही है। जिसके लिए कई मानकों को पूरा करना पड़ेगा। कानपुर के लिए भी फ्लाइट उड़ना तय है। यात्रियों की मांग का सबसे ज्यादा ख्याल रखा जाएगा।
> 
> -अमरजीत, एयरपोर्ट डायरेक्टर

### 65 मिनट में लखनऊ पहुंचेंगे महानगरवासी

एयरपोर्ट अथॉरिटी ने उड़ान भरने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। लगभग 10 दिन बाद महानगर से लखनऊ के लिए उड़ान शुरू हो जाएगी। सड़क मार्ग से लखनऊ जाने में लगभग छह से साढ़े छह घंटे लगते है। लेकिन हवाई यात्रा शुरू होने के बाद लखनऊ का सफर मात्र 65 मिनट में तय कर लिया जाएगा।

### 35 मिनट में पहुंचेंगे दिल्ली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर से दिल्ली तक सड़क मार्ग से जाने में तीन से साढ़े तीन घंटे का समय लगता है। सड़क मार्ग से अधिक समय लगने के कारण कई विदेशी ग्राहक पीतलनगरी नहीं आ पाते हैं। लेकिन, हवाई यात्रा शुरू होने के बाद मुरादाबाद से दिल्ली का सफर मात्र 35 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। जिससे उम्मीद है कि पीतलनगरी से होने वाले निर्यात को पंख लगेंगे।

# नाला खोदाई के दौरान मकान गिरा

## मकान में मौजूद बच्ची बची, गुस्साए लोगों ने ठेकेदार के खिलाफ किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मकान गिरने के बाद मौके पर जमा भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महानगर के लाइनपार क्षेत्र की रामेश्वरम कालोनी में नाला खोदाई के दौरान रिटायर्ड दरोगा का मकान गिर गया। इस हादसे में मकान में मौजूद बच्ची बाल-बाल बची। मकान गिरने के बाद गुस्साए मोहल्ले के लोगों ने ठेकेदार के खिलाफ हंगामा किया और लापरवाही का आरोप लगाया। हंगामे की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय पार्षद ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया।

लाइनपार के वार्ड 37 की रामेश्वरम कालोनी में नगर निगम द्वारा नाले का निर्माण कराया जा रहा है। कई दिन पहले यहां नाले के लिए खोदाई की गई थी, और इसे ऐसे ही छोड़ दिया गया। पानी की निकासी न होने के कारण पानी लोगों के मकान की नींव में जाने लगा। लोगों ने कई बार ठेकेदार व पार्षद को इसकी जानकारी दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस दौरान कई दिन तक लोगों के मकान की नींव में पानी जाता रहा। जिससे गुरुवार सुबह रिटायर्ड दरोगा भगत

**क्षेत्रीय पार्षद शैलेंद्र कुमार सिंह ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर कराया शांत**

सिंह चौहान का मकान अचानक गिर गया। मकान गिरने से कालोनी में हड़कंप मच गया। इस दौरान मकान में मौजूद बच्ची बाल-बाल बच गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने ठेकेदार के खिलाफ हंगामा करना शुरू कर दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि मकान ठेकेदार की लापरवाही के कारण गिरा है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि अभी कई मकान और गिर सकते हैं। इसलिए जल्द ही नाले का निर्माण पूरा कराया जाए। वहीं, क्षेत्रीय पार्षद शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया है। बातचीत के जरिए पूरे प्रकरण को निपटने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि समस्या का समाधान नहीं होने पर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। वहीं कालोनी के लोगों का कहना है कि नाला खोदाई के दौरान जो मकान गिरा है और जिन मकानों को नुकसान हुआ है, उनके मालिकों को नगर निगम द्वारा मुआवजा देना चाहिए।

### बाइक सवार युवकों ने महिला की चेन छीनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर पीएमएस स्कूल के पीछे बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने महिला के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन छीन ली। घटना रेलवे पुलिस चौकी क्षेत्र में नीलकंठ कॉलोनी में टूटी दीवार के पास की है।

पीड़िता के भाई अंशुल सिंह ने बताया कि उनकी बहन तृस्लारानी रेलवे हरथला कॉलोनी आजाद नगर में रहती है। वह दोपहर 12 बजे के दौरान बच्चे को स्कूल से लेने को स्कूटी से गई थी। उनके भांजे की परीक्षाएं चल रही हैं। अंशुल ने बताया कि उनकी बहन अपने बेटे को लेकर जब स्कूल से लौट रही थी तो वह लोग टूटी दीवार के पास खड़े थे, जैसे ही तृस्लारानी स्कूटी से वहां पहुंची कि बाइक पर चालक के पीछे बैठे नकाबपोश ने उनके गले पर झपट्टा मार दिया और उनकी डेढ़ तोला की सोने की चेन छीन ले गए। पीड़िता के भाई ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे हैं तो पता चल रहा है कि उचक्के जिस बाइक पर सवार थे, उसमें आगे नंबर प्लेट ही नहीं है। रेलवे पुलिस चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि पता करके बता रहे हैं।



पुलिस की गिरफ्त में एसटीएफ द्वारा दबोचे गए अभियुक्त महफूज और मो. अकरम।

# लॉरेंस विश्नोई गैंग के दीपक का भी बना चुके हैं फर्जी पासपोर्ट

**फर्जी पासपोर्ट प्रकरण**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अभियुक्त महफूज ने एसटीएफ को पूछताछ में बताया कि वह टूर एंड ट्रैवल्स का काम करता है। वह आधार कार्ड में एडिटिंग कर उसे कूटरचित कर फर्जी पासपोर्ट तैयार कराता है।

लॉरेंस विश्नोई गैंग के सक्रिय सदस्य दीपक बॉक्सर का कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर रवि अन्तिल के नाम से उसने पासपोर्ट तैयार कराया था, जिसमें वह जेल जा चुका है। उसने अकरम का भी पासपोर्ट कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर तैयार कराया था। यह दोनों सारिक हुसैन उर्फ साठा को आपराधिक कृत्यों में सहयोग पहुंचाते है। इसने ही राहुल ओझा निवासी नजफगढ दिल्ली की मदद से दिल्ली के पते बी-5609 गली नंबर-115 संत नगर बुरारी दिल्ली पर सारिक हुसैन उर्फ साठा का पासपोर्ट तैयार कराया था। इसने सारिक हुसैन को 200 सिम कार्ड भी उपलब्ध कराए हैं। एसटीएफ ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध डिलारी थाने में धोखाधड़ी एवं जालसाजी व अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज कराया है।

**अभियुक्तों से बरामदगी:** अभियुक्त महफूज खां और मो. अकरम के पास से एसटीएफ को फर्जी पासपोर्ट, एक अन्य फर्जी पासपोर्ट की छायाप्रति, एयर इंडिया का एक टिकट, दो फर्जी आधार कार्ड, दो फोन, 950 रुपये बरामद हुए। ।



**अनदेखी...:** मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। तापमान दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को तापमान भी बढ़कर 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ऐसे में मनुष्य ही नहीं जंगली जानवर भी परेशान हैं। गर्मी से बचने के लिए डीयर पार्क में हिरन पानी और भोजन की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। लेकिन, वन विभाग की ओर से अनदेखी की जा रही है। ● अमृत विचार

### तीसरे रोजे पर भी इबादत में मशगूल रहे रोजेदार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रमजान-उल-मुबारक के तीसरे दिन गुरुवार को भी रोजेदार सहरी से लेकर पूरा दिन इबादत में मशगूल रहे। फज्र की नमाज के बाद घरों और मस्जिदों में कुरान की तिलावत की गई।

गुरुवार को रमजान के तीसरे दिन तड़के में सहरी खाने के बाद रोजेदारों ने फज्र की नमाज अदा की। जिसके बाद सभी महिला व पुरुष रोजेदार इबादत में मशगूल हो गए। दोपहर तक घरों में महिलाएं और मस्जिदों में पुरुष इबादत करते रहे। शाम को अस्र की नमाज के बाद रोजेदारों ने इफ्तारी का सामान खरीदने के लिए बाजारों का रुख कर लिया। सभी ने इफ्तारी के लिए फल, खजूर, सब्जियां व अन्य पकवान खरीदे। वहीं घरों में भी महिलाएं इफ्तारी की तैयारियों में जुटी रहीं। मगरिब की अजान और सायरन की गूंज होते ही लोगों ने दुआ की और रोजा खोला तथा नमाज अदा की।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी तेज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



सर्किट हाउस के पीछे ग्राउंड पर तैयारियों का निरीक्षण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल व अन्य।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शनिवार को प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन व नगर निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारी तैयारी में जुट गए हैं। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल व अन्य अधिकारियों ने सर्किट हाउस के पीछे पड़े आवास विकास के मैदान पर निरीक्षण कर व्यवस्था का निर्देश दिया।

नगर आयुक्त ने कार्यक्रम को देखते हुए मैदान व आसपास के क्षेत्र में झाड़ियों को काटने, चूने का छिड़काव कराने मच्छरों से बचाव को फागिंग कराने का निर्देश निगम के अधिकारियों को दिया। मैदान में भरे पानी को तत्काल निकलवाने के लिए कहा। अधिकारियों ने मौके पर पार्किंग का प्रबंध और वाहनों के आने जाने के मार्ग को

**शनिवार को मुख्यमंत्री के आने की है संभावना, सर्किट हाउस के पीछे हो सकती है जनसभा**

दुरूस्त करने का निर्देश दिया। कहा कि लापरवाही नहीं होनी चाहिए, अन्यथा कार्रवाई होगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह के अलावा सिटी मजिस्ट्रेट, उप नगर आयुक्त, नगर निगम के मुख्य अभियंता, अवर अभियंता, क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

### दरोगाओं की पासिंग आउट परेड में होंगे शामिल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मुरादाबाद आ रहे हैं। वह डॉ. भीमराव आंबेडकर उप्र. पुलिस अकादमी में आयोजित होने वाली प्रशिक्षु दरोगाओं की पासिंग आउट परेड में शामिल होंगे। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) तिलोत्मा वर्मा भी उपस्थित रहेंगी। पुलिस अकादमी में सुबह 9.40 बजे से पासिंग आउट परेड का कार्यक्रम रहेगा।

पुलिस अकादमी के एएसपी महेंद्र कुमार ने बताया कि अकादमी में आयोजित दीक्षांत परेड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहकर परेड की सलामी लेंगे। 16 मार्च को सुबह 9:40 बजे पासिंग आउट परेड होगी। जिसमें सबसे पहले मुख्यमंत्री द्वारा दीक्षांत परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया जाएगा। इसके बाद सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

**सतर्कता** | आपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत गांव के मुख्य मार्गों व चौराहों पर लगाए गए 10 सीसीटीवी कैमरे

# अक्का डिलारी में एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विकास खंड मूंढापांडे की ग्राम पंचायत अक्का डिलारी में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने आपरेशन त्रिनेत्र एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। गांव के मुख्य मार्गों और चौराहों पर 10 सीसीटीवी लगाए गए हैं।

सीसीटीवी के साथ अक्का-डिलारी ग्राम पंचायत में कई स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किए गए हैं। जिससे ग्राम की 24 घंटे निगरानी एवं त्वरित सूचना प्रदान किए जाने की सुविधा होगी। आइएसओ 9001:2015 प्रमाणपत्र ग्राम पंचायत अक्का डिलारी, रूस्तमपुर बढ़मार, मूंढापांडे एवं दलपतपुर को मिला है।



कलेक्ट्रेट में निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह।

मंडलायुक्त ने कहा कि आपरेशन त्रिनेत्र के माध्यम से गांवों में होने वाले अपराध पर अंकुश लगेगा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को विकास के वास्तविक संकेतक जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई के महत्व के बारे में समझाया। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने कार्यक्रम की प्रगति से अवगत कराया। ब्लाक प्रमुख डॉ. नवदीप यादव ने सभी का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतों को प्रमाणित कराने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अजयवीर ने मंडलायुक्त को स्मृति चिन्ह के रूप में तुलसी का पौधा प्रदान किया। कार्यक्रम में डीडीओ जीबी पाठक, डीपीआरओ वाचस्पति झा, बचत निदेशक, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) मूंढापांडे शामिल रहे।

### अभिलेखों को व्यवस्थित तरीके से रखने का निर्देश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के उचित व व्यवस्थित रखरखाव का निर्देश दिया। अधिकारियों व कर्मचारियों से जन सामान्य की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के लिए कहा। मंडलायुक्त ने सबसे पहले जिलाधिकारी कार्यालय व कोर्ट, संयुक्त अभिलेखागार, राजस्व अभिलेखागार, विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने पटल सहायकों को पत्रावलियों को वर्ष वार लगाने के निर्देश दिए। कहा कि जो भी पत्रावली हो उसे ठीक से रखें। इस दौरान जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शशि भूषण, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर, अपर उप जिलाधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों के सहायक आदि उपस्थित रहे।

### दो और होली स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** होली का पर्व नजदीक आते ही ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। रेलवे प्रशासन ने होली पर दो जोड़ी और स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह ने बताया कि होली पर्व पर यात्रियों को घर आने-जाने में कोई दिक्कत न हो। इसलिए यात्रियों की सुविधा को दो और स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत 22 मार्च से ट्रेन संख्या-04530 सप्ताह में एक बार बठिंडा से वाराणसी, 23 मार्च से ट्रेन संख्या 04529 वाराणसी से बठिंडा तक सप्ताह में एक बार संचालित की जाएगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 22 मार्च से 04536 सप्ताह में एक बार अंबाला कैंट से कटिहार जंक्शन व 23 मार्च से ट्रेन संख्या 04535 कटिहार से अंबाला कैंट तक संचालित की जाएगी।



सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक व छात्र-छात्राएं व अन्य।

# वाद-विवाद में सुदुस, क्विज में ज्योति प्रथम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के तहत कार्यक्रम हुआ। इसमें ऑप्टोमेट्री के छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद, प्रजेंटेशन, पोस्टर और क्विज की प्रतियोगिता हुई।

डिबेट में सुदुस प्रथम, कांशी द्वितीय एवं विमल तृतीय स्थान पर रहे। चंद्रमौली को बेस्ट प्रजेंटेशन का अवार्ड दिया। क्विज में ज्योति, चंद्रमौली और प्रियम विजेता रहे। जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में सेजल, कांशी, विमल, ज्योति , जयंत एवं हिमांशी को विजय मिली। संस्थान के ग्लूकोमा विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि ग्लूकोमा आंखों का चोर कहीं जाने वाली बीमारी है। संस्थान द्वारा पेशेंट वेटिंग एरिया में प्रतिदिन जागरुकता वार्ता की जाती है। निर्णायक मंडल में स्कूल आफ ऑप्टोमेट्री की फैकल्टी सिमरन, महेंद्र सिंह, रितेश चौरसिया, अमृता मिश्रा मौजूद रही। संचालन आकांक्षा गुप्ता और संयोजन गरिमा सिंह ने किया।



## चुनाव कमाल का...

- पहली लोकसभा के चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच कराए गए थे। उस समय लोकसभा में कुल 489 सीटें थीं लेकिन संसदीय क्षेत्रों की संख्या 401 थी। लोकसभा की 314 संसदीय सीटें ऐसी थीं जहां से केवल एक-एक प्रतिनिधि चुने जाने थे। 86 संसदीय सीटें ऐसी थी जिनमें दो-दो लोगों को सांसद चुना जाना था, वहीं नॉर्थ बंगाल संसदीय क्षेत्र से तीन सांसद चुने गए थे।
- प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे मात्र नेता हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश और दिल्ली राज्यों से लोकसभा के चुनाव में कामयाबी हासिल की
- काका जोगेन्दर सिंह जो धरती पकड़ के नाम से भी मशहूर थे 25 बार चुनाव हारे। धरती पकड़ वी.पी. सिंह और राजीव गांधी जैसे बड़े-बड़े नेताओं के खिलाफ भी उम्मीदवार रहे जिनके लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाते थे ताकि कहीं उनकी मौत की वजह से चुनाव रद्द न कर दिया जाए।

## चुनावी तीर



कांग्रेस 70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को अटकाती रही, लटकाती रही, भटकाती रही। लेकिन मंदिर नहीं बनाया और जब इन्हें राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, तो वोट बैंक की लालच में इन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया।

**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री



नरेंद्र मोदी सरकार ने काफी शोर-शराबे के साथ महिला आरक्षण बिल पास किया, लेकिन उसे लागू करने के लिए सर्वे करने की बात की, इसमें 10 साल लगेंगे, हमारी सरकार आती हैं तो बिना सर्वे के महिलाओं को आरक्षण देंगे

**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता

# आंदोलन के बाद मंदिर निर्माण सियासी कसौटी पर

- चुनाव दर चुनाव नए समीकरण गढ़ती रही अयोध्या, मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस

**13** माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई भाजपा

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** मंदिर आंदोलन के बाद अब श्रीराम मंदिर का निर्माण सियासत की कसौटी पर है। चुनाव-दर-चुनाव अयोध्या नए सियासी समीकरण गढ़ती रही है। चुनाव की मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस हो गया। एक बार फिर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष विकास संग अयोध्या चुनावी सियासत के केंद्र में घूम रही है।

यूं तो राम मंदिर आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। अयोध्या सदियों से आस्था का केंद्र रही है, लेकिन चार दशक से यह सियासत के भी केंद्र में है। 40 साल बाद भी अयोध्या की सियासी चमक वैसी है। दलों को लुभाती है। बदला है तो केवल परिदृश्य। राजनीतिक दलों ने अयोध्या के मुद्दे को भुनाने की कोशिश की। कांग्रेस रही हो या भाजपा। सपा या बसपा। श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से सन् 1984 में शुरू हुआ। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या हुई। चुनाव में कांग्रेस ने 404 सीटों से बढ़त पाई। नए दल के रूप में दो सीटों से भाजपा ने खाता खोला। आंदोलन के समर्थन से भाजपा ने जो सियासी पारी शुरू की वह अब तक बरकरार है। जैसे-जैसे आंदोलन चढ़ा, दूसरे मुद्दे भी आए, लेकिन अयोध्या का प्रभाव कायम रहा। इतिहास पर गौर करें तो कई ऐसे अवसर आए जब अयोध्या को पर्दे के पीछे करने की कोशिश हुई लेकिन ऐसा हो नही पाया। 1989 से अब तक का परिदृश्य इसी ओर इशारा करता है। 1989 में मंडल और मंदिर एक साथ नारा बने, 1990 में ढांचा विध्वंस हुआ। धर्म निरपेक्षता पर बहस हुई, लेकिन सियासत की तासीर में अयोध्या बनी रही। हां इतना जरूर है कि चुनाव-दर-चुनाव आंकड़ों की तस्वीर बदलती रही। नब्बे के दशक में अयोध्या और राम मंदिर अवाम के बीच राष्ट्रीय मुद्दा बन गया।

राष्ट्रीय मुद्दों के बीच अयोध्या के साथ भाजपा फर्श से अर्स की ओर बढ़ती रही तो कांग्रेस का पराभव का दौर शुरू हो गया। 13 माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में भाजपा सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई। 1999 से 2004 तक सत्ता में रही। इसके पीछे राम मंदिर आंदोलन और अयोध्या ही रही। सन 1984 में 404 सीटों पर रहने वाली कांग्रेस 35 साल बाद 2019 में 52 पर सिमट गई। दो के आंकड़े से बढ़ने वाली भाजपा 2019 में 303 तक पहुंच गई।

नौ नंवबर 2019 को अयोध्या के श्रीराम मंदिर पर फैसला आया। चमक बढ़ गई। कोरोना के दौर में पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन हुआ। मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ सियासत गरमाने लगी। निर्माण के श्रेय को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला।

### अरसे से सियासत में शामिल अयोध्या

22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। यह बड़ा संकेत रहा। पर्दे के पीछे की सियसात का खेल शुरू हुआ। राम दर्शन के जरिए प्रदेशों की भाजपा सरकारें राम लला के चरणों में नतमस्तक हुई। पूरे देश के लोगों को यात्रा के जरिए इसे परवान चढ़ा दिया गया। विपक्षी दल के नेताओं को उभारकर घेरने की रणनीति चल रही है। भाजपा और कांग्रेस के बीच अयोध्या और यात्रा के जरिए सियासी युद्ध चरम की ओर है। चुनावी चंदा और छापों की धमक है। चुनाव की घोषणा होने वाली है। आंदोलन से निकलकर धार्मिक पर्यटन की नगरी अयोध्या और राम मंदिर फिर सियासत के बीच कसौटी पर है। इसके सियासी लाभ हानि का आंकलन किया जा रहा है। पक्ष और विपक्ष इसे साधने के साथ मुकाबले की राह पर चल पड़े हैं।



सियासतदानों का एक धड़ा इसे मुद्दा बनने से रोकने में लगा रहा तो दूसरा धड़ा अप्रत्यक्ष सियासत के केंद्र में रखने में लगा रहा। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के जरिए पूरे देश को आंदोलन की तर्ज पर राम मय बनाने की कोशिश शुरू हुई।




**22** जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शामिल होना रहा बड़ा संकेत

**1984** में श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से आरंभ हुआ और भाजपा ने जो पारी शुरू की वह अब तक है बरकरार

## ईवीएम आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग नहीं दे रहा है समय : दिग्विजय

नई दिल्ली, ब्यूरो



**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा है कि चुनावों में ईवीएम मशीनों द्वारा हेरा फेरी का आरोप लगाने वाले आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग 7 माह से बातचीत का समय नहीं दे रहा है।

ईवीएम मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करते हुए करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा है कि अब ईवीएम के खिलाफ देश के कोने कोने में आवाज उठ रही है। इंडिया गठबंधन की ओर से इस मामले में करीब सात महीने से चुनाव आयोग से समय मांगा जा रहा है, लेकिन कोई उत्तर अब तक नहीं मिला। पूरे देश में जन आंदोलन की बाढ़ सी आ गई है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच का बनाना आवश्यक हो गया है, जिसे 'ईवीएम मुक्त भारत अभियान' के नाम से जाना जाएगा। सिंह ने कहा कि ईवीएम मुक्त भारत अभियान में राजनैतिक, सामाजिक, नागरिक सहित विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व है और यह गैर राजनैतिक होगा। चुनाव आयोग निष्पक्ष रहा नहीं। जब तक पेपर बैलेट से चुनाव होता था, तब काफी हद तक चुनाव आयोग के नियंत्रण में प्रक्रिया हुआ करती थी। ईवीएम के प्रवेश से भारत सरकार की तमाम एजेन्सी जैसे भारत एलेक्ट्रॉनिक्क्स लिमिटेड, इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया और निजी क्षेत्र से टेक्निकल लोग शामिल हो गए हैं, ऐसे में तो निष्पक्षता का होना लगभग असंभव है। एक आम दलील यह दी जाती है की बैलेट पेपर से चुनाव कराना खर्चीली प्रक्रिया है, जो एक बहुत बड़ा भ्रम है। बैलेट पेपर से चुनाव कराने में 2 सप्ताह की तैयारी चाहिए। अगर यह नहीं संभव है तो वीवीपैट की पर्ची वोटर के हाथ में दी जाए और वह एक डिब्बे के अंदर स्वयं डाल दे।

सिंह ने बताया कि उक्त आंदोलन के लिए गठित समिति में मेरे अलावा दीपक बाबरिया, उदित राज, एमजे देवाशहायम (सिटीजन इलेक्शन कमीशन), वामन मेश्राम (बामसेफ), कामरेड दीपांकर भट्टाचार्या (सीपीआईएमएल), गुरनाम सिंह चढूनी (किसान नेता), स्मिता कमले (इंडिया अगेन्सट ईवीएम), एडवोकेट महमूद प्राचा, राजेन्द्र पाल गौतम (एमएलए), अशोक शर्मा (पूर्व राजदूत), गौतम लहरी (प्रेसीडेंट, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया) को नामित किया गया है।



## अमीरों को कर्ज माफी किसानों को नहीं : राहुल

**नासिक।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज बनेगा। ऐसी नीतियां लाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सके। किसानों को जीएसटी से बाहर करने का वादा किया।

गांधी कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी। अगर अमीर लोगों का कर्ज माफ किया जा सकता है तो किसानों को भी लाभ मिलना चाहिए। मेरी और हमारी सरकार के दरवाजे किसानों के लिए हमेशा खुले रहेंगे। राकांपा (एसपी) नेता शरद पवार और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने किसान और कृषि क्षेत्र की दशा को लेकर केंद्र सरकार पर उदासीन रवैये का आरोप लगाया। किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत नहीं मिलती है जिस वजह से वे कर्जे में डूब जाते हैं और आत्महत्या करते हैं।

## यूपी में बसपा के बगैर कैसे भाजपा को रोकेगा 'इंडिया'

● धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** क्या बसपा के बिना 'इंडिया' गठबंधन के अहम घटक सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा को रोक पाएंगे। यह सवाल इनदिनों चट्टी-चौराहों पर आम मतदाओं से लेकर राजनीतिक पंडितों के बीच चर्चा में शामिल है। भाजपा के मिशन-80 को आधे से भी कम पर समेटने का दावा करने वाले विपक्ष के समीकरणों का गणित भी यहीं पर आकर अकट जा रहा है।

नरेंद्र मोदी को नेतृत्व देने से पहले भाजपा की हैसियत डांवाडोल थी। 13 दिन की सरकार समेत तीन बार सत्ता में आने पर भाजपा सरकार एक बार भी पांच साल का कार्यकाल पूरा न कर सकी। प्रदेश में 1984 में दो सीटों से बढ़ते हुए अधिकतम सीटें जीतने का आंकड़ा 2004 में 186 था। फिर भी सरकार कांग्रेस की बनीं और यह सिलसिला 2009 के चुनाव में भी कायम रहा, तब भाजपा गठबंधन ने 116 सीटें जीती थी। उत्तर-प्रदेश में हाल यह था कि कांग्रेस और भाजपा के हाथ से वोटों की गणित तेजी से फिसलती हुई सपा और बसपा जैसे क्षेत्रीय दलों की झोली में आ गई थी। लेकिन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी मैजिक ने ऐसा कमाल दिखाया कि सपा और बसपा के सामने भी अस्तित्व बचाने का संकट शुरू हो गया, जबकि कांग्रेस हासिये पर चली गई।

### गठबंधन में कांग्रेस का फायदा



सपा से गठबंधन में फायदा कांग्रेस को ही ज्यादा होगा। मुसलमान वोट बंटेगा नहीं और यादव वोट कम वोट से हारने वाली सीटों पर बहुतम दे सकता है। ऐसे में आंकड़ों को गौर से देखें तो कांग्रेस के पास रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, कानपुर, अमरोहा जैसी पांच सीटें ऐसी होंगी जहां से उनकी जीत संभव हो सकती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में रायबरेली में चार सीटें सपा की हैं। जब एक भाजपा की है। उसी तरह अमेठी में तीन सीट भाजपा की है तो दो सीट सपा ने जीती है। इसी तरह कई सीटों पर सपा के प्रभाव से कांग्रेस को फायदा हो सकता है। वैसे 2014 और 2019 में समाजवादी पार्टी पांच-पांच सीट ही जीत सकी थी। इस बार भी हालात कुछ बेहतर नहीं हैं। उप्र में वैसे ही राम मंदिर की लहर चल रही है। इस आंधी में अगर सपा का सहारा पाकर कांग्रेस पांच सीटें जीतती है तो बड़ी उपलब्धि होगी। कांग्रेस के साथ से सपा को बस एकमात्र यही फायदा हो सकता है कि बसपा को मुसलमान वोटकटवा मान लें और सपा को शतप्रतिशत वोट मिले। तब मुस्लिम बाहुल्य सीटों भाजपा को जीतना चुनौती होगी।

### 'बुआ-बबुआ' की जोड़ी ऐसी टूटी कि जोड़ना मुश्किल

राज्य की कुर्सी भी 2017 में भाजपा के हाथ चली गई, तो सपा और बसपा ने अपनी कट्टर दुश्मनी को भुलाकर 2019 के लोकसभा चुनाव में हाथ मिलाया। मगर, यह 'बुआ-बबुआ' के नाम पर चर्चित हुई जोड़ी भी चुनाव में मोदी की आंधी को रोकने में बेअसर रही। बाद में ऐसी टूटी कि वह दर्द इस बार बसपा को इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं बनने दे रहा है। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस नेताओं की कोशिश थी कि बसपा प्राथमिकता देते हुए सपा के साथ ही इंडिया गठबंधन में शामिल किया जाए। अब सपा-कांग्रेस कैसे बसपा के बगैर मोदी को प्रदेश में रोकेंगे, यह सवाल बना हुआ है।



### विधानसभा चुनाव में 'दो युवराज' की जोड़ी फेल

ऐसे में राज्य की कुर्सी के लिए 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस से समझौता किया, तो राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी को नाम दिया गया 'दो युवराज' यानि एक सोनिया गांधी की कांग्रेस परिवार से तो दूसरे मुलायम सिंह यादव के सपा परिवार से उत्तराधिकारी। लेकिन समझौते में 105 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को सिर्फ सात सीटों पर जीत मिली। भाजपा ने 312 सीटें और सहयोगी दलों को मिलाकर रिकार्ड 325 सीटें जीती। योगी आदित्यनाथ की तोजपोशी के बाद दिनोंदिन बदलते नए उत्तर-प्रदेश की तस्वीर ने 2022 में ऐसी हालत पतली कर दी कि भाजपा गठबंधन 273 सीटों पर जीत गया, जबकि सपा ने भाजपा से तोड़कर कुछ सहयोगी दलों के सहारे 125 सीटें जीती, लेकिन चार बार सत्ता संभालने वाली बसपा मात्र एक विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है, जबकि कांग्रेस के मात्र दो विधायक जीते।

**भाजपा सांसद वरुण और मेनका के कारण हाईप्रोफाइल है पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट**

## भाजपा के टिकट का इंतजार, विपक्ष को मजबूत दावेदार की तलाश

- साढ़े तीन दशक में हुए नौ चुनाव में छह बार मेनका तो दो बार वरुण गांधी बने सांसद
- वरुण के पार्टी विरोधी रवैये के चलते इस बार किसी अन्य को टिकट के लगाये जा रहे कयास

● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेनका गांधी और वरुण गांधी के कारण पीलीभीत-बहेड़ी संसदीय सीट हाईप्रोफाइल है। पिछले करीब 35 साल से इन्हीं दोनों पर पीलीभीत के लोगों ने भरोसा जताया लेकिन इस बार वरुण गांधी के लगातार पार्टी विरोधी रवैये के चलते टिकट बदलने के कयास लगाये जा रहे हैं। वरुण के विरोध में पार्टी में ही एक धड़ा सक्रिय है। इसी कारण अभी तक भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बदलाव की उम्मीद में स्थानीय और दूसरे जनपदों के कई भाजपा नेता पीलीभीत-बहेड़ी सीट के लिए दावेदारी कर चुके हैं। भाजपा से टिकट की घोषणा न होने के चलते सपा भी चुप्पी साधे है। बसपा ने अनीस अहमद फूल बाबू पर ही फिर भरोसा जताया है।


पीलीभीत

लोकसभा चुनाव 2024 का अधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन पिछले छह माह से सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर पिछले करीब साढ़े तीन दशक से गांधी परिवार (मेनका गांधी/ वरुण गांधी) का कब्जा रहा है। 1989 से लेकर 2019 तक इस सीट पर नौ बार चुनाव हुए। इनमें छह बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी सांसद रहे। वर्तमान में वरुण गांधी सांसद हैं। पिछले करीब दो साल से वरुण के तेवर अपनी ही सरकार के विरोध में हैं। कई मौकों पर वह सरकार की तीखी आलोचना कर चुके हैं। कुछ महीनों से तो उन्होंने करीब-करीब हर जनसभा में सरकार की योजनाओं के विरोध को लक्ष्य बना लिया।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी, निकाय चुनाव के दौरान सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष के पति गुरभाग सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत समेत कई लोग दावेदारों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं।

हर कोई अपने स्तर से खुद को हाईकमान की कसौटी पर खरा उतारने की कोशिश में है। कुछ लोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार व कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद की दावेदारी मजबूत मान रहे हैं। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा के नाम की चर्चा भी चर्चा हो रही है। कुछ लोग अभी भी वरुण या मेनका को टिकट मिलने की उम्मीद जता रहे हैं।



### भाजपा की स्थिति मजबूत

पिछले करीब एक दशक में भाजपा खुद को खासा मजबूत कर चुकी है। कांग्रेस की हालत पहले से ठीक नहीं रही। बसपा के हाथी की चाल भी 2012 के बाद से तराई में सुस्त है। विपक्षी दल के नाम पर समाजवादी पार्टी कुछ मजबूत स्थिति में है। समाजवादी पार्टी में कई दावेदारों के नाम चर्चा में हैं। पिछले कुछ दिनों से सपा से पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार का नाम जोर शोर से चल रहा है। मगर भाजपा के टिकट की घोषणा होने के बाद ही सपा अपने पत्ते खोलने के मूड में है। तभी लोकसभा चुनाव की सियासत तराई में जोर पकड़ेगी। दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है, तो टिकट न मिलने से नाराज होकर भितरघात होना भी चुनाव में आम है।

### बसपा का भरोसा फिर फूलबाबू पर

10 मार्च को बीसलपुर में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बसपा प्रभारी राजकुमार गौतम ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के प्रत्याशी होने की घोषणा की थी। हालांकि यह कोई हैरान करने वाली घोषणा नहीं मानी गई। मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए बसपा से फूलबाबू का टिकट पक्का माना जा रहा था। वह पहले भी तीन बार (1999, 2004,2014) बसपा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। पहली बार के चुनाव में वह दूसरे व अन्य दोनों चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। उनके नाम की घोषणा के साथ बसपा दलित-मुस्लिम वोटरों को साधकर तराई में खो चुकी सियासी जमीं को पाने का प्रयास कर रही है।

| पार्टी | प्रत्याशी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **2019 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 7,04,549 | 59.38 |
| सपा | हेमराज वर्मा | 4,48,922 | 37.83 |
| जीत | 2,55,627 वोट | | |
| **2014 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 5,46,934 | 52.06 |
| सपा | बुद्धसेन वर्मा | 2,39,882 | 22.83 |
| जीत | 3,07,052 वोट | | |
| **2009 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 4,19,539 | 50.09 |
| कांग्रेस | वीएम सिंह | 1,38,038 | 16.48 |
| जीत | 2,81,501 वोट | | |
| **2004 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 2,55,615 | 37.75 |
| सपा | सत्यपाल गंगवार | 1,52,895 | 22.58 |
| जीत | 1,02,720 वोट | | |
| **1999 का परिणाम** | | | |
| स्वतंत्र | मेनका गांधी | 4,33,421 | 57.94 |
| बसपा | अनीस अहमद खान | 1,93,566 | |
| जीत | 2,39,855 वोट | | |

## शिवपाल बोले- सपा से रूठे लोगों को घर जाकर मनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



- भाजपा ने नहीं पूरे किए वादे, सभी 80 सीटों पर मिलेगी हार
- प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार बदायूं पहुंचे शिवपाल यादव

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को लेकर चल रहा संशय गुरुवार को समाप्त हो गया। शिवपाल सिंह यादव की जिले में आमद हुई। कहा कि इंडिया गठबंधन की वजह से भाजपा अभी तक प्रत्याशी नहीं ढूंढ सकी है। उन्होंने कहा, सपा से दूर हुए लोगों का मनमुटाव दूर करने के लिए उनके घर जाएंगे। भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए इसलिए सभी 80 सीटों पर हार मिलेगी।

गुरुवार को वह तीन दिवसीय दौरे पर बदायूं आए। उझानी के एक मैरिज लॉन में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन से भाजपा सभी 80 सीटें हारेगी। भाजपा बदायूं से प्रत्याशी तक घोषित नहीं कर सकी है। भाजपा सत्ता के घमंड में है। वह बोले कि बदायूं सपा का गढ़ रहा है। नेता जी मुलायम सिंह यादव, प्रोफेसर रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव यहां से सांसद हुए। अब हम भी बदायूं आए हैं। सलीम इकबाल शेरवानी और आबिद रजा की नाराजगी के बारे में उन्होंने कहा कि जो भी रूठा है उन सभी को मना लेंगे। जरूरत पड़ने पर उनके घर भी जाएंगे। अयोध्या जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में मंदिर बन गया है। भगवान जब बुलाएंगे अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले का विकास उनकी प्राथमिकता है। भाजपा बताए कि जिले में उन्होंने कितना विकास कराया है। भाजपा के सभी वादे खोखले हैं। प्रेस वार्ता के दौरान बरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, आंवला लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य आदि भी मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण के जरिए प्रदेश की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ रही राज्य सरकार

# ई-ऑटो रिक्शा की ड्राइविंग सीट भी संभालेंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** रोडवेज बसों के बाद अब प्रदेश की महिलाएं आम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी ड्राइविंग सीट पर नजर आने वाली हैं। महिलाओं को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण के साथ ड्राइविंग लाइसेंस और सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का भी प्रबंध कर हो रहा है।

ई रिक्शा पर 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित एवं यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की गई है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है।

#### महिलाओं को दी जा रही पिंक ड्रेस एवं सेफ्टी किट

प्रवीण ने बताया कि यह एक लाइवलीहुड प्रोग्राम है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। इसके बाद महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। इसमें सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है।

**स्वरोजगार शुरू कराने में भी की जा रही मदद :** प्रवीण सिंह ने बताया कि योजना के तहत ई रिक्शा की स्टैंडर्ड कॉस्ट 1.98 लाख रुपए निर्धारित की गई है। हमने जेम पोर्टल के माध्यम से ई रिक्शा कंपनीज का चयन किया है। ये कंपनियां लिथियम आयन बैटरी वाले ई रिक्शा बनाती हैं जो सबसे उच्चतम क्वालिटी के होते हैं। 1.98 हजार में योजना के अंतर्गत योग्य पाई जाने वाली महिलाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 49 हजार 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। बाकी जो पैसा है उसको नेशनलाइज बैंक से फाइनेंस कराने का प्रयास किया जाएगा।

- एमएसएमई द्वारा संचालित और यूपिकॉन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम को किया जा रहा क्रियान्वित
- प्रशिक्षण के साथ ही महिलाओं को पिंक किट और बैंक फाइनेंस की सुविधा तक प्रदान की जा रही

## कोविड में माता-पिता को खो चुके बच्चों को हुआ भुगतान

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 904 पात्र बच्चों को गुरुवार को धनराशि का भुगतान किया गया। पात्रों को धनराशि की प्रतीक्षा काफी समय से कर रहे थे। कोविड के बाद मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शुरू की गई थी। कोविड में माता-पिता को खोने वाले बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह पढ़ाई और भरण-पोषण के लिए दिए जा रहे हैं। शुरूआत में राशि का भुगतान तिमाही किया जा रहा था और अब छमाही होने लगा। 904 पात्र बच्चों को धनराशि देने के लिए शासन से बजट मांगा गया था। शासन से बुधवार को बजट जारी कर दिया गया।

# डंपरों की भिड़ंत में डीजल टैंक फटा, दो जिंदा जले

संवाददाता, बहुआ(फतेहपुर)

- फतेहपुर-बांदा मार्ग पर ललौली क्षेत्र में तड़के हादसा, एक डंपर के चालक व खलासी की मौत

**अमृत विचार :** ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गांव के पास गुरुवार तड़के दो डंपरों की भिड़ंत में एक डंपर के चालक दिलीप और क्लीनर इबरार की जिंदा जलकर मौत हो गई। टक्कर के बाद दोनों डंपरों के डीजल टैंक फट गए। धमाके के साथ फैली लपटों ने पास के एक मकान को भी चपेट में ले लिया। आसपास के लोग जान बचाने के लिए भागे।

फतेहपुर-बांदा मार्ग पर खटौली गांव के पास फतेहपुर से बांदा जा रहे डंपर की सामने से आ रहे दूसरे डंपर से टक्कर हो गई। एक डंपर के चालक और परिचालक बाहर नहीं निकल सके, उनकी जलकर मौत हो गई। टैंक फटने से जलता हुआ डीजल पास के एक मकान में जा गिरा जिससे वहां आग लग गई। फायर कर्मियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग से जले मकान के मालिक सोमदत्त ने बताया कि दुर्घटना रात करीब तीन बजे हुई, उनका घर जलकर खाक हो गया है। परिवार ने किसी तरह भागकर जान बचाई। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि मृतकों में बाराबंकी जिले के थाना रामसनेही घाट के हथौड़ा निवासी दिलीप कश्यप और बाराबंकी के सांडा थाना के डिशनरी गांव निवासी इबरार अली हैं।

## सामूहिक विवाह योजना में मुरादाबाद दूसरे स्थान पर

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अभी तक गोरखपुर अव्वल है। अब विवाह के लिए महज दो दिन बचे हैं। 17 से होलाष्टक लग लग जाएगा और चुनाव आचार संहिता भी कभी भी लग सकती है, इससे शत लक्ष्य पूरा होने की संभावना कम है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़ों के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। 35 हजार रुपये कन्या के खाते में जमा किए जाते हैं। शेष राशि अलग-अलग मदों में खर्च की जाती है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में प्रदेश के 75 जिलों के लिए 1 लाख 14 हजार जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। नवंबर के अंतिम सप्ताह से विवाह शुरू हो गए थे। 14 मार्च 2024 तक 1 लाख 5 हजार जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। इसमें 75 हजार का भुगतान कर दिया गया है। गोरखपुर में 4000, मुरादाबाद में 3701, बिजनौर में 3465 और रामपुर में 3301 जोड़ों का विवाह कराए गए। 16 या 17 मार्च में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग सकती है।

# अधिकारी जैसा कार्य करेंगे, वैसा ही फल उन्हें मिलेगा: मुख्यमंत्री

### 39 एसडीएम, 41 डीएसपी व 16 कोषाधिकारी को दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहली बार मात्र 9 माह में किसी आयोग, बोर्ड ने पूरी की भर्ती प्रक्रिया



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करने की नसीहत देते हुए कहा कि आप जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल उन्हें मिलेगा। कहा कि आज भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

#### थाने की एक-एक गतिविधियों को करना है वॉच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हे थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा। इसके साथ ही पब्लिक से कैसा व्यवहार हो रहा है, चार्ज शीट की क्या स्थिति है आदि पर ध्यान देना होगा। उन्होंने नवचयनितों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वह ईमानदारी के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों की स्पीड को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही जनता जनार्दन के हितों का ध्यान रखें और त्वरित निर्णय लें ताकि अच्छे प्रशासन के अधिकारी के रूप में छवि बने।

## कांग्रेस की तीसरी सूची आने में अभी लगेगा एक सप्ताह का समय

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की तीसरी सूची आने में अभी करीब एक सप्ताह का समय लगने की संभावना है। इसी सूची में प्रदेश की 17 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश के संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा हुई थी। इस बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समन्वय में बैठक भी हुई। बाद में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य नेताओं को दिल्ली बुलाकर प्रत्याशियों के नाम पर मंथन किया, लेकिन अभी तक प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश की 17 सीटों को लेकर संभावित प्रत्याशियों के नामों पर अभी दिल्ली में मंथन चल रहा है। पार्टी चुनाव में जातीय समीकरण व जनाधार के नजरिए से उपयुक्त बैठने वाले नेताओं को चुनाव मैदान में उतरना चाह रही है। सूत्रों ने बताया कि अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी के नाम तय हो गए हैं।

# विधान परिषद चुनाव में निर्विरोध चुने गए सभी 13 एमएलसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा के सात, सहयोगी दलों के तीन और सपा से तीन जीते

**अमृत विचार :** विधान परिषद के चुनाव में सभी 13 प्रत्याशी निर्विरोध एमएलसी घोषित हो गए हैं। निर्विरोध घोषित हुए प्रत्याशियों में सबसे भारतीय जनता पार्टी के सात हैं। इसके बाद तीन सपा, एक आरएलडी, एक सुभासपा और एक आरएलडी के प्रत्याशी शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विधान परिषद सदस्य चुनाव में नामांकन के दिन ही तय हो गया था कि सभी 13 प्रत्याशियों का निर्विरोध जीतना तय है। लेकिन नामांकन पत्रों की जांच के बाद गुरुवार को नाम वापसी के दिन भी सबकुछ यथावत रहने पर अब मतदान और मतगणना की प्रक्रिया नहीं होगी। नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने की तय तिथि पर प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

भाजपा के टिकट पर 7 एमएलसी निर्विरोध चुने गए हैं, इसमें विजय बहादुर पाठक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, अशोक कटियार, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह, रामतीरथ सिंघल शामिल हैं। वहीं भाजपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से विच्छेलाल राजभर एमएलसी बने हैं। साथ ही आरएलडी से योगेश चौधरी और अपना दल (एस) से मंत्री आशीष पटेल विधान परिषद के सदस्य बनाए गए हैं। जबकि तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी से बलराम यादव, किरण पाल कश्यप और शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली निर्विरोध एमएलसी बने हैं। एमएलसी चुनाव के लिए 21 मार्च को वोटिंग होनी थी। एक सीट के लिए 29 विधायकों का समर्थन चाहिए था। चुनाव में संख्या बल के आधार पर सभी सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं।

## 1 से संचारी रोग और 10 से चलेगा अभियान दस्तक

**लखनऊ, अमृत विचार :** संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार की रोकथाम के लिए एक से 30 अप्रैल तक प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इसी बीच 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति सचेत करेंगी। इस संबंध में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न विभागों के सहयोग से यह अभियान चलेगा। दस्तक अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बुखार, इंफ़्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों और कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ई–कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी ।

# शिक्षक भर्ती के शेष अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक स्कूलों में 72,825 शिक्षक भर्ती के शेष अभ्यर्थियों की फिर काउंसिलिंग का निर्णय सुरक्षित कर लिया है। हाईकोर्ट के दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने 30 नवंबर 2011 को जूनियर बेसिक स्कूलों में 72 हजार 825 ट्रेनी शिक्षकों की भर्ती के विज्ञापन में से उच्चतम न्यायालय द्वारा बनाई 12,091 श्रेणी के बचे अभ्यर्थियों की फिर से काउंसिलिंग के लिए नया विज्ञापन जारी करने के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार और बेसिक शिक्षा परिषद की विशेष अपीलों पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र एवं न्यायमूर्ति एस क्यू एच रिजवी की खंडपीठ ने कई दिनों तक चली बहस पूरी होने के बाद गुरुवार को दिया। राज्य सरकार की ओर से अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता रामानंद पांडेय और बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से कुष्मांडा शाही ने अपनी बहस में कहा कि शीर्ष न्यायालय ने 25 जुलाई 2017 एवं बाद में इस मामले में अभ्यर्थियों की अवमानना याचिका में 13 दिसंबर 2019 को सरकार द्वारा ट्रेनी शिक्षकों की सम्पन्न भर्ती को सही मानते हुए अवमानना का मामला खत्म कर दिया था। ऐसे में 2011 की भर्ती को लेकर एकल पीठ द्वारा फिर से शेष बचे अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग का निर्देश दिया जाना गैरकानूनी है। दूसरी ओर विनय कुमार पांडेय और अन्य अभ्यर्थियों की ओर से अधिवक्ताओं ने कहा कि एकल पीठ के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बहस में कहा कि सरकार की ओर से शीर्ष अदालत में दाखिल अवमानना वाद में सही तथ्य प्रस्तुत नहीं किया गया।

## पत्नी, बेटे की हत्या कर खुदकुशी का किया प्रयास

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले में कर्ज के बोझ तले दबे एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से पत्नी और बेटे की हत्या करने के बाद खुद भी आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि अमरदीप शर्मा (42) पर कर्ज का बोझ था, जिसकी वजह से वह अवसाद में चला गया। उन्होंने कहा कि कवि नगर थाना अंतर्गत महिन्द्रा एनक्लेव निवासी अमरदीप ने अपने घर पर ही घटना को अंजाम दिया। बरामद सुसाइड नोट में शर्मा ने अपनी पत्नी सोनू शर्मा (36) और बेटे विनायक (11) की हत्या के लिए ईश्वर से क्षमा मांगी है। डीसीपी (सिटी) ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि अमरदीप ने अस्पताल में अचेत अवस्था में पुलिस के सामने अपना अपराध स्वीकार किया है। अमरदीप के सामान्य स्थिति में वापस आने पर ही वास्तविक स्थिति पता चल सकेगी।

# व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक जोड़े की सुरक्षा याचिका पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं है। धर्म दिल और दिमाग की गहराई से उत्पन्न आस्था का मामला है। अगर कोई व्यक्ति किसी सांसारिक लाभ के लिए किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो यह धार्मिक कट्टरता होगी। किसी अन्य धर्म को अपनाकर विवाह करने का यह अर्थ नहीं है कि उसे पिछली शादी और पत्नी को छोड़ने की अनुमति मिल गई।

धर्म शोषण की वस्तु नहीं है, जिसके आधार पर किसी का शारीरिक और मानसिक शोषण किया जाए। प्रत्येक व्यक्तिगत कानून के तहत विवाह की संस्था एक पवित्र संस्था है। वर्तमान मामले में याचियों द्वारा उत्तर प्रदेश गैर कानूनी धर्म परिवर्तन अधिनियम की धारा 8 और 9 का कोई अनुपालन नहीं किया गया है। इसके अलावा रिकॉर्ड पर ऐसा कुछ भी नहीं रखा गया जिससे यह सिद्ध हो कि याचियों द्वारा विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह के लिए कोई आवेदन दाखिल किया गया है। याचियों द्वारा विपक्षियों के लिए एक निर्देश जारी करने की प्रार्थना की गई थी, जिसमें उन्हें पति और पत्नी के रूप में याचियों की शांतिपूर्ण वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप न करने का निर्देश दिया जाए। दोनो जोड़े अलग-अलग जाति और धर्म से संबंधित है और गौतम बुद्ध नगर के निवासी हैं। उनका तर्क है कि उन्हें अपने जीवन का निर्णय लेने का अधिकार है, लेकिन याचियों के संबंध को गैरकानूनी मानते हुए न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की पीठ ने याचिका खारिज कर दी।

## वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**

3. 1. नापाक, अपवित्र 2. मैला–कुचैला, गंदा 3. काला।
4. 1. जिसने दोष या अपराध किया हो, दोषी, अपराधी 2. जिसमें कोई कमी करना।
4. रथ, यान।
5. 1. युद्ध का मज़ा या लड़ाई का उत्साह 2. युद्ध, लड़ाई 3. युद्ध क्षेत्र, लड़ाई का मैदान।
9. 1. कूट भाषा 2. किसी संदेश को गुप्त भाषा में परिवर्तित करना 3. नियमावली, आचार संहिता 4. कंप्यूटर में प्रोग्राम लिखने की पद्धति विशेष।
10. विजय करने वाला, विजयी।

**ऊपर से नीचे**

1. सूंस नामक एक जलीय जंतु।
2. 1. संतुष्ट करने की क्रिया या भाव, तृप्ति 2. संतोष, तोष 3. किसी को तुष्ट करना।
6. 1. रंगे जाने योग्य 2. जिसका चित्त प्रसन्न किया जा सकता हो 3. हर्ष या आनंद देने वाला।
7. चोरी करने के उद्देश्य से चोरों द्वारा दीवार में किया गया बड़ा छेद जिसमें से होकर चोर किसी कमरे या कोठरी में घुसता है, नकब।
8. 1. जिसके चारों कोने या पार्श्व बराबर हों, चौखूंटा, चौकोना 2. जो हर तरह से ठीक हो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 |
| 3 | | | ■ | 4 | | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | | 6 | | ■ | ■ |
| 7 | ■ | ■ | | ■ | 8 | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 9 | |
| ■ | 10 | | | | | ■ |

### वर्ग पहेली -9 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ली | क | ■ | 2 चँ | 3 प | ना |
| ■ | ■ | ■ | 4 आ | ■ | पो | ■ |
| ■ | 5 थि | ■ | 6 डं | ठ | ल | ■ |
| 7 ग | र | का | ब | ■ | ना | ■ |
| ■ | क | ■ | री | ■ | ■ | 8 ध |
| 9 भु | ना | ना | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | ■ | 10 अ | प | दा | न |

## सुडोकू-89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |

### सुडोकू -88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–फाल्गुन, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–षष्ठी 22.09 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–पश्चिम। ऋतु–वसंत। चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र–कृत्तिका 16.08 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** – आज अधिकाधिक समय मनोरंजन और खानपान में व्यतीत करेंगे। शारीरिक कष्ट हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतायुक्त हो सकते हैं। अपने सिद्धांतों और विचारों से समझौता न करें। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष** – आज वाहन के रखरखाव में आपको काफी ध्यान देना होगा। रिसर्च से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार को खुश रखने के लिए महंगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। इस समय आपको शांतिपूर्ण तरीके से बिताने की सलाह दी जाती है।

**मिथुन** – आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के रद्द होने की संभावना है। अपनी क्षमताओं का तटस्थता से अवलोकन करें और अतिरिक्त बोझ लेने से बचें। लोग आपकी मजबूरी और परेशानियों को दरकिनार कर सकते हैं।

**कर्क** – आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। समाज में आपका व्यवहार सबके प्रति काफी अच्छा रहेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पहले की गई मेहनत का सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

**सिंह** – आज परामर्श सेवा से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। परिवार और समाज के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। कारोबार में कुछ नवाचार प्रयोग करेंगे। आप लोगों के सामने अपने व्यक्तित्व को बढ़ा–चढ़ाकर दिखाने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या** – आज अपनी गलतियों से सीखने का प्रयास करें, लेकिन उसे लेकर मन में ग्लानि का भाव भी आपके लिए हितकर नहीं है। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पूर्व पूर्ण कर लें। आपके निर्णयों पर नजदीकी लोग ही प्रश्न–चिन्ह लगा सकते हैं।

**तुला** – आज अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर ध्यान दें। अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का पालन करें। अज्ञात भय से ग्रस्त हो सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों के ऊपर न थोपें। किसी मित्र को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज आप नए विचारों के प्रभाव से धनी रहेंगे और इसका लाभ आपको हर जगह प्राप्त होगा। व्यवसाय में आ रहे प्रतिरोधों को चतुराई से दूर कर लेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की ख्याति बढ़ेगी। ऑफिस के षड्यंत्रों को दूर करने में सफल रहेंगे।

**धनु** – आज अटके हुए कार्यों को शुरू करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं दूर की यात्रा की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। बॉस आपको कोई बड़ा काम सौंप सकते हैं।

**मकर** – आज दिन की शुरुआत बेहतरीन रहेगी। व्यावसायिक साझेदारों के साथ कोई डील करने से पहले उसे अच्छी तरह से समझ लें। जल्दी सफलता प्राप्त करने के लिए शॉर्टकट्स अपनाने से बचें। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ विवाद जन्म ले सकते हैं।

**कुंभ** – आज ज्यादा भावुक होना भी नकारात्मक हो सकता है। ऑफिस के तनाव का असर घर पर न पड़ने दें। नेटवर्किंग के व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने से बचें। निराशाजनक विचारों से दूर रहें।

**मीन** – आज आपका फोकस पूरी तरह से अपने काम पर होगा। आय में वृद्धि होने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके सामाजिक संबंध विकसित होंगे। अपनी कार्यक्षमता को लोगों के सामने सिद्ध कर पाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- साथी – सुबह : 11.00
- यह है जलवा – दोपहर : 03.00

Sony Max
- अनाड़ी – सुबह : 10.12
- मैं हूं लकी द रेसर – रात : 10.07

Sony Pix
- द वॉटर हाउस – सुबह : 10.49
- फास्टर – शाम : 05.40

Zee Cinema
- जान – सुबह : 10.30
- हीरोपंती 2 – शाम : 04.30

Colors Cineplex
- नजर अंदाज – दोपहर : 01.42
- पागलपंती – रात : 07.03

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था।
अगले दिन दोपहर में पत्नी डीनर ले लो जी।
पति– यह डीनर नहीं लंच है जाहिल औरत।
पत्नी– जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है। ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

टीचर– डेट और तारीख में क्या अंतर है?
सारी क्लास चुप
गप्पू– सर, डेट में गर्लफ्रेंड के साथ जाते हैं और तारीख में वकील के साथ
गप्पू की बात सुनकर टीचर दंग रह गई।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## एक नजर

### एसीसी को नीलामी में मप्र की खदान मिली

**नई दिल्ली।** सीमेंट कंपनी एसीसी लिमिटेड ने वाणिज्यिक कोयला खदानों की नौवें दौर की नीलामी में बृहस्पतिवार को मध्य प्रदेश में स्थित लामटोला कोकिंग कोयला ब्लॉक हासिल कर लिया। एसीसी ने चार प्रतिशत के आरक्षित मूल्य के मुकाबले 16.75 प्रतिशत प्रीमियम की पेशकश करते हुए खदान के लिए अंतिम बोली जमा की। कोयला मंत्रालय ने कहा, आज की नीलामी को मिलाकर इस दौर में कुल चार कोकिंग कोयला खदानों की नीलामी की गई है।

### निवेशकों की संपत्ति 7.81 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में बुधवार को आई भारी गिरावट के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को शानदार तेजी आने से निवेशकों की संपत्ति 7.81 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 335.39 अंक यानी 0.46 प्रतिशत चढ़कर 73,097.28 अंक पर बंद हुआ। तेजी से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,81,631.24 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,98,233.91 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# सार्वजनिक क्षेत्र के पांच बैंकों की सरकार की हिस्सेदार को 75% से कम करने की योजना

- सरकार के वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों का अनुपालन करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) और यूको बैंक सहित पांच सरकारी बैंक सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत से नीचे लाने की योजना बना रहे हैं। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सार्वजनिक क्षेत्र के कुल 12 बैंकों (पीएसबी) में से चार 31 मार्च, 2023 तक सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन कर चुके हैं। जोशी ने बातचीत में कहा, ''चालू वित्त वर्ष में तीन और पीएसबी ने न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता का अनुपालन पूरा कर लिया है। शेष पांच सरकारी बैंकों ने एमपीएस मानदंडों को पूरा करने के लिए कार्ययोजना बनाई हैं।'' फिलहाल दिल्ली स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 98.25 प्रतिशत है। चेन्नई के इंडियन ओवरसीज बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 96.38 प्रतिशत, यूको बैंक में 95.39 प्रतिशत, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 93.08 प्रतिशत, बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 86.46 प्रतिशत है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन जरूरी है। हालांकि, नियामक ने सरकारी बैंकों को विशेष छूट दी है। उनके पास 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता के नियम को पूरा करने के लिए अगस्त, 2024 तक का समय है।

### सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले सामने आए हैं : विवेक जोशी

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशीने कहा कि बाजार की स्थिति के आधार पर इनमें से प्रत्येक बैंक शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेगा। बिना कोई समयसीमा बताए उन्होंने कहा कि इस अनिवार्यता को पूरा करने के प्रयास जारी हैं। जोशी ने कहा कि वित्त मंत्रालय ने सभी पीएसबी को अपने स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की समीक्षा करने का निर्देश दिया है क्योंकि सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले आए हैं। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को पत्र लिखकर उनसे स्वर्ण ऋण से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है।

## पेटीएम को यूपीआई प्रणाली में शामिल होने की मंजूरी

**मुंबई।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान मंच पेटीएम का स्वामित्व रखने वाली वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड को बहु-बैंक मॉडल के तहत यूपीआई प्रणाली में तृतीय पक्ष एप्लिकेशन प्रदाता (टीपीएपी) के रूप में भाग लेने की बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

एनपीसीआई ने बयान में कहा कि एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक पेटीएम के लिए भुगतान प्रणाली प्रदाता (पीएसपी) बैंकों के रूप में काम करेंगे। यस बैंक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) से जुड़े मौजूदा एवं नए यूपीआई कारोबारियों के लिए व्यापारी अधिग्रहण बैंक के रूप में भी काम करेगा। एनपीसीआई ने कहा कि '@पेटीएम' हैंडल को यस बैंक पर दोबारा प्रेषित किया जाएगा।

## भारत की शासन प्रणाली को बदनाम करने के लिए लाई गई हिंडनबर्ग रिसर्च

- गौतम अडाणी बोले-इसके बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे

**मुंबई, एजेंसी**



अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साल जनवरी में आई अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट न केवल विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार वाले समूह को अस्थिर करने बल्कि भारत की शासन (गवर्नेंस) प्रणाली को राजनीतिक रूप से बदनाम करने के लिए भी लाई गई थी।

शॉर्ट-सेलर एवं निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उस समय समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया था। इस साल उसे उच्चतम न्यायालय से भी राहत मिली जब न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि उसे अतिरिक्त जांच का सामना करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, यह रिपोर्ट आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में 150 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली हुई थी। उन्होंने कहा-हमारी नींव हिलाने की कोशिशों के बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे और हमने न केवल अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा की बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि हम अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित रखें।

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,950-50,150 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,500 |
| चांदी आभूषण | 74,500। |

## सोने के दाम में 250 रुपये और चांदी में 1,700 रुपये का आया उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 250 रुपये की तेजी के साथ 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने बताया पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के उछाल के साथ 77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 250 रुपये की बढ़त है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,169 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने मजबूत घरेलू मांग और व्यापार एवं उपभोक्ता भरोसे में सुधार के कारण अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अपने अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान देश की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। ऐसे में फिच का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहेगी। यह सरकार के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है।

## भारत में कंपनियों के लिए साइबर हमला प्रमुख जोखिम

- सर्वे के मुताबिक डिजिटलीकरण बढ़ने से साइबर अपराध भी बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**



साइबर हमले और डेटा में सेंध भारत में कंपनियों के लिए सबसे प्रमुख व्यावसायिक जोखिम हैं। वैश्विक जोखिम प्रबंधन सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 2021 के व्यावसायिक जोखिम सर्वेक्षण में साइबर हमलों और डेटा सेंध को सातवें स्थान पर रखा गया था।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन ने सबसे अधिक दबाव वाली व्यावसायिक चुनौतियों की पहचान करने के लिए 61 देशों और क्षेत्रों के लगभग 3,000 जोखिम प्रबंधकों, सी-सूट अगुवाओं, वित्तीय अधिकारियों, प्रतिभा पेशेवरों और अन्य अधिकारियों से आंकड़े एकत्र किए। द्विवार्षिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), आधार और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे को व्यापक रूप से अपनाने से प्रौद्योगिकी पर भारत की निर्भरता बढ़ने की संभावना है।

सर्वेक्षण कहता है, डिजिटलीकरण बढ़ने के साथ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। ऐसे उल्लंघनों से जुड़ी लागत और जटिलताएं, संगठनों को साइबर जोखिमों के बेहतर प्रबंधन के लिए मजबूर कर रही हैं। एऑन के भारत में प्रतिभा समाधान खंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नितिन सेठी ने कहा, "एकीकृत जोखिमों को समझने और प्रबंधित करने के लिए भारतीय व्यवसायों को उन्नत डेटा एनालिटिक्स और विशेषज्ञों का लाभ उठाने की अनिवार्य आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय

### प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में विपक्ष पर किया हमला

# राष्ट्र विरोधी एजेंडे पर काम कर रहा है 'इंडिया'

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को संबोधित करने के लिए पहुंचने पर उपस्थित लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर भ्रष्टाचार, कुशासन और राष्ट्र विरोधी एजेंडे को हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इस विचारधारा पर काम कर रहा है, जबकि हमारी सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को जड़ से उखाड़ फेंकने के पक्ष में हैं। 'पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना' के लाभार्थियों की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि उनकी विचारधारा लोगों के कल्याण के जरिए देश का कल्याण सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले के लिए राष्ट्रीय राजधानी में एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे दिन-रात उन्हें 'गाली' देने के एजेंडे पर साथ आए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ है। उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी' से यह सुनिश्चित हुआ कि उन्हें बैंकों से सरल दरों पर कर्ज मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि 62 लाख से अधिक लोगों को लगभग 11,000 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है।

### भारत को वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना लक्ष्य: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारत को बेहतरीन वैश्विक पद्धतियों से जोड़कर और इसके अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करके वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री ने पिछले दशक की वैज्ञानिक उपलब्धियों का विवरण देने वाली एक रिपोर्ट के लिए दिए गए अपने संदेश में कहा02047 तक आने वाला समय एक ऐसा काल है जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के हमारे सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## दिल्ली में आग लगने से दो बच्चियों समेत चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में स्थित एक रिहायशी इमारत में बृहस्पतिवार तड़के भीषण आग लगने के बाद दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मनोज (30), उसकी पत्नी सुमन (28), पांच और तीन साल की दो बच्चियों के तौर पर हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-हमें अस्पताल से सूचना मिली कि चार लोगों- दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई है। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि सुबह पांच बजकर करीब 20 मिनट पर गीता कॉलोनी के पास शास्त्री नगर में भीषण आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद तुरंत दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचित किया गया था।



## मथुरा में लोगों ने रंग व फूलों से खेली होली

**मथुरा।** मथुरा के रमण रेती आश्रम में गुरुवार को साधु-संतों और लोगों ने रंग-गुलाल व 5 क्विंटल फूलों से जमकर होली खेली। पहले भगवान राधा-कृष्ण के स्वरूप को रंग और गुलाल लगाया गया और फिर राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना की। इसके बाद होली शुरू हुई। थोड़ी देर में ही पूरा आश्रम अबीर और रंगों से सराबोर नजर आया। होली खेलने के दौरान लोग-आज बिरज में होली रे रसिया... गाने पर झुमते हुए नजर आए।

## एक नजर

### टीएमसी नेता अर्जुन सिंह ने भाजपा में लौटने की जताई मंशा

**कोलकाता।** टीएमसी के असंतुष्ट नेता अर्जुन सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह बैरकपुर लोकसभा सीट से पार्टी का टिकट नहीं मिलने के बाद भाजपा में लौट जाएंगे। वह बैरकपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधत्व करते हैं। सिंह ने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के एक शीर्ष नेता भी उनके साथ भाजपा में शामिल होंगे। दो दिन पहले, सिंह ने टीएमसी उम्मीदवार पार्थ भौमिक के खिलाफ चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए कहा था कि वह बैरकपुर के मतदाताओं की सामूहिक इच्छाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते, जिन्होंने उन्हें 2019 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में लोकसभा भेजा था।

### ठाणे में किशोर की पीट पीटकर हत्या

**ठाणे।** नवी मुंबई के तुर्भे में 17 वर्षीय एक छात्र को उसके कॉलेज के छह साथियों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर एक बजे कॉलेज के बाहर हुई जिसमें जान गंवाने वाले छात्र का एक दोस्त भी घायल हो गया है।

## ईडी का शाहजहां शेख के करीबी व्यापारियों के घरों पर छापा



कोलकाता में व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

**कोलकाता, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के साथ "करीबी संबंध" रखने वाले दो व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी के अधिकारियों ने एक व्यवसायी के स्वामित्व वाले बाजार पर भी छापा मारा। सीबीआई ने पांच जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है, जब घोटाले के सिलसिले में उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखालि में शेख के परिसर की तलाशी लेने गए ईडी अधिकारियों पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया था। शेख फिलहाल केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में हैं। ईडी अधिकारी ने कहा-इन दोनों व्यापारियों ने शेख को राशन वितरण के लिए आए पैसे की हेरफेर करने में मदद की थी और उस पैसे का इस्तेमाल मछली व्यापार में किया था। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय भी अपने अधिकारियों पर हमले में उनकी भूमिका की जांच कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस द्वारा पार्टी से निलंबित किए गए शेख को राज्य पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

### संदेशखालि का मामला

## उच्चतम न्यायालय ने अजित पवार गुट से मांगा जवाब

- तस्वीरों के इस्तेमाल को लेकर शरद पवार ने दायर की थी याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गुट की ओर से दाखिल याचिका पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाले धड़े से बृहस्पतिवार को जवाब दाखिल करने को कहा।

वयोवृद्ध मराठा नेता ने अपनी याचिका में आरोप लगाए थे कि अजित पवार गुट राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा है। शीर्ष अदालत ने शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया कि उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला गुट "उनकी सद्भावना का लाभ उठा रहा है" और मराठा दिग्गज को प्रतिद्वंद्वियों से "झूठी प्रशंसा" की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अजित पवार गुट की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से कहा-एक बार जब आपने (अजित पवार गुट ने) अलग रास्ता चुन लिया, तो आप केवल अपनी पहचान का उपयोग करते हैं। पीठ ने कहा-हमें स्पष्ट, बिना शर्त आश्वासन चाहिए कि शरद पवार के नाम, तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

## अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत के समन को सत्र अदालत में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज कराई गई दो शिकायतों पर निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को यहां एक सत्र अदालत में चुनौती दी है। ईडी ने उसके समन को नज़रअंदाज़ करने पर निचली अदालत का रुख किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश सयाल आज केजरीवाल के आवेदनों पर सुनवाई कर सकते हैं। केजरीवाल ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा के आदेशों के खिलाफ सत्र अदालत का रुख किया, जिन्होंने केजरीवाल को 16 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

## लोकसभा के साथ जम्मू-कश्मीर विधानसभा के भी चुनाव की संभावना

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 दिन पूर्व जम्मू कश्मीर का किया था दौरा
- 17 मार्च तक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने की उम्मीद

**ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली**



**अमृत विचारः** निर्वाचन आयोग में दो आयुक्तों के नाम की सिफारिश और एक देश एक चुनाव के लिए गठित समिति की रिपोर्ट आने के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त 17 मार्च तक कभी भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकते हैं। खास बात यह कि लोक सभा के साथ ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराने की तैयारी है। इसी बाबत 2 दिन पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया था।

सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम 17 मार्च तक कभी भी घोषित हो सकता है। सुरक्षा की दृष्टि से मई के प्रथम सप्ताह तक विभिन्न चरणों में मतदान होंगे और दूसरे सप्ताह तक चुनाव परिणाम आने की संभावना है। पूर्व राष्ट्रपति डा. रामनाथ कोविंद द्वारा बुधवार को "एक देश-एक चुनाव" पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपने के बाद यह संभावना भी तेज हो गई है कि लोकसभा के साथ ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव भी करवाए जाएंगे। इसी के तहत 13 मार्च को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया था और सरकारी मशीनरी से चुनाव पूर्व समीक्षा की थी। जिसमें पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर की 24 विधानसभा सीटों को छोड़कर शेष 90 सीटों पर चुनाव कराने की बात चल रही है। राज्य के नए परिसीमन के बाद जम्मू कश्मीर विधानसभा में 114 सीटें हैं। जिसमें 43 सीटें जम्मू एवं 47 सीटें कश्मीर क्षेत्र में आते हैं। 90 सीटों के लिए 9 सीटें अनुसूचित जाति एवं 7 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं। हालांकि इस परिसीमन को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने चुनौती आज का को खारिज करते हुए परिसीमन को जायज बताया था। 11 दिसंबर के फैसले में इस माह सितंबर से पहले जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव करने के लिए कहा था।

जम्मू कश्मीर विधानसभा को 21 नवंबर 2018 में बंद किया गया था और 5 अगस्त 2019 में पुनर्गठन अधिनियम पारित होने के बाद धारा 370 समाप्त कर दी गई थी 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य घोषित किया गया था। विधानसभा बंद होने के बाद 6 माह के भीतर चुनाव कराने थे लेकिन परिसीमन आयोग का गठन होने के बाद विधानसभा चुनाव करते गए मगर अब परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आ चुकी है और पाक अधिकृत कश्मीर की 24 सीटों को छोड़कर 90 सीटों पर चुनाव करने के लिए निर्वाचन आयोग पूरी तैयारी कर रहा है। जम्मू कश्मीर में इस समय कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी के अलावा क्षेत्रीय दल के रूप में नेशनल कांफ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी एवं गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी सक्रिय है।

2019 के लोस चुनाव में बीजेपी को 46.24, कांग्रेस को 28.39, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 एवं पीडीपी को 3.38 प्रतिशत मत मिले थे। इस बार कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के अलग होने से इसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

## खेल डायरी

### नवारो ने सबालेंका को हराया, कोको गॉ पहुंची क्वार्टर फाइनल में



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** एम्मा नवारो ने बीएनपी परीबस ओपन के चौथे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका को 6-3, 3-6, 6-2 से हराकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वह अपने करियर में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और 1000 श्रेणी के टूर्नामेंट में पहली बार वह अंतिम आठ में खेलेगी। वहीं कोको गॉ ने अपने 20वें जन्मदिन पर एलिसे मर्टेंस को 6-0, 6-2 से हराकर दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे दौर में मर्टेंस ने नाओमी ओसाका को हराया था। पुरुष वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने 13वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को हराया। वहीं नौवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने गाएल मॉफिल्स को शिकस्त दी। वहीं नोवाक जोकोविच को हराने वाले इटली के लुका नारडी को 17वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने हराया।

### शरत सिंगापुर स्मैश के क्वार्टर फाइनल में

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने सिंगापुर स्मैश में मिस्र के दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी उमर अस्सर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शरत ने स्लोवेनिया के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी डार्को जोर्गिक को हराने के एक दिन बाद इस 15 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी प्रतियोगिता में अस्सर पर 11-4, 11-8, 12-10 से जीत दर्ज की। क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले शरत क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन फेलिक्स लेब्रन से भिड़ेंगे। इस टूर्नामेंट में पिछले दो अवसरों पर पहले दौर में बाहर होने वाले शरत ने पिछले मैच में जोर्गिक को 8-11, 11-6, 11-8, 11-9 से पराजित किया था।

### ऑरलियन्स मास्टर्स से किरण, मालविका बाहर

**पेरिस, एजेंसी।** भारत के किरण जॉर्ज और मालविका बंसोड़ अपने-अपने मुकाबलों में हारने के बाद ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। फ्रांस के पैलेस डेस स्पोर्ट्स में खेले गये पुरुष एकल वर्ग में किरण जॉर्ज को हमवतन सतीश कुमार करुणाकरण से हार का सामना करना पड़ा। वहीं मालविका बनसोड़ भी महिला वर्ग के मुकाबले में हंगरी की शटलर विवियन सैंडोरहाजी से हार गई। सामिया इमाद फारूकी और तान्या हेमंत भी अंतिम 16 में पहुंचने में असफल रहीं। फारूकी को बेल्जियम की लियान टैन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हेमंत को चीनी ताइपे के लियांग टिंग-यू ने हराया। अनुपमा उपाध्याय बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा को हराकर अगले दौर में पहुंच गई है।

### मलेशिया दौरे से पहले एआईएफएफ ने अंडर 23 शिविर के संभावित खिलाड़ियों का किया चयन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मलेशिया के खिलाफ 22 और 25 मार्च को कुआलालम्पुर में होने वाले दो मैत्री मैचों से पहले अंडर 23 शिविर के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर दिल्ली में शुक्रवार से शुरू होगा और 20 मार्च को मलेशिया जाने वाली 23 सदस्यीय टीम इसी में से चुनी जाएगी। भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी के सहायक कोच नौशाद मूसा को मुख्य कोच बनाया गया है। नोएल विल्सन सहायक कोच और दीपांकर चौधरी गोलकीपिंग कोच होंगे। भारत के अंडर 23 संभावित खिलाड़ी : गोलकीपर : अर्श अनवर शेख, प्रभसुखन सिंह गिल, विशाल यादव, डिफेंडर : बिकाश युंनाम, सी शिवाल्डो सिंह, होर्मिपाम रूइवा, नरेंदर, रोबिन यादव, संदीप मंडी, मिडफील्डर : अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथांपुइया, मोहम्मद ऐमन, पी सनाथोइ मीताइ, थोइबा सिंह मोइरांगथम, बिपिन मोहनन, फॉरवर्ड : अब्दुल रबीह, गुरकीरत सिंह, इरफान, इसाक वी, के निंथोइंगबांबा मीताइ, मोहम्मद सनन, पार्थिब सुंदर गोगोइ, समीर मुर्मू, शिवशक्ति नारायणन, विष्णु पी वालाप्पिल। मुख्य कोच : नौशाद मूसा।

# मुंबई ने 42वीं बार जीती रणजी ट्राफी

## विदर्भ को 169 रन से हरा आठ साल का इंतजार किया खत्म, 90 में से 48वीं बार पहुंची थी फाइनल में

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू क्रिकेट की दिग्गज मुंबई ने आठ साल का इंतजार खत्म करते हुए अपना ही रिकॉर्ड बेहतर करके 42वीं बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। फाइनल के पांचवें और आखिरी दिन मेजबान ने विदर्भ को 169 रन से हराया। टूर्नामेंट के इतिहास में 90 में से 48वीं बार मुंबई फाइनल में पहुंची थी।

वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए फाइनल का नतीजा लगभग उसी समय तय हो गया था जब विदर्भ को 538 रन का लगभग नामुमकिन सा लक्ष्य मिला था। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर (102) और हर्ष दुबे (65) ने हालांकि पूरे पहले सत्र में मुंबई के गेंदबाजों को परेशान किया। विदर्भ ने पांच विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया था और उसे लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 290 रन और चाहिए थे, लेकिन विदर्भ की टीम 368 रन पर ही आउट हो गई। वाडकर ने इस साल पहला शतक जड़ने के साथ ही सत्र में 600 रन का आंकड़ा भी पार किया। वहीं दुबे ने प्रथम श्रेणी करियर में दूसरा अर्धशतक जमाया। दोनों ने 194 मिनट और 255 गेंद तक चली साझेदारी निभाई।

दूसरे सत्र का खेल शुरू होने के कुछ देर बाद ही वाडकर को तनुष कोटियान ने आउट किया। कोटियान ने 95 रन देकर चार विकेट लिए। यह साझेदारी टूटने के बाद विदर्भ की हार पर लगभग मुहर लग गई। विदर्भ दो बार खिताब जीतने के बाद तीन बार फाइनल में हार गया है। हवीं तुषार देशपांडे ने शॉर्ट गेंद पर दुबे को आउट किया। दुबे ने 128 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 65 रन बनाए। देशपांडे ने ही आदित्य सरवटे को भी पवेलियन के लिए चलाता किया।

कोटियान ने यश ठाकुर (6) के रूप में चौथा विकट लिया। वहीं अपने करियर का आखिरी मैच खेल रहे धवल कुलकर्णी ने उमेश यादव का विकेट लेकर विदर्भ की पारी का पटाक्षेप किया। मैन ऑफ द मैच मुशीर खान और मैन ऑफ द टूर्नामेंट तनुश कोटियान को चुना गया। मुशीर ने कहा कि मुझे कप्तान रहाणे के साथ बल्लेबाजी करने में मजा आया। हमारी साझेदारी के दौरान, वह बहुत अच्छी तरह से समझते थे कि मुझ से क्या उम्मीद है। कोटियान ने रहाणे को उनकी वास्तविक बल्लेबाजी क्षमता को उजागर करने में मदद करने के लिए धन्यवाद दिया, जिससे उन्होंने सत्र में 500 से अधिक रन बनाए। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुझे अपनी बल्लेबाजी पर थोड़ा भरोसा हुआ और मैंने अपने पिता के साथ कड़ी मेहनत की। रहाणे ने भी मेरी मदद की।



### एमसीए ने दोगुना की पुरस्कार राशि, मुंबई को मिलेंगे अतिरिक्त पांच करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने 42वीं बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली टीम की पुरस्कार राशि दोगुनी कर दी है, जिसका मतलब है की टीम को पांच करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि मिलेगी। मुंबई ने गुरुवार को यहां फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन विदर्भ को 169 रन से हराकर 42वीं बार रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। एमसीए के सचिव अजिंक्य नाइक ने कहा कि एमसीए के अध्यक्ष अमोल काले और शीर्ष परिषद ने रणजी ट्रॉफी की पुरस्कार राशि दोगुनी करने का फैसला किया है। एमसीए रणजी ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई की टीम को पांच करोड रुपए की अतिरिक्त धनराशि देगी। उन्होंने कहा कि एमसीए के लिए यह साल शानदार रहा है और उसने सात खिताब जीते। इसके अलावा हमारी टीम बीसीसीआई के आयु वर्ग की सभी प्रतियोगिताओं के नॉकआउट चरण में पहुंची।

### सबसे कम रन बनाने वाला बल्लेबाज होने के बावजूद आज मैं सबसे ज्यादा खुशः रहाणे



अजिंक्य रहाणे के लिए रणजी का यह सत्र बेहद खराब रहा लेकिन वह गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में सबसे ज्यादा खुश खिलाड़ी थे, जिनकी कप्तानी में टीम 42वीं बार घरेलू टूर्नामेंट की चैम्पियन बनीं। रहाणे ने इस सत्र में महज 214 रन बनाए। वह मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की तालिका में नौवें स्थान पर रहे। उन्होंने फाइनल की दूसरी पारी में 73 रन बनाने के साथ 130 रन की साझेदारी कर मैच को विदर्भ की पहुंच से दूर कर दिया। रहाणे ने मैच के बाद कहा कि मैं अपनी टीम के लिए सबसे कम रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हूं, लेकिन आज मैं सबसे ज्यादा खुश हूं। खिलाड़ी के तौर पर आपको अच्छे और बुरे समय का सामना करना पड़ता है। रहाणे ने घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए बीसीसीआई की सराहना की। बीसीसीआई ने सीनियर क्रिकेटरों से रणजी जैसी घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आग्रह किया है। रहाणे ने कहा कि बीसीसीआई का घरेलू क्रिकेट को महत्व देना अच्छा कदम है। बड़े खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलने की अनुमति देना महत्वपूर्ण है। मुंबई की जीत पर रहाणे ने कहा कि टीम को अगले सत्र में इस प्रदर्शन को दोहराने पर ध्यान देना चाहिए।

### मुंबई के खिलाफ हार मानने का कोई विकल्प ही टीम के पास नहीं थाः वाडकर

विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने कहा कि 538 रन का लक्ष्य होने के बाद भी उनकी टीम ने मैच गंवाने के बारे में नहीं सोचा था। विदर्भ के बल्लेबाजों ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की जीत के इंतजार को कम किया। वाडकर ने 102 रन की पारी खेली। उन्होंने हर्ष दुबे के साथ छठे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी कर मुंबई के गेंदबाजों को परेशान किया। साझेदारी टूटने के बाद टीम की बल्लेबाजी बिखर गई और मुंबई रणजी चैंपियन बना। वाडकर ने कहा कि जब हमने टीम में और साझेदारियों के बारे में बात की, तो ऐसी बात नहीं निकली की हम मैच से बाहर हो गए। हम केवल बल्लेबाजी से आगे बढ़ाने के बारे में सोच रहे थे। यह फाइनल था, आखिरी पारी थी, इसलिए हार मानने और नकारात्मक सोच की गुंजाइश ही नहीं थी।

## सीके नायडू ट्रॉफी में गलती के बाद अंपायरिंग के मानकों पर उठे सवाल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के खिलाफ कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर 23 टूर्नामेंट के फाइनल में कर्नाटक के बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी के गलत तरीके से आउट होने पर घरेलू मैचों में अंपायरिंग के मानकों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यह घटना कर्नाटक के पहली पारी में घटी जब तेज गेंदबाज कुणाल त्यागी की गेंद चतुर्वेदी के बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर आराध्य यादव के दस्तानों में पहुंची। गेंद आराध्य हाथों में जाने से पहले जमीन पर गिर गई थी। अंपायर ने इसे आउट दिया। प्रथम श्रेणी के पूर्व अंपायर ने कहा कि हां, वह आउट नहीं था। मैंने बाद में उसके आउट होने का वीडियो देखा था। गेंद विकेटकीपर के हाथों में जाने से पहले जमीन पर गिर गई थी। अंपायर को आउट नहीं देना चाहिए था।

## आरसीबी का शिविर शुरू, कुछ दिन में जुड़ेंगे कोहली

### इंडियन प्रीमियर लीगः गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से 22 मार्च को पहला मैच

**बेंगलुरू, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अपने शिविर की शुरूआत की लेकिन उसके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अगले कुछ दिन में टीम से जुड़ेंगे। आरसीबी को आईपीएल में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 22 मार्च को पहला मैच खेलना है।

अधिकांश घरेलू खिलाड़ी नए मुख्य कोच एंडी फ्लावर और क्रिकेट निदेशक मो बबाट के मार्गदर्शन में शिविर में पहुंच गए हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ भी शिविर में पहुंच गए हैं। कोहली पितृत्व अवकाश से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी नहीं खेले थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि कोहली अगले कुछ दिन में पहुंचेंगे। कोहली टीम के सालाना कार्यक्रम 'आरसीबी अनबॉक्स' में भी पहुंच सकते हैं, जिसमें प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों की झलक देखने का मौका मिलता है। डु प्लेसी ने आरसीबी 'बोल्ड डायरीज' में कहा कि फ्लावर शानदार कोच है और टीम खुशकिस्मत है कि वे हमारे साथ है। वहीं फ्लावर ने कहा कि हम आरसीबी की कहानी का नया अध्याय लिखेंगे और यह हमारी खुशकिस्मती है। हम इसे लेकर काफी रोमांचित हैं।



### सीएसके में कोई बाहरी दखल या मालिकों का दबाव नहीं : ब्रावो



**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की अप्रतिम सफलता के पीछे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी या खिलाड़ियों में झलकता इत्मीनान ही नहीं है बल्कि गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो का कहना है कि टीम में बाहरी दखल नहीं होना भी कामयाबी का राज है। लीग के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स सबसे कामयाब टीम है और इसने पांच बार खिताब जीतने के अलावा सबसे ज्यादा बार प्लेआफ में जगह बनाई है। ब्रावो ने कहा कि वे खिलाड़ियों को खुलकर खेलने देते हैं। यही इस टीम की खूबसूरती है। टीम संयोजन के बारे में उन्होंने कहा कि हमारे पास अच्छी टीम है। हम वहीं से शुरूआत करेंगे जहां पिछले सत्र में छोड़ा था। हमने युवा गेंदबाजी आक्रमण के साथ पिछली बार बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे पास शार्दुल ठाकुर है जो बोनस होगा। मुस्ताफिजूर रहमान भी काफी अनुभवी है जबकि मथीषा मथिराना भी उपयोगी गेंदबाज है।

### 23 मार्च को मैदान पर उतरेंगे पंत, उनकी इच्छाशक्ति जबर्दस्त



**बेंगलुरु, एजेंसी।** ऋषभ पंत को 2022 में हुई भयावह कार दुर्घटना के बाद फिट होने में मदद करने वाले मेडिकल स्टाफ ने उनकी इच्छाशक्ति और मानसिक दृढता की तारीफ करते हुए कहा है कि थकाऊ रिकवरी प्रक्रिया के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। पंत 23 मार्च को आईपीएल के जरिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे, जिसमें वह मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। पंत ने कहा कि मैं सामान्य होने के करीब महसूस कर रहा हूं। कार दुर्घटना को देखकर यह असंभव लग रहा था कि वह वापसी कर सकेंगे। मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के खेल मेडिसिन सेंटर के निदेशक डॉक्टर दिनशॉ पर्डीवाला और बेंगलुरु के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के स्टाफ ने उनकी मदद की।

### ऐसा लगा नहीं कि पंत बल्लेबाजी कर रहे हैंः आमरे

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा कि ऋषभ पंत की बल्ले की स्विंग 'पहले की तरह' बनी हुई है और शिविर में उनकी बल्लेबाजी देख कर ऐसा नहीं लगा कि वह 14 महीने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट करार दिया था। आमरे ने कहा कि कोचिंग इकाई और व्यक्तिगत रूप से, उन्हें बल्लेबाजी करते देखना सुखद था। ऐसा लग ही नहीं रहा था कि वह लंबे समय बाद बल्लेबाजी कर रहे हैं। उनका बल्ला पहले की तरह ही चल रहा था।

## सात्विक-चिराग ने तीन बार के विश्व चैंपियन को हराया

### ऑल इंग्लैंड ओपन

**बर्मिंघम, एजेंसी**



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने ऑल इंग्लैंड ओपन में तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी को युगल मुकाबले में हराकर अपने अभियान शुरुआत की।

फ्रेंच ओपन 2024 के विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी ने तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया की जोड़ी को 21-18, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बगास मौलाना की जोड़ी से मुकाबला करेगी। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन ने डेनमार्क के मैग्नस जोनासेन को हराकर स्पर्धा के दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले मुकाबले में मैग्नस जोनासेन को हराया। राउंड ऑफ 16 में 22 वर्षीय खिलाड़ी का सामना प्रतियोगिता में चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। तनीषा क्रास्टो और अश्वनी पोनप्पा की भारतीय महिला युगल जोड़ी हांगकांग की येगुंग टिंग और येयुंग लैम की जोड़ी को हराकर अगले दौर में पहुंच गई है। अब प्री-क्वार्टरफाइनल में भारतीय महिला जोड़ी का मुकाबला चीन की झांग शुक्सियान और झेंग यू से होगा। एक अन्य पुरुष एकल स्पर्धा में भारत के प्रियांशु राजावत को इंडोनेशिया के चिको औरा से हार गई।

### कोरिया की एन से यंग से पीवी सिंधू हरीं

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को ऑल इंग्लैंड ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में कोरिया की एन से यंग से सीधे गेम में हार गई। सिंधू मैच के दौरान अच्छी लय में दिख रही थीं और उन्होंने शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन वह अपनी गलतियों पर अंकुश लगाने में असफल रहीं और 42 मिनट तक चले मुकाबले को 19-21, 11-21 से हार गईं। पिछले साल महिला एकल विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली कोरिया की पहली खिलाड़ी बनी यंग के खिलाफ सिंधू की यह सातवीं हार है। कोरियाई खिलाड़ी ने सत्र में मलेशिया और फ्रांस ओपन के खिताब अपने नाम किए हैं। सिंधू ने खेल के दौरान आक्रामक रूख अपनाने की कोशिश की, लेकिन यंग ने रैलियों की गति और स्मैश का इस्तेमाल कर मैच अपने नाम किया। सिंधू ने पहले गेम में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को टक्कर दी, लेकिन दूसरे गेम में वह गलती करती रही। सिंधू शुरुआती गेम में 4-1 से आगे थी। यंग ने इस समय ज्यादा प्रयास किये बिना सिंधू के गलती करने का इंतजार किया और 9-6 की बढ़त बनाई।

# बॉलीवुड हलचल

## छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान का टीजर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान का टीजर रिलीज कर दिया गया है। बच्चों का चहेता सुपरहीरो छोटा भीम टीवी के बाद अब बड़े परदे पर नजर आएगा। फिल्म का नाम छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर शेयर करते हुये लिखा, ढ़ोलकपुर को बचाने में दमयान के खिलाफ लड़ाई में भीम की गैंग को जॉइन करें। टीजर की शुरुआत वॉइस ओवर से होती है। ढ़ोलकपुर को दिखाते हुए आवाज आती है कि इस शांति और प्यार भरे ढ़ोलकरपुर राज्य पर कुछ बुरे लोगों की नजर पड़ गई है। इसके बाद ढोलकपुर की शांति तबाही में बदल जाती है। सभी का मानना है कि अब केवल एक ही जाबाज है, जो ढोलकपुर को बचा सकता है। टीजर में सभी किरदारों की एंट्री होती है। फिल्म में अनुपम खेर गुरु शंभु का किरदार निभाते नजर आएंगे। भीम गुरु शंभू और उनकी टीम की मदद से बुराई से लड़ता है। इस फिल्म में यज्ञ भसीन, अनुपम खेर, मकरंद देशपांडे, आश्रय मिश्रा और सुरभि तिवारी जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। राजीव चिलका द्वारा निर्देशित और मेघा चिलका द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान को नीरज विक्रम ने लिखा है। वहीं भरत लक्ष्मीपति के साथ श्रीनिवास चिलकलापुडी द्वारा को-प्रोड्यूस किया गया है। यह फिल्म 24 मई 2024 को रिलीज होगी।

## धूम मचा रहा है हिप-हॉप आइकन

### डिवाइन और करण औजला का गाना नथिंग लास्ट्स



**मुंबई, एजेंसी।** हिप-हॉप आइकन डिवाइन और करण औजला का गाना 'नथिंग लास्ट्स' धूम मचा रहा है। हिप-हॉप आइकन डिवाइन और करण औजला का एल्बम स्ट्रीट ड्रीम्स अपने सभी सात ट्रैकों के साथ धूम मचा रहा है, खासकर नथिंग लास्ट्स, जो ट्रेंडिंग कर रहा है। करण औजला और डिवाइन द्वारा लिखित और प्रस्तुत और यस प्रूफ और जे ट्रैक द्वारा निर्मित, नथिंग लास्ट्स जोएल डिसूजा (जेडी) द्वारा निर्देशित किया गया है। नथिंग लास्ट की शूटिंग धारावी के आफ्टर स्कूल ऑफ हिप-हॉप में धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट के सहयोग से की गई है। नथिंग लास्ट्स का आधिकारिक वीडियो करण औजला के यूट्यूब चैनल पर देखने के लिए उपलब्ध है और सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सुनने के लिए भी उपलब्ध है। करण औजला ने कहा कि नथिंग लास्ट्स एक बहुत ही खास गाना है और मेरे निजी पसंदीदा में से एक है। धारावी में बच्चों के साथ समय बिताना एक प्यारा अनुभव था, जिसमें जीवन की साधारण खुशियां भी शामिल थीं। इस गीत के माध्यम से हमने अपने जीवन की सीख को साझा किया है कि कुछ भी वास्तव में हमेशा के लिए नहीं रहता है और हमें उन क्षणों को संजोना चाहिए जो हमारे पास हैं और हम जो जीवन जीते हैं उसके लिए आभारी होना चाहिए। हमें उम्मीद है कि गाना सभी को पसंद आएगा और हमारी भावनाओं को व्यक्त करेगा। डिवाइन ने कहा कि कुछ भी नहीं टिकता अपने सार में जीवन में नश्वरता को उजागर करता है, हम इस दुनिया में कुछ भी नहीं लेकर आते हैं और कुछ भी नहीं लेकर जाते हैं। हम गाने को अब तक मिली प्रतिक्रिया देखकर बहुत खुश हैं और प्यारे बच्चों के साथ वीडियो पर हर किसी की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। हमने उनके साथ सबसे अच्छा समय बिताया। डिवाइन और करण औजला की ओर से रचित स्ट्रीट ड्रीम्स एल्बम में नथिंग लास्ट, टॉप क्लास, स्ट्रेट बैलिन, याद, तारीफां, हिसाब और 100 मिलियन शामिल है।

### अक्षरा का गाना फलनवा के बेटा की धूम



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का होली स्पेशल गाना फलनवा के बेटा रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह का होली गीत फलनवा के बेटा, उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और अपनों के साथ होली खेलने का मजा ही कुछ और होता है। ऐसे में जब अपने ही होली में ना आए तो एक शिकायत सी होती है जो इस गाने की थीम है। मैंने उसे अपने गाने में पिरोया है और आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। उम्मीद करती हूं कि आप इस गाने को सुपर डुपर हिट बनाएंगे।

### खुशी और माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' रिलीज हो गया है। होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत को खुशी कक्कर ने गाया है और माही श्रीवास्तव ने इस गाने में अभिनय किया है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि होली आने बस अब कुछ भी समय बाकी रह गया है और होली की धूम अभी से दिखने लगी है। मैं अपने होली गीतों में होली से पहले ही होली का पूरा मजा उठा रही हूँ। मेरे गाने दर्शकों को पसंद आए इसलिए मैं जी तोड़ मेहनत कर रही हूं। मेरे सभी गानों की तरह इस गाने को भी अपना आशीर्वाद दे। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, जबकि विकाश यादव ने संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर विकाश बेदर्दी, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# प्रत्याशियों को गांव में नहीं घुसने देंगे

- महापंचायत में किसानों का फैसला 23 को लोकतंत्र बचाओ दिवस के तहत देशभर में प्रदर्शन की घोषणा

नई दिल्ली, ब्यूरो



रामलीला मैदान में आयोजित किसान महापंचायत से एनएचव-24 पर फंसे वाहन।

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में आयोजित किसान मजदूर महापंचायत में फैसला हुआ है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं को गांवों में नहीं घुसने दिया जाएगा और 23 मार्च को लोकतंत्र बचाओ दिवस के तहत किसान और खेतिहर मजदूर देशव्यापी धरना प्रदर्शन करेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले करीब चार सौ किसान और खेतिहर मजदूर संगठनों के हजारों लोगों ने रामलीला मैदान में शांतिपूर्वक महापंचायत का आयोजन किया। जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य व कर्ज माफी की मांग को लेकर अगली रणनीति का ऐलान किया गया। महापंचायत में प्रस्ताव पारित हुआ है कि यदि सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य व कर्ज माफी का ऐलान नहीं किया तो 23 मार्च को किसान व ग्रामीण मजदूर “लोकतंत्र बचाओ दिवस” मनाएंगे और देश भर में धरना प्रदर्शन करेंगे। बता दें, महापंचायत में हिस्सा लेने के लिए किसानों एवं मजदूरों ने बुधवार से ही रामलीला मैदान में आना शुरू कर दिया था। किसान संगठन के नेताओं ने चेतावनी दी है कि केंद्र सरकार ने किसानों को दिल्ली में नहीं घुसने दिया है जिसका जवाब वे आगामी लोकसभा चुनाव में देंगे और किसी भी भाजपा नेता या प्रत्याशी को गांवों में घुसने नहीं देंगे। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने किसानों एवं ग्रामीण मजदूर की दुर्दशा के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि केंद्र सरकार पूंजीपतियों एवं उद्योगपतियों को तरह-तरह से फायदा पहुंचा रही है और किसानों की जायज मांगों को ठुकरा रही है। पंचायत में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेघा पाटेकर थीं।

## भारत-अमेरिका के बीच मजबूत हुए रक्षा संबंध : पेंटागन

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय रूप से सुधार देखने को मिल रहा है। पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कही गई ये बात दर्शाती है कि अमेरिका और भारत के बीच रक्षा संबंध बेहद मजबूत हो रहे हैं।

पेंटागन के एक अधिकारी का कहना है कि अब भारत और अमेरिका के बीच प्रमुख मुद्दों पर मतभेदों के बजाय सुधार देखने को मिल रहे हैं। हाल ही में सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा एक गोलमेज सम्मेलन कराया गया था। इस सम्मेलन में रक्षा विभाग के सचिव (नीति) के कार्यालय, दक्षिण एशिया के निदेशक सिद्धार्थ अय्यर ने कहा कि 'पिछले 12 महीनों में भारत अमेरिका के रक्षा संबंधों में बेहद तेजी से प्रगति हुई है। अय्यर ने कहा रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय गति देखने को मिली।

# सरकार ने ब्लॉक किए 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म

*नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अश्लील और असभ्य कंटेंट पब्लिश करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि इन प्लेटफॉर्मस को पहले कई बार चेतावनी दी गई थी। इसके साथ ही सरकार ने 19 वेबसाइट, 10 एप और 57 सोशल मीडिया हैंडल भी ब्लॉक किए हैं।*

### क्यों किया गया बैन

मंत्रालय की ओर से से जारी किए बयान के मुताबिक, ब्लॉक किए गए ओटीटी प्लेटफॉर्म को लेकर बताया गया है कि ये अश्लील, अभद्र और महिलाओं को लेकर अपमानजक कंटेंट प्रसारित करते थे। इन प्लेटफॉर्म पर आईटी एक्ट की धारा 67 और 67ए, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 के तहत कार्रवाई करते हुए बैन लगाया गया है।



### 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड, 32 लाख से ज्यादा फालोअर्स

सरकार ने बताया कि 18 ओटीटी एप में से एक एप को 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड मिल चुके हैं। हालांकि इसका नाम नहीं बताया गया। दो अन्य एप को गूगल प्ले स्टोर पर 50 लाख से ज्यादा डाउनलोड मिले हैं। इसके अलावा इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने दर्शकों को अपनी वेबसाइट्स और ऐप्स की तरफ अट्रैक्ट करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का भी यूज किया। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कुल मिलाकर 32 लाख से अधिक यूजर्स हैं।

### सरकार ने किस पर लगाया बैन

सरकार ने 12 फेसबुक अकाउंट, 17 इंस्टाग्राम अकाउंट, 16एक्स अकाउंट और 12 यूट्यूब अकाउंट को भी बैन किया है, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

### कई शिकायतें मिलने के बाद कार्रवाई

इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखाए जा रहे कंटेंट को लेकर कई शिकायतें मिली थीं। इनकी शिकायत करने वालों में कई सांसद/विधायक, इंटेलेक्चुअल्स और समाज सेवी शामिल हैं।

### क्या हैं निगरानी के नियम

सरकार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के कंटेंट की निगरानी मीडिया एथिक्स कोड रूल्स, 2021 के जरिए करती है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को अपने कंटेंट का क्लासिफिकेशन, एज रेटिंग और सेल्फ रेगुलेशन का खुद पालन करना होता है।

## एक नजर

### भारत-ब्राजील ने मंत्रिस्तरीय पहली 'टू प्लस टू' वार्ता की

**नई दिल्ली।** भारत और ब्राजील ने गुरुवार को रक्षा और विदेश मंत्रिस्तरीय पहली 'टू प्लस टू' वार्ता की। बैठक में ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि बातचीत में सहयोग के विभिन्न अहम क्षेत्रों पर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा-अंतरिक्ष, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, तकनीक, आतंकवाद से मुकाबला और क्षेत्रीय, बहुपक्षीय एवं परस्पर हित से जुड़े अन्य मुद्दों पर सहयोग बढ़ेगा। बता दें, बैठक दिल्ली में हुई है। इसकी सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव जी वी श्रीनिवास और रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव विश्वेश नेगी ने की।

### देश के आखिरी गांव के लोग वांगचुक के समर्थन में उतरे

**फोब्रांग (लद्दाख)।** लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ रही है। उनकी मांगों के समर्थन में भारत-चीन सीमा पर बसे देश के आखिरी गांव फोब्रांग के लोग भी उतर आए हैं। इन लोगों ने बॉर्डर से 16 किमी पहले मार्टसे टॉप के पास माइनस 20 डिग्री तापमान में प्रदर्शन किया।



### रमजान में ड्यूटी के दौरान पायलट नहीं रखेंगे रोजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय विमानन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन (पीआईए) ने रमजान माह के मद्देनजर नया आदेश जारी किया है। पीआईए ने ड्यूटी के दौरान चालकों के रोजा रखने पर रोक लगा दी है। आदेश में चिकित्सा परामर्श का हवाला देते हुए कहा गया कि रोजा रखने से डिहाइड्रेशन हो सकता है। इसके साथ ही व्यक्ति को आलस्य और नींद आ सकती है। पीआईए के अधिकारी ने बताया कि कॉर्पोरेट सेफ्टी मैनेजमेंट और एयर क्रू मेडिकल सेंटर दोनों ने सिफारिश की है कि विमान चालकों और चालक दल के सदस्यों को रोजा नहीं रखना चाहिए।

### अमेरिका में अवैध प्रवेश पर तीन भारतीय समेत चार गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन भारतीयों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें, बफेलो शहर में अंतर्राष्ट्रीय रेलमार्ग द्वारा अवैध प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बातया है कि, महिला समेत चारों को अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) की हिरासत में हैं। चारों निर्वासन की सुनवाई होने तक बंद रहेंगे।

# भारत और एशिया तक पहुंच बढ़ाने को रूस बना रहा 'मॉस्को कॉरिडोर'

## युद्ध के चलते यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों के बाद लिया फैसला, 2028 तक होगा पूरा

मॉस्को, एजेंसी

यूक्रेन युद्ध के पहले रूस व्यापार के लिए यूरोप पर ही निर्भर था लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों को मात देने के लिए रूस नए तरीके खोज रहा है। इसी क्रम में रूस ने भारत, चीन और मिडल ईस्ट के देशों के साथ संबंध मजबूत कर दिए हैं। रूस अपनी पहुंच भारत और एशिया तक बढ़ाने के लिए मॉस्को से मुंबई तक मल्टी मोड ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर बना रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक प्रतिबंधों के बीच में रूस ने अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) प्रोजेक्ट में तेजी दिखाई है। रूस ने अब 160 किमी लंबे रेल मार्ग के लिए ईरान को 12 हजार करोड़ रुपये का फंड जारी किया है। ईरान के रास्त शहर को अस्तारा से जोड़ने वाले इस रेल मार्ग का काम शुरू हो गया है। अजरबैजान में रेलवे ट्रैक और यार्ड काम इस साल पूरा हो जाएगा। पूरे कॉरिडोर का काम 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है।

### समुद्र, रेल और सड़क मार्ग के जरिए जुड़ेंगे भारत, ईरान और रूस



आईएनएसटीसी की कुल लंबाई 7,200 किमी है। इस कॉरिडोर में भारत और रूस के अलावा ईरान, अजरबैजान भी सदस्य हैं। समुद्र, रेल और हाइवे के इस मल्टी मोड कॉरिडोर का मुख्य उद्देश्य लागत कम करना और समय बचाना है। नए रूट से माल भेजने का समय पारंपरिक स्वेज रूट के 45 दिनों से घटकर सिर्फ 10 दिन रह जाएगा, जो कि स्वेज नहर से मुकाबला करेगा। स्वेज मार्ग से मुंबई से मॉस्को की दूरी 14 हजार किमी थी, इसे तय करने में 45 दिन से ज्यादा का समय लगता था। जहां अभी हूती विद्रोहियों का खतरा है।



### रूस- भारत का व्यापार चार गुना बढ़ा

भारत के साथ 2023 में रूस का व्यापार 5 .37 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 2021 की तुलना में 4 गुना है। वहीं, 2023 में रूस-चीन का व्यापार भी 61 फीसदी बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इस कॉरिडोर के बनने से रूस को तुर्किये से भी व्यापार संबंध बढ़ने की उम्मीद है।

### रूस को भारत-ईरान से मदद मिल रही

इस प्रोजेक्ट को लेकर अजरबैजान का कहना है कि रूस ने यूरोप की जगह नए विकल्प खोज लिए हैं। रूस भारत से मशीनरी मिल रही है। ईरान से हथियार, तुर्की और मिडल ईस्ट से रूस को आवश्यक चीजें आसानी से मिल रही है, जो लड़ाई के समय जरूरी हैं। आपको बताते कि पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारत ने ईरान में एक बंदरगाह का निर्माण कराया है। भारत, तेहरान के कई प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रहा है। इसी तरह रूस भी ईरान को हर तरह से सहयोग कर रहा है।

## पाकिस्तानः नवाज के बेटों को राहत, स्थायी गिरफ्तारी वारंट रद



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के परिवार को बड़ी राहत देते हुए एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने गुरुवार को पनामा पेपर्स घोटाले से जुड़े मामलों में नवाज शरीफ के बेटों की गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि 2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में पाकिस्तान छोड़ दिया था।

बता दें कि पनामा पेपर्स से जुड़े भ्रष्टाचार के तीन मामलों में आरोप लगाए गए थे लेकिन वे कभी भी अदालत के सामने पेश नहीं हुए, जिसने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया। इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत द्वारा सात मार्च को दोनों के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट को गुरुवार तक निलंबित करने के बाद दोनों भाई पाकिस्तान लौट आए। हसन और हुसैन इस्लामाबाद स्थित अदालत में पेश हुए, जिसने दलीलें सुनने के बाद भ्रष्टाचार मामलों में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। अदालत ने 50 हजार के मुचलके पर उनकी जमानत भी मंजूरी दी।

# चुनाव धांधली के आरोपों पर सुनवाई करेगा अमेरिका

- इमरान की पार्टी ने लगाए हैं आरोप 20 मार्च को सुनवाई करेगी अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के मुद्दे पर सुनवाई करेगी। पाकिस्तान चुनाव में धांधली होने के आरोप लगे हैं और पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी ने ये गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपों पर अमेरिकी कांग्रेस की समिति 20 मार्च को सुनवाई करेगी। इस सुनवाई का शीर्षक 'चुनाव के बाद का पाकिस्तानः पाकिस्तान में लोकतंत्र के भविष्य की चर्चा होगा।

अमेरिका के विदेश विभाग की मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और मध्य एशिया मामलों की उप-समिति पाकिस्तान चुनाव के मसले पर बैठक करेगी। समिति के सामने दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के सचिव डोनाल्ड की गवाही भी होगी। गौरतलब है कि पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार के दौरान गुप्त जानकारी सार्वजनिक करने के मामले में डोनाल्ड लू की संलिप्तता की बात सामने आई थी। ऐसे में अब अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने डोनाल्ड लू की गवाही बेहद अहम मानी जा रही है।

### आरक्षित सीटों पर एसआईसी की याचिका खारिज

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को बड़ा झटका देते हुए पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने गुरुवार को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल(एसआईसी) द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने चार मार्च को सीट कोटा के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, साथ ही इसे नियमों का उल्लंघन बताया। बुधवार को पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी और ईसीपी के वकीलों ने अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं। एजीपी अवान ने कहा था कि एक राजनीतिक दल को आरक्षित सीटें तभी मिल सकती हैं।

### बर्फ से ढकी ऊंची चोटियां...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते गुरुवार को पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई। इससे 280 सड़कें ठप हो गई। चंबा, लाहौल स्पीति और किन्नौर, कल्लू की भी ऊंची चोटियां पर ढाई फीट तक बर्फबारी हुई। शिमला और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। • एजेंसी

## संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रतिनिधि सभा 15 मार्च से 17 मार्च तक नागपुर में होने जा रही है। यह सभी ऐसे वक्त हो रही है, जब संघ अगले साल विजयादशमी को स्थापना के 100 साल पूरे करेगा।

बैठक में राम मंदिर पर भी प्रस्ताव पारित होने की उम्मीद है। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में 1529 शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। साथ ही संघ से जुड़े 36 संगठनों के अध्यक्ष, महासचिव समेत प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। सभा में कई अहम मुद्दो पर चर्चा होगी।

# अग्रिम जमानत अर्जी लंबित तो भी जारी हो सकता है कुर्की का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, अग्रिम जमानत के मामलों में तथ्यों के आधार पर कोर्ट के विवेक पर छोड़ना चाहिए

अग्रिम जमानत याचिका को खारिज किए जाने से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत याचिका का लंबित रहना ट्रायल कोर्ट (निचली अदालत) को उद्घोषणा नोटिस जारी करने से नहीं रोकता है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि इतना ही नहीं, ट्रॉयल कोर्ट इस अवधि में किसी फरार आरोपी की संपत्तियों की कुर्की का आदेश भी दे सकती है। इस दौरान पीठ ने कहा कि भले ही अग्रिम जमानत देने की शक्ति एक असाधारण शक्ति है, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि अग्रिम जमानत एक नियम है। भले ही कई मामलों में यह माना गया है कि जमानत एक नियम है। पीठ ने यह भी कहा कि अग्रिम जमानत देने का सवाल प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर अदालत के सतर्क और विवेकपूर्ण विवेक पर छोड़ दिया जाना चाहिए। इस शक्ति का इस्तेमाल करते समय संबंधित अदालत को बहुत सतर्क रहना होगा, क्योंकि गंभीर मामलों में अभियुक्तों को अंतरिम सुरक्षा या संरक्षण देने से न्याय में बाधा आ सकती है। इतना ही नहीं, इससे मामले की जांच में भी काफी हद तक समस्या पैदा हो सकती है। क्योंकि इससे सबूतों के साथ छेड़छाड़ या भटकाव हो सकता है। पटना हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील पर जस्टिस सीटी कुमार और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इसमें हाईकोर्ट ने विभिन्न प्रावधानों के तहत अपराधों के लिए दर्ज प्राथमिकी के संबंध में अपीलकर्ताओं की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था।

## महाराष्ट्र : अहमदनगर का नाम अहिल्या नगर और नाम भी बदलेंगे

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले महाराष्ट्र सरकार की आखिरी कैबिनेट बैठक में अहमदनगर शहर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अहमदनगर ननि ने 15 दिन पहले यह प्रस्ताव सरकार को भेजा था।

दरअसल, अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में ही देवी अहिल्या बाई का जन्म हुआ था। इसके साथ ही मुंबई के 8 रेलवे स्टेशनों के ब्रिटिश नाम भी बदले जाएंगे। करी रोड स्टेशन का नाम लालबाग, सैंडहर्स्ट रोड का नाम डोंगरी, मरीन लाइन्स का नाम मुंबादेवी, चर्नी रोड का नाम गिरगांव, कॉटन ग्रीन का नाम कालाचौकी स्टेशन, डॉकयार्ड का नाम मझगांव, किंग्स सर्कल का नाम तीर्थंकर पार्श्वनाथ करने को मंजूरी दी गई।

# चरमपंथी गतिविधियों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध ब्रिटेन: सुनक

लंदन, एजेंसी

- नए उपायों से असहिष्णुता, घृणा या हिंसा पर आधारित विचारधारा वाले लोगों पर लगेगी लगाम



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश करने वाली चरमपंथी गतिविधियों से निपटने के हमारे पास उपाय होने के लिए प्रतिबद्ध है।

हाउस आफ कामंस में 'प्रधानमंत्री के सवालों' के जवाब में सुनक ने गुरुवार को संसद में पेश की जाने वाली चरमपंथ की एक नई परिभाषा की रिपोर्टों का हवाला दिया और जोर दिया कि नई रणनीति स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रभावित नहीं करेगी। नए उपायों से उन समूहों या लोगों पर प्रतिबंध लगाने की उम्मीद है जो असहिष्णुता, घृणा या हिंसा पर आधारित विचारधारा को बढ़ावा देते हैं और स्पष्ट रूप से निर्धारित करते हैं कि ब्रिटिश सरकार किन समूहों और व्यक्तियों को समर्थन या फंड दे सकती है। सुनक ने कहा कि वास्तव में चरमपंथी गतिविधियों में वृद्धि हुई है जो हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर काबू करने की कोशिश कर रही है। यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पास इस खतरे से निपटने के लिए उपकरण हों। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल निजी और शांतिपूर्ण मत रखने वालों को चुप कराने के बारे में नहीं है।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने कहा- दुर्लभ खगोलीय घटना के बाद एक नए तारे का जन्म होगा

# नग्न आंखों से दिखेगी नोवा विस्फोट की घटना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** यह वर्ष एक खगोलीय घटना को लेकर बेहद खास रहने वाला है। इस घटना में एक दुर्लभ नोवा विस्फोट होने जा रहा है। इस घटना के साथ ही एक नवजात तारा जन्म लेगा। इस घटना को नग्न आंखों से देखा जा सकता है।



लाल तारे की परिक्रमा करते बौना तारे की तस्वीर।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस वर्ष नग्न आंखों से दिखाई देने वाला एक नोवा विस्फोट रात के आकाश को जगमगाने लगेगा। तारे के जन्म को लेकर यह दुर्लभ खगोलीय घटना है। जिसके हम सब गवाह बनेंगे। यह घटना टी कोरोनाए बोरेलिस (टी सीआरबी) नामक तारा मंडल में घटने वाली है। यह घटना दूर आसमान में पृथ्वी से लगभग 3000 प्रकाश वर्ष दूर है। यह घटना एक लाल विशाल तारा और एक सफेद बौना तारे में हो रही है।

दोनों एक दूसरे की परिक्रमा करते हैं। वैज्ञानिक इसे नोवा विस्फोट कहते हैं। जिसमें सफ़ेद बौना अपने लाल विशाल साथी से पर्याप्त मात्रा में तारकीय सामग्री चुराता है और अपनी सतह पर परमाणु संलयन की एक संक्षिप्त चमक को प्रज्वलित करता है। जिससे यह समझा जा सकता है कि एक नया तारा जन्म लेने जा रहा है। नासा के अधिकारियों का इस घटना को लेकर कहना है कि इस घटना में एक बड़ा विस्फोट सितंबर के बीच होने की उम्मीद है, जो आकाश में उत्तरी तारे (नार्थ स्टार) के समान चमकीला दिखाई देगा और लुप्त होने से एक सप्ताह तक इसकी चमक दिखाई देगी। इस तरह की घटना जीवन में एक बार देखने को मिलती है, क्योंकि नोवा विस्फोट लगभग 80 साल में होता है।

### 1946 में देखा गया था नोवा विस्फोट

नासा के अनुसार आखिरी बार 1946 में नोवा विस्फोट हुआ था। जिसे आवर्ती नोवा विस्फोट के नाम से जाना जाता है। हमारी मिल्की के भीतर ज्ञात पांचवा विस्फोट था। इस वर्ष होने जा रहे विस्फोट का आनंद दूरबीन से भी लिया जा सकता है, जो बूट्स और हरक्यूलिस नक्षत्रों के बीच देखी जा सकेगी।

# अमेरिकी धरती से बढ़ रहीं भारत के विरुद्ध आतंकी गतिविधियां

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतवंशियों ने एफबीआई व न्याय विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में लगाए आरोप

अमेरिका में सिलिकॉन वैली के प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों के समूह ने न्याय विभाग, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। इस मुलाकात में भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए अमेरिका की धरती इस्तेमाल हो रही है।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सिलिकॉन वैली में मुलाकात करने वाले भारतीयों के समूह में समुदाय के कई प्रमुख लोग शामिल रहे। इन लोगों ने अमेरिका में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ बढ़ रहे घृणा अपराध के मामलों पर चिंता जाहिर की और कार्रवाई की मांग की। हिंदू और जैन समुदाय के मंदिरों पर हुए हमले भारतीय दल का नेतृत्व समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने किया। बैठक में अमेरिका में हिंदू और जैन मंदिरों पर हुए हमलों का मुद्दा उठाया गया, साथ ही इस बात से नाराजगी जाहिर की गई कि कानूनी एजेंसियां आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं।

भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि कानूनी एजेंसियां अमेरिका में बैठकर भारत में आतंकवाद फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। इस बैठक में न्याय विभाग के कई अधिकारियों के साथ ही एफबीआई के अधिकारी और सैन फ्रांसिस्को, मिलपितास, फ्रेमॉन्ट और नेवार्क पुलिस के अधिकारी भी शामिल हुए।